डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 31.08.2020 से 06.09.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-35 ▶ मूल्य ₹10.00

संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार – मुख्यमंत्री

सोयाबीन फसल में हुए नुकसान की भरपाई फसल बीमा एवं राहत राशि को मिलाकर की जायेगी

"मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान देवास जिले की खातेगांव तहसील में सोयाबीन फसल में हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सोयाबीन फसल में हुए नुकसान की भरपाई की जायेगी। फसल बीमा एवं राहत राशि मिलाकर किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले मुझे अवगत कराया गया कि खातेगांव में सोयाबीन की फसल खराब हो रही है, ऐसी स्थिति में मैंने तय किया कि संकट की इस घड़ी में किसानों के बीच जाऊंगा।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान देवास जिले में सोयाबीन फसल में हुये नुकसान का जायजा लेते हुये।

देवास, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह समय संकट का है। कोरोना की महामारी के कारण अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। एक बड़ी राशि कोरोना मरीजों के इलाज में खर्च की जा रही है। ऐसे समय में भी प्रदेश सरकार किसानों को फसल नुकसान का पर्याप्त मुआवजा देगी। श्री चौहान ने बताया कि फसल बीमा योजना में पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। जिला प्रशासन को निर्देश दिये की अंतिम तिथि से पूर्व ऋणी एवं अऋणी सभी प्रकार के किसानों का बीमा प्राथमिकता से करायें।

किसानों के खातों में जमा करायी बीमा राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 सौ करोड़ रुपये की फसल बीमा की राशि किसानों के खाते में डाली गई है। साथ ही 6 सितम्बर तक 19 लाख किसानों के खातों में 4 हजार 500 करोड़ रुपये की राशि डाली जायेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कर्ज लेकर भी सरकार यह कार्य करेगी।

मध्यप्रदेश में सभी गरीबों को मिलेगा राशन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिये लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिन पात्र गरीबों को पात्रता पर्ची नहीं होने के कारण राशन नहीं मिल रहा था, उन लोगों को भी अब राशन मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खातेगांव तहसील में भ्रमण के दौरान किसानों से कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के हित में फैसला लेते हुये फसल बीमा योजना में पंजीकरण कराने की समय सीमा में वृद्धि की है। अब योजना के तहत पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई गई है।

श्री चौहान ने कहा कि वे जनता के मुख्यमंत्री हैं संकट की इस घड़ी में किसानों को दुखी नहीं देख सकते हैं। इसलिए पुराने मनमाने बिजली बिल स्थगित कर दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अब प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जाकर किसानों की समस्याओं से अवगत होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की हर समस्या का समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर खातेगांव के विधायक श्री आशीष शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खातेगांव में किसानों की सोयाबीन फसल पर कीट का हमला हुआ है। (शेष पृष्ठ 18 पर)

मध्यप्रदेश

घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की बकाया राशि स्थगित

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर प्रवास के दौरान घोषणा की कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत निम्न आय वर्ग वाले सभी एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के देयकों की 31 अगस्त तक की बकाया राशि को स्थगित किया गया है। प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या एक करोड़ 18 लाख है, जिसमें से एक किलोवॉट वाले घरेलू कनेक्शनों की संख्या एक करोड़ 8 लाख को इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के फलस्वरूप ऊर्जा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों के प्रबंध संचालकों को निर्देशित किया है कि एक किलोवॉट तक के संयोजित भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को आगामी सितम्बर एवं अक्टूबर, 2020 में मात्र उनकी वर्तमान मासिक खपत के आधार पर विद्युत देयक जारी किये जायें। (शेष पृष्ठ 18 पर)

होम आइसोलेशन के लिए जारी करें गाइडलाइन

भोपाल, मध्यप्रदेश के हर जिले में कोरोना के इलाज की चिन्हित शासकीय अस्पतालों में अच्छी व्यवस्था की गई है। साथ ही कुछ निजी चिकित्सालयों को भी अनुबंधित किया गया है, जहां कोरोना के इलाज की निःशुल्क व्यवस्था है। बिना लक्षण वाले ऐसे मरीज, जिनके घर में व्यवस्था है, उन्हें 'होम आइसोलेशन' में भी रखा जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान कहीं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि 'होम आइसोलेशन' के लिए गाइडलाइन जारी की जाए, जिससे घर पर भी मरीज का अच्छा इलाज एवं पूरी देखभाल हो सके।

खास ख़बर

यूरिया की कालाबाजारी और मिलावट नहीं होगी बर्दाश्त

भोपाल, यूरिया और खाद्य सामग्री की कालाबाजारी तथा मिलावट को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमें प्रदेश में ऐसी व्यवस्था स्थापित करनी है जिससे कालाबाजारी और मिलावट की गतिविधियां शून्य की स्थिति में हों। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आयोजित एक बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और राशन उपभोक्ताओं के लिये संचालित योजनाओं में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अद्तन तकनीक का उपयोग सुनिश्चित किया जाये।

अंदर के पृष्ठों पर

- हमारा घर हमारा विद्यालय के अंतर्गत शुरू हुआ 'खूब पढ़ो अभियान'
- छात्रावासों को सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के रूप में किया जाये विकसित
- सनगठा सिंचाई परियोजना के लिये 145.45 करोड़ रुपये स्वीकृत

मेट्रो रेल कार्य को मिलेगी गति

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी अब होगी मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में संपन्न मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में 'मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड' का नाम अब 'मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड' में परिवर्तित किए जाने के प्रस्ताव को विधिवत स्वीकृति प्रदान की गई। कंपनी को बोर्ड बनाये जाने के संबंध में भारत सरकार, मध्यप्रदेश सरकार एवं मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड के बीच 19 अगस्त 2019 को त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. साइन किया गया था।

नए बोर्ड में 5 डायरेक्टर होंगे

एम.डी. श्री नीतेश व्यास ने बताया कि त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रोजेक्ट में बराबर भागीदारी के लिए बनाए जा रहे नए बोर्ड में भारत सरकार के 5 संचालक तथा मध्यप्रदेश सरकार के 5 संचालक (प्रबंध संचालक सहित) शामिल होंगे। मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय विकास आयुक्त इसके प्रबंध संचालक होंगे तथा प्रमुख सचिव वित्त, राजस्व, लोक निर्माण विभाग तथा नगरीय विकास विभाग इसके संचालक होंगे।

मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित करने की कार्रवाई

मेट्रो रेल के निर्माण के लिये भारत सरकार के मेट्रो रेल अधिनियमों के अंतर्गत मेट्रो निर्माण क्षेत्र को मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में बैठक में इंदौर एवं भोपाल मेट्रो क्षेत्रों को 'मेट्रोपोलिटन क्षेत्र' घोषित किये जाने संबंधी कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया।

- 12 जनवरी 2017 को मध्यप्रदेश सरकार की स्वीकृति उपरांत भोपाल-इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का कार्य मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रारंभ कर दिया गया।
- भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट को 11 सितम्बर 2018 को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) तथा 3 अक्टूबर 2018 को केन्द्रीय कैबिनेट की स्वीकृति मिली।

पर्यटन और हस्तशिल्प की पहचान को स्थापित करेंगी नई सड़कें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय मंत्रियों के साथ सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम-उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश की अनेक सड़कों के लोकार्पण के साथ ही नए कार्यों के लिए आधारशिला रखी। वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से कुल 11 हजार 427 करोड़ रुपये की लागत से 1361 किलोमीटर लम्बाई की 45 सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण संपन्न हुए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय स्थित कक्ष से इसमें हिस्सा लिया, जबकि वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्र सरकार और प्रदेश के कई मंत्री, सांसद और विधायक भी अलग-अलग स्थानों से इसमें सम्मिलित हुये।

श्री गडकरी ने नई सड़कों के निर्मित होने और अनेक सड़कों का कार्य चालू होने के लिये प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश समृद्ध बनेगा।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए ये दिन प्रगति का नया अध्याय जोड़ने का दिन है। श्री गडकरी की कार्यों को तत्परता से पूरा करने की शैली और वित्तीय प्रबंधन के गुण का कोई जवाब नहीं है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश से साकार किया जा रहा है। (शेष पृष्ठ 18 पर)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

22 अगस्त

एनटीए ने नीट परीक्षा के लिए जारी की गाइडलाइन

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट परीक्षा आयोजित करने से पहले एक

विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन में सुरक्षा और सोशल डिस्टेंसिंग के मानदंडों के पालन करने के तरीकों के बारे में बताया गया है। गाइडलाइन के अनुसार विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर भीड़ से बचने के लिए रिपोर्टिंग के एक निश्चित टाइम स्लॉट दिए जाएंगे। सभी स्टॉफ सदस्यों और परीक्षार्थियों का प्रवेश द्वार पर टेम्प्रेचर चेक किया जाएगा। अगर किसी स्टॉफ या परीक्षार्थी में कोरोना के लक्षण दिखते हैं, तो उसे आइसोलेशन रूम में रखा जाएगा। परीक्षार्थियों को मास्क तथा दस्ताने पहनना जरूरी होगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ सैनिटाइजर तथा पानी की बोतल स्वयं लाना होगा।

● फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजराइल पर 12 रॉकेट हमले किए। इजराइली सेना ने इन रॉकेट हमलों को विफल कर दिया और जवाबी कार्रवाई की। इजराइली सेना ने जानकारी दी कि सेना ने जवाबी कार्रवाई में हमास के ठिकानों पर तीन हवाई हमले किए। उल्लेखनीय है कि गाजा सीमा के पास हमास और इजराइल की पिछले कुछ समय में झड़प हो रही है। हमास ने इजराइल में इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया है। इजराइल ने गाजा के एकमात्र व्यवसायिक मार्ग को बंद कर दिया है, जिससे वहां का बिजली संयंत्र बंद हो गया है। हमास चाहता है कि गाजा पर लगाए गए प्रतिबंध हटाए जाएं।

● अमेरिका में कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग भीषण होती जा रही है। यह आग दस लाख एकड़ तक फैल चुकी है। आग की वजह से हजारों घरों को नुकसान पहुंचा है। मौसम बदलने के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिससे दमकल कर्मियों को आग पर काबू करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। आग के कारण कैलिफोर्निया का सबसे पुराना पार्क बिग बेसिन रेडवुड्स बर्बाद हो चुका है। कैलिफोर्निया के अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि राज्य में बिजली गिरने की कई घटनाएं हुई, जिससे जंगलों में आग लगी है।

23 अगस्त

छह परीक्षाओं की नई तारीखें एनटीए ने कीं घोषित

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने छह अहम राष्ट्रीय परीक्षाओं की नई तारीखों की घोषणा की है। इनमें दिल्ली विश्व-विद्यालय प्रवेश परीक्षा, यूजीसी नेट जून 2020, इग्नू ओपन मैट एवं पीएचडी सहित अन्य प्रवेश परीक्षा शामिल हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय की

NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment

प्रवेश परीक्षा 6 से 11 सितंबर तक आयोजित होंगी, वहीं आईसीएआर एआईईईए प्रवेश परीक्षा 7 और 8 सितंबर को आयोजित होगी। इग्नू की ओपन मैट एमबीए प्रवेश परीक्षा 15 सितंबर को आयोजित होगी। यूजीसी नेट जून 2020 परीक्षा 16 से 18 सितंबर तथा 21 से 25 सितंबर तक आयोजित होगी। इसके अलावा आयुष पीजी प्रवेश परीक्षा 28 सितंबर को आयोजित होगी। एनटीए इग्नू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 4 अक्टूबर को आयोजित करेगी। एनटीए ने कहा कि इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र प्रत्येक परीक्षा के शुरू होने से 15 दिन पहले जारी किए जाएंगे।

● अमेरिका के वैज्ञानिकों ने कोरोना की ऐसी वैक्सीन विकसित की है, जिसकी डोज नाक के जरिए दी जा सकती है। इस वैक्सीन की डोज चूहों में संक्रमण को रोकने में प्रभावी रही है। अमेरिका के वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिकों का दावा है कि यह वैक्सीन कोरोना संक्रमण से बचा सकती है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा होता है, जिससे कोरोना वायरस के प्रसार पर अंकुश लग सकता है। ये वैक्सीन नाक और श्वसन तंत्र में काफी प्रभावी है। हालांकि यह वैक्सीन अभी विकसित होने की प्रक्रिया में है।

● दक्षिण सूडान के जुवा शहर में एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हादसे में लगभग 17 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार जुबा एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान क्रैश होकर झाड़ियों में जा गिरा। विमान में करीब 18 यात्री सवार थे।

24 अगस्त

आधार के साथ तीन दिन में हो जाएगा जीएसटी रजिस्ट्रेशन

● नया बिजनेस शुरू करने वालों के लिए सरकार ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

आसान की है। अब आधार नंबर के साथ आवेदन करने पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन केवल 3 दिनों में हो जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा कि नए बिजनेस को आधार के माध्यम से जीएसटी रजिस्ट्रेशन देने की शुरुआत कर दी गई है। रजिस्ट्रेशन के लिए व्यापारी को 12 अंकों का आधार नंबर बताना होगा, इसके बाद व 3 दिनों में जीएसटी नंबर जारी हो जाएगा। सरकार के अनुसार नई व्यवस्था से अपना व्यवसाय शुरू करने वालों को राहत मिलेगी साथ ही फर्जी कंपनियों पर भी लगाम लगेगी।

● आरोग्य सेतु एप में एक नया फीचर जोड़ा गया है। इस फीचर का नाम ओपन एपीआई सर्विस है। इस फीचर के जरिए संगठनों को अपने कर्मचारियों और अन्य प्रयोगकर्ताओं के स्वास्थ्य की जानकारी बिना उनकी निजता का उल्लंघन किए मिल सकेगी। नए फीचर से लोगों और कंपनियों के बीच कोरोना का भय और जोखिम कम होगा। इस सेवा का लाभ देश में पंजीकृत ऐसे संगठन और कंपनियां ले सकेंगी, जिनके कर्मचारियों की संख्या 50 से ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि अरोग्य सेतु के उपयोगकर्ताओं की संख्या 15 करोड़ के पार हो गई है।

● बेलारूस में 9 अगस्त को चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको के इस्तीफे की मांग को लेकर व्यापक प्रदर्शन कर रहे हैं। बेलारूस की राजधानी में हुए प्रदर्शन में एक लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए सेना को तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि पुलिस लोगों को गिरफ्तार कर प्रताड़ित कर रही है।

25 अगस्त

यातायात दस्तावेजों की वैधता 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई

● केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने यातायात से जुड़े तमाम

दस्तावेजों की समय सीमा 31 दिसंबर 2020 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने इस संबंध में एक एडवाइजरी जारी कर मोटर वाहन अधिनियम 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के तहत यातायात से जुड़े दस्तावेज की समय सीमा बढ़ाई है। मंत्रालय ने कहा कि जिस भी दस्तावेज की वैधता 1 फरवरी से 31 दिसंबर 2020 के बीच खत्म हो रही है, वह 31 दिसंबर 2020 तक बढ़ाई गई है। एडवाइजरी में कहा गया कि कोरोना महामारी के संक्रमण के कारण वर्तमान हालात को देखते हुए यह समय सीमा बढ़ाई गई है। मंत्रालय ने पहले भी हर तरह के परमिट, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और फिटनेस जैसे यातायात संबंधी दस्तावेजों की वैधता को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया था।

● थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स के 51 स्पेशल एक्शन ग्रुप को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय योगदान के लिए सीओएएस यूनिट पुरस्कार प्रदान किया। समूह ने अपने 100 प्रतिशत कार्यबल भारतीय सेना से हासिल किए हैं और खुद को प्रतिष्ठित काउंटर टेररिस्ट फोर्स के रूप में स्थापित करके तीन अशोक चक्र सहित कई वीरता पुरस्कार हासिल किए। समूह के विभिन्न अभियानों में सबसे यादगार ऑपरेशन ब्लैक टॉरनाडो था, जिसमें नवंबर, 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान आठ आतंकवादियों को मार गिराया था और कई विदेशी नागरिकों सहित 600 बंधकों को मुक्त कराया गया था। दिसंबर, 1984 में स्थापना के बाद से 51 स्पेशल एक्शन ग्रुप ने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित काउंटर टेररिस्ट समूहों में जगह बनाई है।

● फिलीपींस का सुलु प्रांत दोहरे बम धमाकों से दहल उठा। इन दो अलग-अलग बम धमाकों में लगभग 10 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। फिलीपींस की सेना के अनुसार पहला बम धमाका जोलो शहर के एक भीड़-भाड़ वाले इलाके में हुआ। इस बम धमाके में कई सैनिक भी हताहत हुए हैं, जबकि दूसरा धमाका एक चर्च में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक आत्मघाती महिला ने खुद को बम से उड़ा लिया।

26 अगस्त

संसद का मानसून सत्र 14 सितंबर से हो सकता है शुरू

● कोरोना महामारी के बीच संसद का मानसून सत्र 14 सितंबर से शुरू हो सकता है। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने 14 सितंबर से एक अक्टूबर तक संसद सत्र चलाने का प्रस्ताव रखा है। 18 दिवसीय सत्र के दौरान एक भी दिन छुट्टी नहीं होगी। सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में कोरोना महामारी से बचने के लिए सावधानियां बरती जाएंगी। दोनों सदनों की बैठक बारी-बारी से होंगी। एक सदन की कार्यवाही सुबह होगी, तो वहीं दूसरे सदन की कार्यवाही शाम के समय होगी।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोरोना वायरस का फैलाव जारी है, लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्वी भूमध्य सागर क्षेत्र को छोड़कर विश्व के बाकी हिस्सों में कोरोना महामारी की मार धीमी पड़ने लगी है। इन क्षेत्रों को छोड़ वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी के नए मामलों तथा महामारी के कारण होने वाली मौत की संख्या में कमी देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि विश्व में कोरोना की चपेट में सबसे ज्यादा अमेरिका आया है। अमेरिका के बाद ब्राजील और भारत में भी कोरोना का बड़ा संक्रमण हुआ है।

● भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की हर हरकत का जवाब देने की तैयारी कर रही है। एलएसी पर चीनी हैलीकॉप्टरों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए भारतीय सेना अपने जवानों को ऐसी मिसाइलें उपलब्ध करा रही है, जिन्हें कंधे पर रखकर दागा जा सकता है। ये मिसाइलें हवा में सटीक हमला करने में सक्षम हैं। इन मिसाइलों को एलएसी के अग्रिम इलाकों पर तैनात किया गया है। इसके अलावा सेना ने पूर्वी लद्दाख में चीनी विमानों की निगरानी के लिए रडार भी तैनात किए हैं।

27 अगस्त

उड़ान 4.0 के तहत 78 नये हवाई मार्गों को मंजूरी

● केंद्र सरकार ने उड़ान योजना के चौथे चरण के तहत विभिन्न राज्यों में 78 नए रूट मंजूर किए हैं। इनमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी शामिल हैं। नगर विमानन मंत्रालय ने ट्वीट के जरिये यह जानकारी दी। नए रूट में बिलासपुर-भोपाल, हिसार-धर्मशाला, हिसार-देहरादून, चित्रकूट-कानपुर, प्रयागराज-चित्रकूट, बरेली-दिल्ली और शिलांग-डिब्रुगढ़ जैसे हवाई मार्ग शामिल हैं।

● केंद्र सरकार ने कहा है कि वंदे भारत मिशन तथा कुछ देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते के आधार पर शुरू हुई उड़ानों से विदेश जाने वालों को उनके पास पंजीकरण नहीं कराना होगा। इन उड़ानों में यात्री सीधे विमान सेवा कंपनी से टिकट बुक करवा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 22 अगस्त को वंदे भारत मिशन के तहत गैर निर्धारित व्यवसायिक उड़ानों के लिए एक मानक संचालन प्रोटोकॉल (एसओपी) जारी किया था।

● भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर), बेंगलुरू के 'बीज पोर्टल' का भारतीय स्टेट बैंक के 'योनो कृषि एप' के साथ हुये एकीकरण का लोकार्पण केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष श्री रजनीश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। दोनों एप के एकीकरण से देश के करोड़ों किसान, बीज खरीदी सहित सरकारी योजनाओं तथा बैंक की सुविधाओं के विविध लाभ डिजिटली ले सकेंगे। गौरतलब है कि योनो कृषि एप हिंदी व अंग्रेजी के अलावा दस क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध है, जिसमें कृषि मंडी व कृषि मित्रा सहित कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैंक के लाखों किसान ग्राहक हैं, इनके अलावा भी देश के किसान घर बैठे इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

28 अगस्त

वर्ष 2023 तक रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण करने का लक्ष्य

● भारतीय रेलवे ने अपनी ऊर्जा की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए शत-प्रतिशत आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को हासिल करने और साथ ही राष्ट्रीय सौर ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देने के लिए रेलवे और वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक बातचीत आयोजित की। इस दौरान यह जानकारी दी गई कि भारतीय रेलवे ने 2030 तक अपनी खाली भूमि का उपयोग करके 20 गीगावाट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना विकसित की है। रेलवे की वर्ष 2023 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना के साथ, भारतीय रेलवे की ऊर्जा की खपत 2030 तक 33 बिलियन यूनिट से अधिक हो जाएगी जबकि वर्तमान वार्षिक आवश्यकता लगभग 21 बिलियन यूनिट है।

● प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के छह वर्ष पूरे। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने पीएमजेडीवाई की छठवीं वर्षगांठ पर इस योजना के महत्व को दोहराया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जन-धन योजना जन केंद्रित आर्थिक कार्यक्रमों की बुनियाद रही है। चाहे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण हो अथवा कोविड-19 संबंधी वित्तीय सहायता, पीएम-किसान, मनरेगा के तहत मजदूरी में वृद्धि, जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा कवर, प्रत्येक वयस्क को बैंक खाता प्रदान करने के लिए उठाया गया पहला कदम था, जिसे पीएमजेडीवाई ने लगभग पूरा कर लिया है। बता दें कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में पीएमजेडीवाई की घोषणा की थी। 28 अगस्त को इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को एक दुष्चक्र से गरीबों की मुक्ति के एक जश्न के रूप में निरूपित किया था।

● केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने कहा कि देश में लगभग हर जगह इस खरीफ सीजन में यूरिया की बिक्री बढ़ रही है। श्री गौड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों और संबंधित राज्य सरकारों की मदद के कारण देश भर में यूरिया का पर्याप्त भंडार है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार घरेलू इकाइयों से इसकी आपूर्ति के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर आयात के जरिए भी इसकी आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस सीजन में इसकी मांग की अधिकता को देखते हुए आपूर्ति बढ़ाने के लिए आयात के चक्र को छोटा कर दिया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

वर्ष 37, अंक 35 31.08.2020 से 06.09.2020

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सभी जिला चिकित्सालयों को बनायें उत्कृष्ट

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों को आगामी एक वर्ष में चिकित्सा की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एवं उत्कृष्ट बनाया जाये। इस क्षेत्र में जिला चिकित्सालय सिवनी में जनसहयोग से किये गये कार्य सराहनीय हैं। सभी जिलों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिये। जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने कायाकल्प दस्तक और निरोगी काया अभियान में कई अवॉर्ड्स जीते हैं। यह इस बात का परिचायक है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से प्रगति हो रही है। अवॉर्ड्स जीतने के लिये उन्होंने सभी संबंधितों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के साथ चर्चा करते हुये कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश के 162 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कायाकल्प अभियान के मापदंडों में खरे उतरे हैं, उन्हें भारत सरकार द्वारा 70 प्रतिशत या अधिक रेटिंग दी गई है। मुख्यमंत्री ने अवॉर्ड प्राप्त करने के लिये स्वास्थ्यकर्मियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कायाकल्प अभियान में अवॉर्ड प्राप्त करने के लिये जिला चिकित्सालय सिवनी, भिंड, बैतूल, अनूपपुर, सिविल अस्पताल एल्विन, जबलपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन को बधाई दी। इसी प्रकार दस्तक अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये इंदौर एवं रीवा संभाग तथा सीधी, सीहोर, सिवनी एवं धार जिलों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने निरोगी काया अवॉर्ड के लिये नर्मदापुरम संभाग तथा रायसेन, होशंगाबाद एवं बड़वानी जिलों की सराहना की और इस बात के लिये बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सिवनी जिला चिकित्सालय के कायाकल्प के लिये जनसहयोग से चलाये गये 'मैं भी अस्पताल मित्र' अभियान की सराहना की। इस अभियान के अंतर्गत जनसहयोग से लगभग 1 करोड़ रुपये की राशि तथा एनआरएचएम से लगभग 2 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त कर अस्पताल का कायाकल्प किया गया। इसे सभी आधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं सेवाओं से लैस किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाये जा रहे कायाकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थाओं में उच्च स्तर की साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित करना है। कायाकल्प अभियान के परिणामस्वरूप साफ-सफाई से मानकीकरण, अस्पताल संक्रमण और एन्टी-बायोटिक उपयोग में कमी मरीजों के संतुष्टि स्तर में सुधार जैसी उपलब्धियां परिलक्षित हो रही हैं। इससे शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं की ओपीडी में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रदेश में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य तथा पोषण सेवाएं प्रदाय कर बाल मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है। जन सामान्य को हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज तथा कैंसर जैसे गंभीर गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूक बनाने, रोगियों की पहचान करने और उन्हें उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ इस अभियान का क्रियान्वयन 'आरोग्यम' हेल्थ एंड वेलनेस स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। शासकीय संस्थाओं में बेहतर कार्य करने के लिये पुरस्कृत करने की अनेक योजनायें राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं। संस्थाओं की बेहतरी के लिये इस तरह के पुरस्कार उत्साहवर्धन का काम करते हैं।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- हिमालय में भूकम्प- संपूर्ण हिमालय पर्वत के चाप में नंगा पर्वत से नमचा बरवा तक विर्वतनिक व्यवहार एक समान है। इस विशेषता की गवाही देता

है हिमालय पर्वत का चापाकार, जो आज तक विकृति तनावों के विमोचन के बाद भी नहीं बदला। इसका मतलब है कि शैलों में एकत्रित तनाव और उस तनाव को सहने की क्षमता पश्चिमी से पूर्वी सिरे तक समान है। तथापि, हिमालय पर्वत श्रृंखला एक साथ एक ही समय में भूकंपों द्वारा नहीं फटी, क्योंकि वह अनेक भ्रंशों द्वारा कई भागों में विभाजित है। कई विदारण भ्रंश हिमालय को इन फटाव भागों में बांटते हैं। कांगड़ा, बिहार और असम में आये चार भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि हिमालय के उन भागों में भविष्य में भूकंपों द्वारा क्षति की आशंका है, जहां वह पिछले 30 या अधिक वर्षों से नहीं आये। यही भाग भूकंपीय अंतराल है, जहां निकट भविष्य में फटाव की संभावना अत्यधिक है। बड़े भूकंपों की पुनरावृत्ति अवधि भिन्न-भिन्न भागों में एक समान होनी चाहिये, परन्तु हिमालय के विभिन्न भागों को विभाजित करने वाले भ्रंशों के कारण यह पर्वत श्रृंखला एक ही समय, एक साथ नहीं फट सकती। इस कारण बड़े भूकंप इस प्लेट सीमा के विभिन्न भागों में एक ही पुनरावृत्ति अवधि में आयेंगे पर एक साथ कभी नहीं। यह भूकंपीय अंतराल की अवधारणा है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय खेल दिवस | 29 अगस्त

हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को समर्पित दिवस

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन कार्य करती हैं)

किसी भी खिलाड़ी का खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत ही उसे ऊंचाई तक पहुंचाते हैं। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की लोकप्रियता के बारे में उनसे जुड़े कई किस्से-कहानियां हैं। हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तुड़वाकर देखी गई कि कहीं इसमें चुंबक तो नहीं लगा है। जापान में लोगों को शक था कि उनकी हॉकी में गोंद लगी हुई है। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से भी लगा सकते हैं कि विएना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी एक मूर्ति लगाई गई है जिसमें उनके चार हाथ और उनमें चार स्टिकें दिखाई गई हैं। जिस दौर में बिजली नहीं थी, उस वक्त दिन में सूरज की रोशनी में वे खेलते थे, तो रात को चंद्रमा की चांदनी की रोशनी में भी घंटों अकेले प्रैक्टिस करते थे। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने तीन ओलिंपिक खेलों में भारत को गोल्ड मेडल दिलाए थे। ये वह दौर था, जब देश गुलाम था, इसलिए ओलिंपिक में जीत के बाद एक बार जब ब्रिटिश यूनियन का झंडा लहराते हुए देखा तो ध्यानचंद की आंखों में आंसू थे, किसी ने पूछा क्या हुआ तो उनका जवाब था कि आज मेरा देश आजाद होता तो यहां यह झंडा नहीं तिरंगा झंडा लहरा रहा होता। 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन होता है, जिसे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

एक सैनिक का मेजर बनने का सफर उनकी काबिलियत को दिखाता है। मेजर ध्यानचंद का जन्म प्रयागराज (इलाहाबाद) में 29 अगस्त 1905 में हुआ था। शुरुआत में उन्हें हॉकी के बजाय कुश्ती खेलने में रुचि थी। बचपन में परिवार के साथ वह रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झांसी में बस गए थे। ध्यानचंद ने 16 साल की उम्र में आर्मी ज्वॉइन करने से पहले कभी हॉकी नहीं खेली थी। जब ध्यान सिंह एक सिपाही थे तो साथी जवानों के साथ सुबह-सुबह परेड पर जाते थे। उस वक्त आर्मी के जवानों का हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों की ओर रुझान बढ़ रहा था। ध्यान सिंह भी साथी जवानों को हॉकी खेलते देखते थे हालांकि ध्यान सिंह को हॉकी खेलने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। इस बात का जिक्र रचना भोला यामिनी द्वारा लिखित किताब 'द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ मेजर ध्यानचंद' में भी है। इस किताब में बताया गया कि, एक बार ध्यान सिंह ऐसे ही हॉकी लेकर बॉल को मार रहे थे, वहीं पास खड़े सूबेदार बाले तिवारी यह सब देख रहे थे। सूबेदार बाले ने ध्यान सिंह को बताया कि हॉकी कोई बच्चों का खेल नहीं, इसके बाद उन्होंने ध्यान सिंह को हॉकी की टेक्निक बताई। धीरे-धीरे समय गुजरता गया, ध्यान सिंह हॉकी की कड़ी ट्रेनिंग लेते रहे। वह दिन-रात की परवाह किए बगैर, बस हाथ में हॉकी स्टिक लेकर मैदान में जुट जाते थे। यही नहीं चांद की रोशनी में भी ध्यान सिंह हॉकी की प्रैक्टिस करना नहीं भूलते थे।

जब हारने वाली टीम की तरफ से खेलने का निर्णय लिया

झांसी के सीपरी में स्थित हीरोज ग्राउंड का उनके जीवन में अहम स्थान रहा है। यह आज उनका समाधि स्थल है। इस मैदान की ऊबड़-खाबड़ जमीन पर वह हॉकी की प्रैक्टिस करते थे और साथी खिलाड़ियों को भी यह खेल सिखाते थे। उनका खेल इतना अच्छा था कि कपड़े की गेंद मानो सिर्फ उनकी हॉकी स्टिक से ही चिपकी रहती थी। प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी उनसे गेंद छीन नहीं पाते थे। उनके खेल जीवन में निर्णायक मोड़ तब

आया, जब वह अपने पिता के साथ श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर इंटर कॉलेज में एक हॉकी मैच देखने गए। एक टीम जब हारने लगी तो ध्यानचंद ने हार रही टीम की ओर से खेलने की इच्छा जताई। इस दौरान वहां मौजूद आर्मी ऑफिसर ध्यानचंद को खिलाने के लिए राजी हो गए। तब ध्यानचंद ने मैदान में उतरने के बाद चार गोल किए और खेल की बाजी पलटते हुए हारती हुई टीम को जीत दिलाई। इसके साथ ही उनके हॉकी के स्वर्णिम कॅरियर की शुरुआत हो गई। सन 1926 में भारतीय हॉकी टीम में वह शामिल हुए। उन्होंने 1928 के एम्सटर्डम ओलिंपिक, 1932 के लॉस एंजलिस ओलिंपिक और 1936 के बर्लिन ओलिंपिक में 39 गोल किए और अपनी टीम को विश्व हॉकी का बादशाह बना दिया। वह ऐसे अकेले हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार तीन ओलिंपिक में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाए। मेजर ध्यानचंद ने अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 400 और घरेलू हॉकी में एक हजार से अधिक गोल किये हैं।

आत्मकथा में किया इस हार का जिक्र

1936 के ओलिंपिक खेल शुरू होने से पहले एक अभ्यास मैच में भारतीय टीम जर्मनी से 4-1 से हार गई। ध्यानचंद अपनी आत्मकथा 'गोल' में लिखते हैं, 'मैं जब तक जीवित रहूंगा इस हार को कभी नहीं भूलूंगा। इस हार ने हमें इतना हिला कर रख दिया कि हम पूरी रात सो नहीं पाए। हमने तय किया कि इनसाइड राइट पर खेलने के लिए आईएनएस दारा को तुरंत भारत से हवाई जहाज से बर्लिन बुलाया जाए।' दारा सेमी फाइनल मैच तक ही बर्लिन पहुंच पाए। जर्मनी के खिलाफ फाइनल मैच 14 अगस्त 1936 को खेला जाना था, लेकिन उस दिन बहुत बारिश हो गई। इसलिए मैच अगले दिन यानि 15 अगस्त को खेला गया। बर्लिन के हॉकी स्टेडियम में उस दिन 40,000 लोग फाइनल देखने के लिए मौजूद थे। बड़ौदा के महाराजा और भोपाल की बेगम, जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर समेत कई लोग मौजूद थे। इस मैच में ध्यानचंद ने भारत को जीत दिलाई। बर्लिन ओलिंपिक में ध्यानचंद के हॉकी मैच को देखने के बाद वहां पर अखबारों और पोस्टरों में ध्यानचंद के हॉकी के जादू का जिक्र किया गया।

जब हिटलर ने बुलाया मेजर ध्यानचंद को

1936 के ओलिंपिक मैच में भारत ने जर्मनी को हॉकी के फाइनल मैच में जब 8-1 की शिकस्त दी, तो अपनी टीम को हारता हुआ देखकर हिटलर ने मैदान छोड़ दिया था। लेकिन हिटलर ने मैच के बाद मेजर ध्यानचंद को मिलने के लिए बुलाया। तानाशाह के बुलाने की खबर सुनकर ध्यानचंद बेचैन हो गए और सारी रात सो न सके। लेकिन जब हिटलर से मुलाकात हुई और हिटलर ने ध्यानचंद को सेना में बड़ा पद, जर्मन नागरिकता समेत कई सुविधाएं देने का ऑफर देते हुए जर्मनी की टीम ज्वॉइन करने के लिए कहा, तब ध्यानचंद ने विनम्रतापूर्वक यह कहकर मनाकर दिया कि मैं अपने देश में खुश हूं और अपने देश के लिए ही हमेशा खेलूंगा। उनकी देशभक्ति ही थी कि उन्हें तीन बार विदेशों से कोच बनने का ऑफर मिला पर उन्होंने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि उनके बताए गुर सीखकर विदेशी भारत के खिलाफ ही उसका इस्तेमाल करेंगे।

हॉकी के जादूगर के जन्म दिवस पर मनाया जाता है राष्ट्रीय खेल दिवस

ध्यानचंद देश के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें 1956 में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने पद्म विभूषण पदक से सम्मानित किया था। 29 अगस्त यानी उनके जन्म दिवस को भारत सरकार ने खेल दिवस घोषित किया। देश के सभी खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन अवॉर्ड सभी पुरस्कार इस दिन दिए जाते हैं। 1956 में भारतीय सेना से मेजर के पद से रिटायर होते समय ध्यानचंद की उम्र 51 साल थी। रिटायर होने के बाद भी उन्होंने हॉकी नहीं छोड़ी और कुछ वर्ष राजस्थान के माउंट आबू में कोचिंग देने के बाद पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में वे चीफ हॉकी कोच बन गए। दिल्ली के एम्स में उन्होंने 3 दिसंबर 1979 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था।

जब सहगल ने गाए ध्यानचंद के लिए गाने

बॉलीवुड सिंगर के.एल. सहगल से जुड़ा ध्यानचंद का एक रोचक किस्सा है। मशहूर फिल्म एक्टर पृथ्वीराज कपूर हॉकी के जादूगर के बड़े प्रशंसक थे। एक दिन पृथ्वीराज गायक सहगल को लेकर मुंबई में एक मैच देखने गए। इस मैच में ध्यानचंद और उनके भाई रूप सिंह भी खेल रहे थे। मैच शुरू हुए जब ज्यादा वक्त बीत गया तो सहगल ने कहा कि, ये कैसे नामी खिलाड़ी हैं अब तक एक गोल नहीं कर पाए। यह बात रूप सिंह को पता चली तो उन्होंने सहगल से शर्त लगाई कि हम जितने गोल करेंगे उतने गाने क्या आप गाएंगे, सहगल ने हां कह दिया। बस फिर क्या ध्यानचंद और रूप सिंह ने मिलकर मैच में 12 गोल दागे। लेखक निकेत भूषण की किताब 'ध्यानचंद द लीजेंड लिव्स ऑन' में इस घटना का जिक्र है। अगले दिन सहगल ने अपने स्टूडियो आने के लिए ध्यानचंद के पास अपनी कार भेजी, लेकिन जब ध्यानचंद वहां पहुंचे तो सहगल ने कहा कि गाना गाने का उनका मूड नहीं है। ध्यानचंद बहुत निराश और नाराज हुए कि सहगल ने उनका समय खराब किया, लेकिन अगले दिन सहगल खुद अपनी कार में उस जगह पहुंचे जहां उनकी टीम ठहरी हुई थी और उन्होंने उनके लिए 14 गाने गाए। न सिर्फ गाने गाए, बल्कि उन्होंने हर खिलाड़ी को एक-एक घड़ी भी भेंट की।

ध्यानचंद को दिए गए सम्मान

- मेजर ध्यानचंद के नाम पर भारत सरकार लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देती है।
- भारत सरकार एवं कई राज्यों की सरकार उनके नाम पर खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान देती है।
- ध्यानचंद देश के पहले खिलाड़ी हैं, जिनकी फोटो के साथ भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया।
- ध्यानचंद देश के प्रथम खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार तीन ओलिंपिक खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।
- वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी मूर्ति लगाई गई है।

(फोटो गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
Shreeram

R-44308/2020

APPOINTMENTS
P.B.G.M. COLLEGE, BHOPAL
(Affiliated to B.U., MPBSE Bhopal and Approved by Govt. of M.P. & Recognized by NCTE, New Delhi)

Applications are invited under college code 28 for B.Ed. Programs.

1. **Principal (General and B.Ed. Course) - 01 -** PG, M. Ed. with 55% marks, Ph. D in (Edu.) and 15 Years of Teaching Exp. in Edu. Institute,
2. **HoD (B.Ed.) - 01 -** PG. M. Ed. with 55% marks, Ph. D in (Edu.) and 8 Years of Teaching Exp. in B.Ed. College.
3. **Assistant Professor (Perspective in Edu.) - 04 -** PG, M. Ed or M.A. (Edu.) with 55% Marks.
4. **Assistant Professor (Pedagogy sub.)- 06-** PG, with 55% marks in (Maths/Science/ Social Science, Hindi & Eng.) and also M.Ed. with 55% marks, Ph. D. or Net in (Edu.)
5. **Assistant Professor (Performing Art) - 01 -** PG in Music/Dance/Theatre Arts with minimum 55% marks

For D. El. Ed. Course

1. **HoD (D. El. Ed.) - 01 -** PG, M. Ed or M.A. (Edu.) with 55% marks and 5 years teaching exp. in Edu. College
2. **Lecturer (Pers. in Edu.) - 03 -** PG, M.Ed, or M.A. (Edu.) with 50% marks.
3. **Lecturer (Pedagogy subjects) - 04 -** PG, M.Ed, or M.A. (Edu.) with 50% marks.

Qualification & Exp As per NCTE norms, salary : As per U.G.C. Norms.
Your complete application along with Resume Testimonial & recent PP size photograph should reach at **P.B.G.M. College Campus**, Near Bhopal Memorial Hospital, Karond, Bhopal - 38 by post or by hand at **pbgmc_2001@rediffmail.com** within 15 days.
Telephone no **0755-2982095, 9399482290** **Director**

R-44310/2020

आवश्यकता है
श्री नित्यानंद बी.एड. कॉलेज-धार (म.प्र.)
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर से संबद्धता प्राप्त
प्रिंसिपल/प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/ अस्टिंस प्रोफेसर
बी.एड. महाविद्यालय हेतु योग्यता एवं अनुभव,
नियुक्ति :- परिविधम क्रमांक 28 के अन्तर्गत

हेल्थ एवं फिजिकल एजुकेशन	फाइन आर्ट्स
M.P.E.D. न्यूनतम 55%	MFA न्यूनतम 55%

परमार्फिंग आर्ट्स : स्नाकोत्तर संगीत/डांस/ड्रामा न्यूनतम 55%
NCTE 2014 नियमानुसार, वेतनमान-यू.जू.सी. नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिनों के अंदर सभी आवश्यकता दस्तावेजों की प्रतिलिपि सहित आवेदन करें।
सम्पर्क : लालबाग परिसर, विक्रम ज्ञान मंदिर, धार (म.प्र.)
फोन नं. : 07292-406326, 98273-94449
Email Id :- shrinityanandbed@gamil.com

R-44311/2020

DIGDARSHIKA Institute of Rehabilitation & Research, Bhopal, MP
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
Approved by Rehabilitation Council of India, New Delhi

ADMISSION OPEN - 2020-21
2 Year Regular Course

M.Ed Special Education (Mental Retardation/Intellectual Disability)
Eligibility Criteria : B.Ed. in Special Education (Mental Retardation/Intellectual Disability) from a recognized university with Min. 50%

B.Ed Special Education (Mental Retardation/Intellectual Disability)
Eligibility Criteria : Graduation in any stream from a recognized university with Min. 50%

H.No. - 10, Phase-1, Rohit Nagar, Bawadiya Kalan, Bhopal-462039
7222933693 / 0755-2562611. Email - digdarshikabhopal@gmail.com
Timings : 10.30 am - 5.00 pm **Direct Admission**

R-44309/2020

प्रदेश में आगामी 3 वर्षों में 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में होगा क्रांतिकारी बदलाव

भोपाल, मध्यप्रदेश में आगामी 3 वर्षों में 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' बनाने की दिशा में क्रान्तिकारी बदलाव होगा। इसके लिए रोडमैप तैयार कर लिया गया है, जिसे आगामी कुछ दिनों में नीति आयोग से विमर्श उपरांत राज्य में लागू कर दिया जाएगा। इसे आगामी 1 नवम्बर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य कैबिनेट की बैठक में संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के रोडमैप पर चर्चा करते हुये कहीं।

चार मंत्री समूहों ने तैयार किया रोडमैप

विषय विशेषज्ञों एवं आमजन द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' का रोडमैप तैयार करने के लिए मंत्रीगणों के नेतृत्व में 4 मंत्री समूह गठित किए गए थे, जिन्होंने कैबिनेट में अपने विभागों से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। समूह-1 'भौतिक अधोसंरचना विकास' के अध्यक्ष लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव तथा प्रभारी अधिकारी श्री आई.सी.पी. केशरी, समूह-2 'सुशासन' के अध्यक्ष गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं प्रभारी अधिकारी श्री एस.एन. मिश्रा, समूह-3 'स्वास्थ्य एवं शिक्षा' के अध्यक्ष मंत्री चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास श्री विश्वास सारंग एवं प्रभारी अधिकारी श्री मोहम्मद सुलेमान तथा समूह-4 'अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार' के अध्यक्ष वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं प्रभारी अधिकारी श्री राजेश राजौरा थे। प्रस्तुतिकरण समूह प्रभारी अधिकारियों द्वारा किया गया।

सुशासन के लिए महत्वपूर्ण अनुशंसाएं

- नागरिकों के लिए एकल डेटावेस (सिंगल सिटीजन डेटावेस)।
- सेवा प्रदाय के लिए एकल पोर्टल।
- सार्वजनिक सेवा के लिए एम-गवर्नेंस का उपयोग।
- सीएम हेल्पलाइन से CM Citizen Care@ MP
- सेवा प्रदाय के लिए आवश्यक दस्तावेजों का डिजिटल सत्यापन।
- सेवाओं के भुगतान के लिये बहु-भुगतान प्रणाली का विकल्प।
- शासकीय कर्मियों को आईटी के उपयोग के लिये दक्ष बनाना।
- वल्लभ भवन में ई-ऑफिस/केंद्रीकृत डाक व्यवस्था का क्रियान्वयन।
- सभी विभागों और जिला कलेक्टरों के प्रभावी उपयोग के लिये डैश बोर्ड विकसित किया जाना।
- शासन में बेहतर पारदर्शिता (डिजिटलीकरण, नोलेज मैनेजमेंट, हितग्राहियों की सूची)।
- आम नागरिकों की समझ एवं उपयोग के लिए नियमों एवं कानूनों का सरलीकरण।

भौतिक अधोसंरचना विकास के लिए अनुशंसाएं

- चंबल प्रोग्रेस-वे एवं नर्मदा एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए वन भूमि एवं खनिज आदि स्वीकृतियों पर शीघ्र कार्यवाही करना। एमपीआरडीसी द्वारा ऑनलाइन पोर्टल का विकास।
- सड़कों के विकास की बेहतर योजना निर्माण तथा 200 सड़कों का साइंटिफिक ट्रैफिक सर्वे।
- आगामी 6 माह में प्रदेश के सभी टोल प्लाजा का कम्प्यूटरीकरण एवं फास्ट टैग के क्रियान्वयन के माध्यम से ऑटोमेशन।
- 500 करोड़ रुपये ऑफ बजट के रूप में बाजार ऋण के रूप में लिये जायेंगे।
- सड़कों की प्राथमिकता निर्धारित करने तथा तकनीकी आधारित स्थिति का आकलन करने के लिए रोड असेट मैनेजमेंट सिस्टम।
- राज्य के राष्ट्रीय उद्यानों में 'वफर में सफर' कार्यक्रम प्रारंभ करना।
- रामायण सर्किट, तीर्थंकर सर्किट तथा नर्मदा परिक्रमा जैसे थीम आधारित सर्किट विकसित करना।
- अनुभव आधारित टूर- डायमण्ड, साड़ी, राम पथ गमन का प्रारंभ।
- ग्रामीण पर्यटन, ट्राइबल पर्यटन, होमस्टे, स्मॉल टूर आदि को बढ़ावा।
- वन तथा पर्यटन आधारित व्यवसायों में राष्ट्रीय उद्यानों के समीप स्थित क्षेत्रों के 25 हजार युवाओं का कौशल संवर्धन करना।
- इंदौर एवं भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का कार्य पूर्ण करना।
- वर्ष 2020-21 में दीनदयाल रसोई योजना को विस्तारित करते हुये सभी जिला मुख्यालयों तथा पवित्र स्थलों को जोड़ना।
- मार्च 2021 तक 5 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को पंजीकृत कर प्रमाण पत्र वितरण तथा 3 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को दस-दस हजार रुपये का ऋण स्वीकृत करना।
- सात शहरों में स्टार्टअप इंक्यूबेशन केंद्रों का विकास एवं 15 लाख बेरोज़गार युवाओं का कौशल विकास।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधित महत्वपूर्ण अनुशंसाएं

- आयुष्मान भारत की आउटरीच और क्षमता में वृद्धि।
- राज्य बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन में 8 प्रतिशत तक वृद्धि।
- 363 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स (एचडब्ल्यूसी) की स्थापना।
- राज्य भर में 1600 अत्याधुनिक प्रसव केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) की स्थापना।
- पांच साल से कम उम्र के सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण।
- मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में परिवार कल्याण कार्यक्रमों का विलय।
- 2025 तक टीवी को समाप्त करने के लिए एकीकृत कार्ययोजना का क्रियान्वयन।
- भोपाल और इंदौर में 'आयुष सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों' की स्थापना।
- 120 कॉलेजों के लिए नवीन भवन और 200 कॉलेजों का अधो-संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण।
- 10 हजार सर्व संसाधन संपन्न - CM RISE स्कूलों की स्थापना।
- लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग का समविलयन।
- स्कूल शिक्षा विभाग के साथ आदिम जाति कल्याण विभाग के स्कूलों का विलय।
- 200 सरकारी कॉलेजों में वर्चुअल लर्निंग सुविधा और स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करना।
- प्रतिभाशाली बच्चों के लिए विशेष योजना - 'प्रखर'।
- प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ 'नॉलेज पार्टनरशिप' और सहयोग के लिए सहभागिता।
- JEE, NEET, CLAT आदि के लिए 3 हजार छात्रों को कोचिंग प्रदायगी।
- इंजीनियरिंग कॉलेजों और सभी जिला स्तर के आईटीआई में हब और स्पोक मॉडल आधारित कॅरियर और प्लेसमेंट सैल की स्थापना। 200 कॉलेजों में प्लेसमेंट और उद्यमिता सैल की स्थापना।
- 6 राज्य विश्वविद्यालयों, 10 संभाग स्तरीय आईटीआई इन्क्यूबेशन सेंटर्स की स्थापना।
- उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुंच बढ़ाने के लिए 150 नए ओपन डिस्टेंस लर्निंग (ODL) केंद्रों की स्थापना।
- ग्लोबल स्किल पार्क और 10 मेगा आईटीआई के लिए उद्योग भागीदारी।
- चिन्हित 150 महाविद्यालयों को क्वालिटी लर्निंग सेंटर्स के रूप में विकसित करना।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश – अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार

- 75 हजार हेक्टेयर चम्बल के बीहड़ों के विकास के लिए मिशन।
- सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के लिए 'मध्यप्रदेश ग्रीन रिवोल्यूशन कम्पनी' का गठन।
- प्रदेश के समस्त ग्रामों की फर्टीलिटी मैपिंग।
- 100 उद्यानिकी नर्सरियों का पीपीपी मोड पर सुदृढ़ीकरण।
- 20 ग्रीन हाउस क्लस्टर्स का विकास।
- सुदूर संवेदन तकनीक से फसलों के क्षेत्रफल तथा संभावित उत्पादन का आकलन।
- एक हजार क्लाइमेट स्मार्ट विलेजेस का विकास।
- नरवाई जलाने वाले क्षेत्रों में नवीन कृषि उपकरणों (हैप्पी सीडर, बेलर) के उपयोग को बढ़ाकर।
- 10 बीज गुण नियंत्रण एवं 10 खाद गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं का संचालन।
- कृषि यंत्रीकरण के 10 बड़े निर्माताओं के साथ 10 कृषि यंत्र कौशल विकास संस्थानों की स्थापना।
- तीन हजार नवीन कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना।
- तीन हजार एग्री-क्लीनिक एवं एग्री-सर्विस केंद्र।
- प्रमाणीकृत जैविक खेती के क्षेत्रफल को बढ़ाकर 4 लाख हेक्टेयर करना।
- 30 निजी मार्केट यार्ड और 100 डायरेक्ट परचेज सेंटर्स की स्थापना।
- प्रदेश की समस्त मण्डियों को ई-नाम से जोड़ना।
- मंडियों के समस्त रिकॉर्ड एवं प्रक्रिया को ऑनलाइन कर पेपरलैस मंडियों में परिवर्तन।
- 30 मंडियों को हाईटेक आधुनिक मण्डियों में बदलना।
- जीआई टैग शरबती गेहूं, जीराशंकर धार, पिपरिया तुअर आदि के लिए।
- पवारखेड़ा की तर्ज पर 3 नवीन लॉजिस्टिक हब की पीपीपी मॉडल पर स्थापना।
- 20 क्लस्टर्स का चयन कर उनमें FPC के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना।
- भोपाल एवं इंदौर एयरपोर्ट से एयर कार्गो फैसिलिटी।
- नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों के साथ 6 कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना।
- 3 लाख पशुपालकों को केसीसी प्रदाय।
- 800 नवीन दुग्ध उत्पादक समितियों का गठन।
- नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों अंतर्गत 2 डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज की स्थापना।
- मत्स्य उत्पाद 2 लाख एमटी से बढ़ाकर 3 लाख एमटी करना तथा 4 हजार हेक्टेयर नवीन क्षेत्रफल का मलबरी सिल्क उत्पादन से लिंकेज।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनुमा. लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102313_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के ग्राम केकड़वानी में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 50 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कलेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	31.18	50,000/-	5,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102314_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के ग्राम आमगढ़ में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 20 कि.ली. आर.सी.सी. सम्पवेल, 50 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	62.22	62,220/-	10,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102315_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला सिवनी के विकासखण्ड बरघाट के ग्राम अतरी में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 20 कि.ली. जल क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, 100 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	57.36	57,360/-	10,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102316_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला सिवनी के विकासखण्ड बरघाट के ग्राम घूरवाड़ा में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 20 कि.ली. जल क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, 50 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	77.43	77,430/-	10,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102317_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला सिवनी के विकासखण्ड बरघाट के ग्राम पिण्डरई कला में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 20 कि.ली. जल क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, 100 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	81.07	81,070/-	10,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102319_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के ग्राम धौरिया एवं लालपुर में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 20 कि.ली. जल क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, 75 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	82.29	82,290/-	10,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
09/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 18.08.2020	2020_PHED 102320_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के ग्राम हिनोतिया में नलकूप आधारित नलजल प्रदाय योजना के अंतर्गत सबमर्सिवल/सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प की स्थापना, 20 कि.ली. जल क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, 100 कि.ली. जल क्षमता एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, पम्प हाउस का निर्माण, टंकी की साइट डेव्हेलपमेंट, स्रोत पर विद्युत संयोजन, सामग्री एवं मजदूरी एवं 90 दिवस ट्रायल रन सहित कार्य।	82.39	82,390/-	10,000/-	03.09.2020	03.09.2020	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
भोपाल, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश के 15 जिलों में 15 अगस्त से छः माही क्रियान्वयन शुरू किया गया है। अभियान में देशभर के 272 जिलों का चयन किया गया है, जिनमें प्रदेश के भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, होशंगाबाद, इंदौर, जबलपुर, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना और उज्जैन जिले शामिल हैं। जिलों का चिन्हांकन नशीले पदार्थ और शराब से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों के विरुद्ध किये गये राष्ट्रीय सर्वेक्षण के आधार पर किया गया है।

अभियान के तहत संबंधित जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में समितियां गठित की गई हैं, जिनमें पुलिस, विधि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक न्याय आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया गया है। अभियान का सर्वोच्च उद्देश्य भावी पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से बचाना है।

जिला-स्तर पर गठित समितियां नशामुक्त अभियान के क्रियान्वयन, विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावकों के मध्य जन-जागरूकता कार्यक्रम, कॉलेजों में स्टूडेंट क्लब का गठन, चिन्हित नशा पीड़ित लोगों को पुनर्वास केंद्रों और अस्पतालों में काउंसिलिंग एवं उपचार के लिये ले जाना, जिलों में दी जा रही काउंसिलिंग और उपचार सुविधाओं की सतत निगरानी, शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में सिगरेट की बिक्री न हो सुनिश्चित करना, ड्रग्स की उपलब्धता और विक्रय की जानकारी मिलते ही इसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करवाना, अभियान में जन-सहयोग बढ़ाना, सोशल मीडिया के माध्यम से नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाना आदि शामिल हैं। समिति समय-समय पर प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति को फीडबैक भी देगी।

पिछड़ी जनजातियों की पोषण सुरक्षा के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री

आहार अनुदान योजना के अंतर्गत भुगतान की नई व्यवस्था का शुभारंभ



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहार अनुदान योजना के तहत बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, बैगा, भारिया और सहरिया जैसी दूरस्थ अंचलों में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिलाओं और वर्च्यों के उचित पोषण के लिये दी जाने वाली राशि का भुगतान समय पर किया जाये। प्रतिमाह समय पर राशि का वितरण सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल तैयार किया गया है। इससे आगामी माहों के प्रारंभ में ही राशि हितग्राही के खाते में पहुंच जायेगी। बैगा, भारिया, सहरिया जैसी पिछड़ी जनजातियों की पोषण सुरक्षा के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आहार अनुदान योजना के तहत 2 लाख 19 हजार महिलाओं के बैंक खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 21 करोड़ 97 लाख 80 हजार रुपये अंतरित कर भुगतान की नई व्यवस्था का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आहार अनुदान योजना 2017 में आरंभ की गई थी, परंतु पिछले लगभग एक साल में हितग्राहियों को राशि नहीं मिल पाई। यह रुकी राशि 43 करोड़ रुपये आगामी सप्ताह में हितग्राहियों के खाते में पहुंच जायेगी। पिछले ढाई वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक बहनों के खातों में 660 करोड़ रुपये पहुंचाए गए हैं। श्री चौहान ने कहा है कि प्रदेश की विशिष्ट पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया और सहरिया के परिवारों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए आहार अनुदान योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत परिवार की महिला मुखिया के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि भिजवाई जाती है। योजना में प्रदेश के 2 लाख से अधिक जनजाति परिवारों को लाभ मिल रहा है।

बैगाचक की भाजी का स्वाद याद आता है

मुख्यमंत्री ने आदिवासी महिलाओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे आज भी बैगाचक की भाजी का स्वाद याद आता है। जब मैं वहां गया था तो मैंने एक बैगा बहन के हाथ की भाजी खाई थी। बैगाओं की संवेदनशीलता अद्भुत है, वे इसलिए हल नहीं चलाते कि पृथ्वी मां के सीने में घाव नहीं हो जाए। भारिया जनजाति के साफ-स्वच्छ घर उन्हें आकर्षित करते हैं। सहरिया जनजाति शेर के साथ रहने वाली अत्यंत बहादुर जनजाति है।

बच्चों को पढ़ाओ, मामा साथ है

श्री चौहान ने कहा कि आदिवासी बहनें अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं। पढ़ाई की पूरी व्यवस्था उनका मामा करेगा। इसके साथ ही उनके रोटी, कपड़ा, मकान आदि की व्यवस्था भी सरकार कर रही है।

मैं आऊंगा तो रोटी खिलाओगी

मानपुर-मुरैना की आदिवासी बहन वैकुण्ठी से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने जब पूछा कि मैं जब तुम्हारे घर आऊंगा तो रोटी खिलाओगी, तब उसकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा। वह बोली भैया जल्दी आना मैं खाना तैयार रखूंगी। शिवपुरी की रामकली देवी ने राशि मिलने के लिए मुख्यमंत्री के साथ मंत्री श्रीमती मीना सिंह से कहा 'मंत्री मैडम धन्यवाद'।

जो छूट गई हैं उनके नाम जोड़ें

मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि विशेष पिछड़ी जाति की जो बहनें योजना में छूट गई हैं उनके नाम तुरंत जोड़ें। इसके साथ ही जिनके पास आवास नहीं है, उस संबंध में भी कार्रवाई की जाये।

हमारे भैया आ गए तो कैसी चिंता

अशोकनगर की पौनावाई से जब मुख्यमंत्री ने पूछा कि उन्हें किसी बात की चिंता तो नहीं है, इस पर उन्होंने कहा कि उनके भैया आ गए हैं तो उन्हें कैसी चिंता। आप चले गए थे तो हमारे पैसे आना बंद हो गए थे। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि अब सभी को समय से पैसे मिल जायेंगे।

अब चूल्हे के लिए लकड़ी लेने जंगल नहीं जाना पड़ता

उमरिया जिले की नानबाई बैगा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें योजना के पैसे तो मिल ही गए साथ ही नियमित रूप से राशन भी मिल रहा है। गैस मिल जाने से अब उन्हें चूल्हा नहीं फूंकना पड़ता और लकड़ी लेने के लिए जंगल नहीं जाना पड़ता।

पुलिसकर्मियों के लिये अधिक से अधिक आवास निर्माण की पहल करें

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल में गृह विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में गृह विभाग की समीक्षा करते हुए पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी को प्रदेश में अधिकतम पुलिस आवास निर्माण के लिये पहल करने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा के दौरान सभी जिला मुख्यालयों पर महिला पुलिस थाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में अपराध अनुसंधान और योजना शाखाओं की समीक्षा की गई।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांस्टेबल पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण इकाई हैं, जिन्हें जिलों में पदस्थापना के दौरान आवास समस्या का सामना करना पड़ता है। उनकी आवास समस्या के निराकरण के लिये मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन को पुलिस विभाग के लिये अधिकतम आवास का निर्माण कराना चाहिये, जिससे वे अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस आवास निर्माण के लिये प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है। डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि प्रकरण में उचित कार्यवाही के लिये नियमानुसार सभी पुख्ता कदम उठाये जायें।

बैठक में अपराध अनुसंधान शाखा की समीक्षा के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने अवगत कराया कि प्रदेश के 10 जिलों में महिला थाना स्थापित किये गये हैं।

अधिकतम छात्र-छात्राओं को पर्यटन प्रशिक्षण देकर सुनिश्चित करें रोज़गार

भोपाल, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी, ट्रेवल एण्ड टूरिज़्म स्टडीज (MPIHTTS) का निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों को हासिल हो रही रोज़गार की शानदार उपलब्धियों को देखते हुए सुश्री ठाकुर ने अधिकारियों को हायर सेकेण्ड्री स्कूलों के पास प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संचालक डॉ. मनोज सिंह और संचालक मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी, ट्रेवल एण्ड टूरिज़्म स्टडीज के संचालक डॉ. पी.के. सिन्हा ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में पर्यटन मंत्री को विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कोरोना-काल के पहले इस प्रशिक्षण केन्द्र से पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को शत-प्रतिशत रोज़गार मिला है।

सुश्री ठाकुर ने संस्थान की फूड प्रोडक्शन इकाई, बेकरी, रेस्टोरेंट, डिमांस्ट्रेशन होटल रूम आदि का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम बीबीए टूरिज़्म, बीबीए हॉस्पिटेलिटी, बीबीए होटल मैनेजमेंट, हुनर से रोज़गार तक योजना और कौशल परीक्षण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी ली। सुश्री ठाकुर ने स्नातक पाठ्यक्रम में शासन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय से दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जन-प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करें

भोपाल, सिंचाई स्रोतों के निर्माण कार्यों में तीव्रता लायी जाये। नई परियोजना का संचालन करने के साथ ही पुरानी परियोजनाओं के नियमित उन्नयन की दिशा में कार्य हो। ये निर्देश जल संसाधन मंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने सिवनी में संभागीय समीक्षा बैठक में दिये। बैठक में बेनगंगा कछार परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं की जिलेवार समीक्षा की गई।

राज्यमंत्री ने प्रगतिरत विकास कार्यों को शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन-प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक समन्वय स्थापित कर विभागीय कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करें, जिससे निर्माण कार्य और परियोजनाएं जन-हितैषी साबित हों।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नए अधिनियम के पश्चात पहली निजी मंडी मध्यप्रदेश में स्थापित की जाए

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम (संशोधन) विधेयक पर चर्चा करते हुये।

भोपाल, केंद्र सरकार द्वारा नया मंडी अधिनियम बनाए जाने के बाद देश में सबसे पहले निजी मंडी मध्यप्रदेश में स्थापित हो, इसके लिए प्रदेश में तैयार किए गए मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम (संशोधन) विधेयक-2020 के पारित होने के पश्चात उस पर तत्परता से अमल किया जायेगा। यह अधिनियम प्रदेश के किसानों एवं व्यापारियों दोनों के लिए लाभदायक होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहीं।

अब निजी क्षेत्र में स्थापित हो सकेंगी मंडियां

श्री चौहान ने कहा कि नए अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जो किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो तथा जिसके पास आवश्यक बुनियादी संरचना हो, प्राइवेट मार्केट यार्ड, प्राइवेट मार्केट उप यार्ड तथा डायरेक्ट क्रय केन्द्र स्थापित कर सकेगा। इसके लिए उसे शासन से लाइसेंस लेना होगा।

उसी दिन किसानों को भुगतान अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अधिनियम की एक विशेषता यह है कि व्यापारी को किसान की फसल खरीदने के बाद उसी दिन फसल का भुगतान करना होगा। कृषक को भुगतान के बाद ही व्यापारी कृषि उपज का परिवहन कर सकेगा।

21 अतिरिक्त परिभाषाएं शामिल

प्रमुख सचिव श्री अजीत केसरी ने बताया कि संशोधित मंडी अधिनियम में पुराने अधिनियम की 2 परिभाषाओं को विलोपित किया गया है तथा 21 नई परिभाषाएं सम्मिलित की गई हैं। पुराने अधिनियम में 24 परिभाषाएं थीं। अब 'मंडी क्षेत्र' के स्थान पर 'मंडी प्रांगण' परिभाषित होंगे (निर्वाचन कार्य के प्रयोजन को छोड़कर)। मंडी समितियों के अधिकार मंडी प्रांगणों तक ही सीमित होंगे। आयातित उपज पर मंडी प्रभार नहीं लगेगा।

संशोधन विधेयक 2020 के मुख्य बिंदु

- मंडी क्षेत्र के स्थान पर मंडी प्रांगण के नियमन की अवधारणा।
- मंडी प्रांगण में शासकीय मंडियां/उप मंडियां, सभी प्रकार के प्राइवेट मार्केट यार्ड/मार्केट सब यार्ड, डायरेक्ट खरीदी केन्द्र और डीम्ड मार्केट शामिल।
- मंडी प्रांगण के बाहर 'ट्रेड एरिया' में होने वाले समस्त कृषि संव्यवहारों का नियमन भारत सरकार के अध्यादेश के अनुसार।
- संचालक, कृषि विपणन की पदस्थापना और शासकीय/प्राइवेट/डीम्ड मंडियों तथा व्यापारियों की लाइसेंसिंग एवं नियमन के समस्त अधिकार।
- समस्त मंडी समितियों के अधिकार संबंधित मंडी प्रांगण/उपमंडी प्रांगण तक सीमित।
- मंडी प्रांगण में केवल व्यवस्था के सुचारू संचालन के अधिकार मंडी समिति को। नियमन के समस्त अधिकार संचालक, कृषि विपणन को।
- मंडी प्रांगण के बाहर के समस्त जांच/चेकिंग/नाके समाप्त।
- मंडी बोर्ड का अधिकार क्षेत्र मंडी प्रांगण के विकास एवं कार्मिक संबंधी गतिविधियों तक सीमित।
- मार्केट फीस का निर्धारण राज्य शासन द्वारा।
- आयातित कृषि उपज पर मंडी शुल्क नहीं।
- सीधी खरीदी केन्द्र के अतिरिक्त अन्य सभी शासकीय/अशासकीय/डीम्ड मंडियों में नीलामी के माध्यम से ही कृषि उपज का क्रय-विक्रय।
- राज्य में अधिसूचित कृषि उपज के व्यापार के लिए एकीकृत लाइसेंस प्रणाली की व्यवस्था।
- संचालक, कृषि विपणन या उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी, लाइसेंसिंग प्राधिकारी।
- व्यापारिक और संबद्ध गतिविधियों के नियमन की समस्त शक्ति, संचालक में निहित।
- व्यापार लाइसेंस - आवेदन शुल्क 500 रुपये, लाइसेंस शुल्क 5 हजार रुपये, अवधि 10 वर्ष होगी।

छात्रावासों को सेन्टर फॉर एक्सीलेंस के रूप में किया जाये विकसित

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इन्दर सिंह परमार ने 'प्रज्जवला' के तहत बालिका छात्रावासों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के स्टाफ का छात्रावास प्रबंधन एवं अकादमिक बिन्दुओं पर ऑनलाइन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

प्रदेश के 52 जिलों के 323 गर्ल्स हॉस्टल्स एवं 48 जिलों के 207 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जायेगा। श्री परमार ने कहा कि छात्रावासों को रहने-खाने की सुविधा के स्थान पर 'सेन्टर फॉर एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाये, जिससे छात्राओं का चहुंमुखी विकास हो। छात्राओं को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लायक बनाने में यह अत्यन्त आवश्यक है।

नवाचार प्रज्ज्वला के तहत ऑनलाइन प्रशिक्षण से छात्रावासों में रहने वाली दूरस्थ गाँव की छात्राओं के समग्र विकास में सहायता मिलेगी। यही छात्राएं आगे जाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी।

प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि छात्रावासों में सबसे वंचित वर्गों की बच्चियां आती हैं। छात्रावासों की अधिकतर छात्राएं प्रतिभाशाली होती हैं, इन्हें थोड़ा सहयोग मिले तो ये कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। बेहतर प्रबंधन से हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थी अनुशासित होकर शिक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं के अकादमिक उन्नयन के लिये स्टाफ को कौशल प्रदान करना है।

आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र श्री लोकेश कुमार जाटव ने 'प्रज्ज्वला' के तहत छात्रावास के स्टाफ के ऑनलाइन प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 2018-19 में प्रज्ज्वला कार्यक्रम के माध्यम से बोध शिक्षा समिति एवं जल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छात्रावास की छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिये कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

बोध शिक्षा समिति, जयपुर अकादमिक गतिविधियां तथा जल चेरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का संचालन करता है। इसके लिये नेशनल स्टॉक एक्सचेंज मुम्बई, सीएसआर फण्ड से राशि मुहैया कराता है।

गांवों के विकास से ही होगा देश का विकास - कृषि मंत्री

भोपाल, किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसान मजबूत होकर प्रतिस्पर्धा में आगे निकलेगा तो हमारा देश भी बढ़ेगा। गांव के विकास से ही देश का विकास होगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और आत्मनिर्भर भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए किसान को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है। ये बातें किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने आत्मनिर्भर भारत और कृषि क्षेत्र का विकास विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री पटेल ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जब सब कुछ लॉकडाउन से प्रभावित था तो मात्र कृषि ही ऐसा उद्यम रहा जो निरंतर चलता रहा। इतना ही नहीं इससे संबंधित अन्य व्यवसाय फल, फूल, सब्जी, दुध इत्यादि व्यवसाय भी निर्बाध रूप से चलते रहे। देश के बहुसंख्यक लोगों को रोज़गार मिलता रहा।

श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को लाभान्वित करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए कृषि के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार द्वारा घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत अभियान में कृषि के लिए ही एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे कृषि के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा।

एग्रो फॉरेस्ट्री पर नवीन नीति निर्माण के लिए समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने एग्रो फॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए नवीन नीति बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय समिति गठित की है। कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस समिति में प्रमुख सचिव वन, प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास, प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री एम. सेल्वेन्द्रन सदस्य होंगे। समिति में एग्रो फॉरेस्ट्री के विशेषज्ञ तथा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति को रखा जा सकता है।

जंगल कैम्प के माध्यम से पर्यटक प्रकृति से जुड़ सकेंगे - वन मंत्री

भोपाल, ईको जंगल कैम्प परिसर में बच्चों से लेकर आम आदमी की सभी गतिविधियों को विकसित किया गया है। इस परिसर में आने वाले पर्यटकों को प्रकृति का आनंद महसूस होगा। ईको जंगल कैम्प के माध्यम से पर्यटक प्रकृति से जुड़ सकेंगे। ये बातें वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने भोपाल-विदिशा रोड पर बने सतधारा ईको जंगल कैम्प का शुभारंभ करते हुए कहीं। वन मंत्री ने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

वन मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा तैयार किये गए इस परिसर से जल, जंगल, पर्यावरण और ऑक्सीजन को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जंगल कैम्प को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में लाया जायेगा। परिसर में आने वाले पर्यटकों से सामान्य शुल्क लिया जाएगा। सतधारा में ईको जंगल कैम्प का शुभारंभ करने के बाद बैलगाड़ी में बैठने, रस्सी पर चलने, तीरंदाजी, बास्केटबॉल तथा क्रिकेट सहित अन्य गतिविधियों का उन्होंने आनंद लिया। उन्होंने कैम्प स्थल पर मिट्टी से दीये तथा कलाकृतियां बनाने वाले कलाकारों को 1100-1100 रुपये देने की घोषणा की।

सतधारा ईको जंगल कैम्प

सतधारा स्तूप क्षेत्र में डेढ़ किलोमीटर दूर हलाली नदी बेसिन से 600 मीटर मिश्रित वनों से घिरे पहाड़ी पर मप्र ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा कैम्प का निर्माण कराया गया है। इसमें 3 हेक्टेयर क्षेत्र को चैनलिंक जाली से फेंस कर पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण देने के उद्देश्य से केजिंग प्लेट फार्म का निर्माण हुआ है। इसमें पर्यटक पोर्टेबल टेंट लगाकर विश्राम कर सकेंगे।

जंगल कैम्प के साथ बौद्ध स्तूप का भ्रमण

सलामतपुर के पास सहस्त्रधारा हलाली नदी के दाएं किनारे पहाड़ी पर स्थित बौद्ध स्मारक सहस्त्रधारा की खोज ए कन्धिम ने की थी। मौर्य सम्राट अशोक (268-232 ईसा पूर्व) ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिये स्तूप का निर्माण कराया था। इस स्थल पर छोटे-बड़े कुल 27 स्तूप, दो बौद्ध विहार तथा एक चैत्य है। वर्ष 1989 में इस स्मारक को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया।

शहरों में कचरे के निपटान के लिये बनायी जाये ठोस नीति

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह भोपाल में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने शहरों के कचरे के निपटान के लिये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाही की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सात क्लस्टरों में शामिल 109 नगरीय निकायों के अतिरिक्त अन्य निकायों में कचरे के प्र-संस्करण के लिये एक सप्ताह में ठोस नीति बनायें। आवश्यकतानुसार नगरीय निकायों में छोटे-छोटे ठोस अपशिष्ट प्र-संस्करण प्लांट लगाने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि शहरों में कचरे के ढेर नहीं दिखें।

श्री सिंह ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिये जिन क्लस्टरों का टेंडर हो चुका है, वहां पर जल्द कार्यवाही करें।

सात क्लस्टरों में से मात्र सागर और कटनी में ही कार्य प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में प्लांट शुरू करने के लिये जरूरी कार्यवाही 7 दिन में करें। श्री सिंह ने कहा कि यदि नगर निगम स्तर पर लापरवाही हो रही है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नीमच और खण्डवा क्लस्टर के संबंध में भी एक सप्ताह में निर्णय लें। रीवा का प्लांट डेढ़ माह में चालू करें। श्री सिंह ने 'गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश' अभियान के संबंध में जानकारी ली।

अमृत योजना का कार्य पूरा करने बनायें एक्शन प्लान

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अमृत योजना के सभी कार्य मार्च-2022 तक पूरा करने के लिये शहर-वार एक्शन प्लान बनायें। इस प्लान की सतत समीक्षा करें। कार्यों का भुगतान भी समय पर करें। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर परिवहन के लिये जहां पर कार्यवाही समय पर नहीं हो रही है, वहां के टेंडर निरस्त करें। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि अधूरे आवासों का कार्य जल्द पूरा करें।

चार माह में तैयार होगा इंदौर का मास्टर प्लान

श्री सिंह ने कहा कि जिन शहरों के मास्टर प्लान अभी नहीं बने हैं, उनके मास्टर प्लान बनाने की कार्यवाही जल्द करें। आयुक्त ग्राम एवं नगर निवेश ने बताया कि इंदौर का मास्टर प्लान आगामी 4 माह में तैयार हो जायेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मंत्रिपरिषद की बैठक

सनगठा सिंचाई परियोजना के लिये 145.45 करोड़ रुपये की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिपरिषद की चतुर्थ वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रिपरिषद ने सनगठा (ऐर) सिंचाई परियोजना के कुल सैंच्य क्षेत्र 4 हजार 630 हेक्टेयर के लिये 145 करोड़ 45 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। परियोजना से सूक्ष्म सिंचाई पद्धति द्वारा पिछोर तहसील के 15 ग्रामों की 4 हजार 630 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

सीमांकन की प्रक्रिया के लिए सीओआरएस प्रणाली की मंजूरी

सीमांकन/मानचित्रण की प्रक्रिया को सरल एवं शुद्ध करने के लिए राज्य में सीओआरएस (कंटीन्यूअसली आपरेटिंग रिफरेंस स्टेशन) प्रणाली का उपयोग शुरू करने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ एमओयू निष्पादित किया गया है। वर्तमान में राजस्व विभाग द्वारा भूमि सीमांकन का कार्य ईटीएस (इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन) मशीन द्वारा किया जा रहा है। मंत्रिपरिषद ने ईटीएस मशीनों से सीमांकन करने में विभाग को अनेक व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करने के दृष्टिगत उपरोक्त की मंजूरी दी है। सीमांकन कार्य को आधुनिक तरीके से कम समय में पूर्ण करने में सीओआरएस प्रणाली अत्यंत प्रभावी साबित होगी। सीओआरएस नेटवर्क का उपयोग करने से उच्च स्तर की एक्यूरेसी के साथ भू-सर्वेक्षण एवं मानचित्रण का काम कर सकेगा। सीओआरएस नेटवर्क के उपयोग से किसी भी मौसम या परिस्थिति में सीमांकन/मानचित्रण गतिविधि की जा सकती है। साथ ही क्षेत्र में खड़ी फसल में भी यह काम कर सकेगा। इस नेटवर्क के उपयोग से आने वाले समय में जीएनएसएस चिप के साथ स्मार्ट फोन/मोबाइल पर लोड किये गए एप से भी सीमांकन संभव होगा।

पोर्टल पर पंजीयन से शेष रहे प्रवासी श्रमिकों के लिये पुनः एक अवसर

सात से 11 सितंबर तक उपलब्ध होगी पंजीयन की सुविधा

भोपाल, राज्य सरकार द्वारा प्रवासी श्रमिकों को उनके कौशल अनुरूप रोज़गार प्रदान कराने के लिये 'रोज़गार सेतु' पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर पंजीयन से वंचित रहे प्रवासी श्रमिकों को पंजीयन करवाने का एक और अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। इसके लिये 7 से 11 सितंबर की पांच दिवसीय अवधि के लिये प्रवासी श्रमिकों के पंजीयन की सुविधा रोज़गार सेतु पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

प्रमुख सचिव, श्रम ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर ऐसे प्रवासी श्रमिकों का पंजीयन रोज़गार सेतु पोर्टल पर करने के निर्देश दिये हैं, जो पोर्टल पर पंजीयन से वंचित रह गये हैं। प्रवासी श्रमिकों के पंजीयन के लिये जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा ऐसे प्रवासी श्रमिकों को सूचीबद्ध किया जाएगा और कलेक्टर के माध्यम से इस आशय का सत्यापन होगा कि ये श्रमिक एक मार्च 2020 के बाद ही अन्य राज्यों से जिले में वापस लौटे हैं तथा पूर्व अभियान के दौरान इनका पंजीयन रोज़गार सेतु पोर्टल पर नहीं हो सका था। श्रमिकों का सूचीकरण एवं सत्यापन की कार्यवाही 5 सितंबर तक करने के निर्देश दिये गये हैं।

श्रमिकों को सूचीकरण और सत्यापन के बाद संबंधित निकाय द्वारा निर्धारित अवधि में अपने लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

गौरतलब है कि कोरोना संकटकाल में मध्यप्रदेश के मूल निवासी प्रवासी श्रमिक जो एक मार्च 2020 या उसके उपरांत मध्यप्रदेश लौटे थे। उनके लिये 27 मई से 6 जून के मध्य अभियान चलाकर रोज़गार सेतु पोर्टल में पंजीयन किया गया था।

जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्वालियर एवं चंबल संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

ग्वालियर, जले हुए एवं खराब ट्रांसफार्मर युद्ध स्तर पर बदले जायें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि ट्रांसफार्मर पूरी क्षमता के हों, जिससे दुबारा ट्रांसफार्मर फुकने की नौबत न आये। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विद्युत व्यवस्था, राशन वितरण एवं अन्य जनहितैषी योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली की अनावश्यक कटौती कतई न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली के अनाप-शनाप अर्थात गैर वाजिब बिल कदापि न आएं। किसी भी हालत में ऐसी स्थिति सहन नहीं होगी। उन्होंने संबल योजना के हितग्राहियों की बिजली बिल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिये।

श्री चौहान ने कहा कि विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने की कार्रवाई पर निगरानी रखने के लिये 'ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट टीम' गठित की जायेंगी। उन्होंने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट टीम गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस टीम में विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल किए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने खराब विद्युत ट्रांसफार्मर की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये।

राशन की कालाबाजारी करने वालों को जेल भेजें

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से सभी पात्र उपभोक्ताओं को समय से और पूरा खाद्यान्न मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन की कालाबाजारी को सख्ती से रोकें। कालाबाजारी करने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने साफ किया कि गरीबों का राशन अन्य कोई खा जाये, यह कदापि बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने राशन वितरण में अनियमितताओं संबंधी शिकायतों की जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। श्री चौहान ने कहा कि आगामी एक सितम्बर से प्रदेश में राशन वितरण के संबंध में विशेष अभियान चलाया जायेगा।

अवैध रेत उत्खनन हर हाल में रोकें

मुख्यमंत्री ने रेत के अवैध उत्खनन को सख्ती से रोकने के निर्देश भी बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि सरकार के खजाने में पैसा जमा करने वाले ठेकेदारों को स्वीकृत जगह पर ही रेत का उत्खनन करने दिया जाये। अवैध उत्खनन किसी भी हालत में न हो। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई अक्षम्य होगी।

बैठक में राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अधिकारियों से कहा कि अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। कार्रवाई ऐसी हो, जिससे जनता में साफ संदेश पहुंचे कि सरकार अवैध रेत खनन को रोकने के लिये पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस के सिद्धांत के आधार पर रेत का अवैध उत्खनन रोकने के लिये कार्रवाई की जाये।

नगर निगम के विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर

श्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में निर्देश दिए कि ग्वालियर नगर निगम में मंजूर हुए सभी निर्माण कार्यों के टेंडर आदि की कार्रवाई तत्परता से पूरी करें। साथ ही अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा करायें। उन्होंने कहा 10 सितम्बर तक नए कार्यों का भूमि पूजन व शिलान्यास एवं पूरे हो चुके निर्माण कार्यों का लोकार्पण करायें। उन्होंने शहर की सड़कों की मरम्मत का कार्य भी सतत रूप से जारी रखने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिये।

मुख्यमंत्री ने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी पात्र पथ व्यवसाइयों (स्ट्रीट वेंडर) को अभियान बतौर लाभान्वित कराने के निर्देश भी बैठक में दिए।

सहकारिता क्षेत्र को ज्यादा मजबूत और पारदर्शी बनाया जायेगा-सहकारिता मंत्री

अन्य प्रांतों के सहकारिता क्षेत्र का अध्ययन कराने के लिये भेजी जायेंगी टीम

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया भोपाल में सहकारिता से जुड़े हुये लोगों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया ने भोपाल में सहकारिता क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत तथा पारदर्शी बनाया जायेगा। सहकारिता क्षेत्र को पारदर्शी बनाने के लिये गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना आदि राज्यों के सहकारिता क्षेत्र के अध्ययन के लिये विशेषज्ञों की टीम भेजी जायेंगी।

सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि प्राथमिक सहकारी समितियों में पिछली सरकार के कार्यकाल में जो गड़बड़ियां हुई, उनको रोकने के लिये क्या पारदर्शी व्यवस्था हो सकती है, उस पर अध्ययन करने की जरूरत है। इसके लिये सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञों के अध्ययन दलों द्वारा प्रदेश के सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिये जो सुझाव दिये जायेंगे, उन पर अमल कर सहकारिता के सिस्टम को पारदर्शी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिये आप लोग भी लिखित में सुझाव दें। इन सुझावों के आधार पर बेहतर प्लानिंग के साथ उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जायेगा ताकि सहकारिता के क्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि निमाड़ क्षेत्र के लिये दुग्ध संघ बनाने का सुझाव प्राप्त हुआ है, इस संबंध में विभाग के आयुक्त व दूसरे अधिकारियों से चर्चा करेंगे

डॉ. भदौरिया ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में प्रदेश के विकास के लिये हर स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार को गति देने तथा आम लोगों के हित में सहकारिता पर आधारित प्रोजेक्ट/प्रस्ताव आते हैं, तो ऐसे मामलों में वित्तीय सुविधाएँ एवं लोन दिलाकर लाभान्वित कराया जायेगा।

सभी आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को सुदृढ़ किया जाए

शिवपुरी, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई का निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

श्रीमती सिंधिया ने कहा है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई को सशक्त बनाना है। एक रोडमैप तैयार करके उनके अधोसंरचना, स्किल डेवलपमेंट, रोज़गार से किस प्रकार जोड़ा जाए, इस पर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह जानकारी रहे कि इन कोर्सेज से किस प्रकार रोज़गार के अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाए।

श्रीमती सिंधिया ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सभी कोर्सों को और उपयोगी बनाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा है कि इसमें रचनात्मकता और कौशल विकास की आवश्यकता है। यदि स्टूडेंट्स में कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा की जानकारी होगी तो वह बेहतर काम कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष से पॉलिटेक्निक कॉलेज में दो नई ब्रांच इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल शुरू की जा रही हैं। इसी प्रकार आईटीआई में आईटीआई ट्रेवल्स एंड टूर असिस्टेंट का कोर्स शुरू किया जा रहा है। इस दौरान बताया गया कि अभी आईटीआई में कुल 592 सीट हैं।

एक से 15 सितम्बर के मध्य लगेंगे विद्युत शिकायत निवारण शिविर

भोपाल, मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में विद्युत देयकों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए एक से 15 सितम्बर के बीच वितरण केंद्र स्तर पर शिकायत निवारण शिविर लगाये जायेंगे। इन शिकायत निवारण शिविरों में बिजली बिल संबंधित शिकायतें जिनमें समय पर बिल वितरण नहीं होना/प्राप्त नहीं होना, अधिक राशि के बिल, गलत बिल जारी होना, ऑनलाइन बिल जनरेट नहीं होना, लॉकडाउन के संदर्भ में घोषित राहत प्रदान नहीं किया जाना एवं ऑनलाइन पेमेंट अपडेट नहीं होना संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। साथ ही मीटर संबंधी शिकायतें जिनमें समय पर रीडिंग नहीं होना, गलत रीडिंग, ट्रांसफार्मर संबंधी शिकायतें और विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायतें, नवीन कनेक्शन संबंधी शिकायतों का भी त्वरित निराकरण किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

आनंद महिंद्रा और शांतनु नारायण

लीडरशिप अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

एडोब के चेयरमैन शांतनु नारायण और महिंद्रा ग्रुप के

प्रमुख आनंद महिंद्रा को लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) ने भारत-अमेरिकी द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में दोनों बिजनेस लीडर्स के योगदान को देखते हुए यह पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुरस्कार फोरम के तीसरे एनुअल लीडरशिप समिट के दौरान प्रदान किया जाएगा।

बापू का चश्मा

ब्रिटेन में तकरीबन 2.55 करोड़ रुपये में बिका

ब्रिटेन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का चश्मा तकरीबन

2.55 करोड़ रुपये में नीलाम किया गया है। ऑनलाइन नीलामी में भारत, कतर, अमेरिका, रूस, कनाडा सहित कई देशों के लोगों द्वारा बोली लगाई गई। सोने की परत चढ़ा यह चश्मा बापू ने दक्षिण अफ्रीका में किसी को तोहफे में दिया था। बापू के चश्मे की नीलामी ईस्ट ब्रिस्टल ऑक्शंस एजेंसी द्वारा की गई थी।

बेंगलुरू में

देश की पहली गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी शुरू

देश की पहली गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी बेंगलुरु में शुरू

हो गयी है। इसे रेवेल्स एफसी क्लब ने येलहंका के एक स्कूल कैंपस में शुरू किया है। इसमें अंडर-13 से अंडर-22 आयु वर्ग की लड़कियों को वैज्ञानिक तरीके से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे पेशेवर फुटबॉलर बन सकें।

राकेश अस्थाना

बीएसएफ के महानिदेशक बने

आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना सीमा सुरक्षा बल

(बीएसएफ) के नए महानिदेशक बनाए गए हैं। वह फिलहाल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के महानिदेशक पद पर कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति संबंधी कमेटी ने 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी अस्थाना की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। अस्थाना अगले साल 31 जुलाई, जो उनकी सेवा-निवृत्ति तिथि है, तक इस पद पर बने रहेंगे।

राजकोट में

देश का पहला आयुर्वेदिक कोविड केयर सेंटर शुरू

कोरोना महामारी से जंग में भारतीय उपचार पद्धतियों में

लोगों का विश्वास बढ़ा है। इसी के तहत गुजरात के राजकोट में देश का पहला आयुर्वेदिक कोविड-19 केयर सेंटर आरंभ हो गया है। इस सेंटर में माइल्ड से लेकर मॉडरेट मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसमें योग, प्राणायाम और व्यायाम के साथ पंचगव्य आधारित उपचार पद्धति को अपनाया जाएगा। यह सेंटर सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

हाइब्रिड एयरशिप से

किया जा सकेगा लग्जरी हवाई सफर

प्राइवेट क्रूज या याट जैसे सफर का अनुभव अब हवा में

मिल सकेगा। अमेरिका और ब्रिटेन की कंपनियां हाइब्रिड एयरशिप बना रही हैं। जिससे एक द्वीप या देश से दूसरे तक का लग्जरी सफर किया जा सकेगा। उड़न तश्तरी या यूएफओ जैसे एयरशिप को रनवे की जरूरत नहीं होगी। इसमें लाउंज, मास्टर सुईट, ऑफिस और स्पा की सुविधा भी होगी।

सोमाली

पचास साल बाद अफ्रीका में मिला

अफ्रीका में करीब 50 साल बाद चूहे जैसे दिखने वाले

जीव सोमाली को देखा गया। अमेरिका के ड्यूक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता स्टीवन हेरिटेज ने इसके होने की पुष्टि की है। पहले यह जीव सिर्फ सोमालिया में पाया जाता था। इस कारण इसे सोमाली नाम दिया गया। इसे अंतिम बार 1970 में देखा गया था। इस जीव की छोटी सी टांगें बहुत मजबूत होती हैं और यह एक घंटे में तीस किलोमीटर तक दौड़ सकता है। इसकी नुकीली नाक चट्टानी क्षेत्र में भोजन को गहराई तक ढूंढ़ सकती हैं।

तुर्की को

सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार मिला

तुर्की के राष्ट्रपति रेचैप तैय्यप अर्दोआन ने कहा है कि

तुर्की ने काले सागर में अब तक का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस का भंडार ढूंढ़ा है। उन्होंने कहा कि तुर्की का लक्ष्य 2023 तक इसका इस्तेमाल करने का है। तुर्की के फतेह नामक ड्रिलिंग जहाज ने 320 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस भंडार टूना-1 कुएं में पाया है। यह तुर्की के इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस खोज है।

पिनाका मिसाइल का

किया गया सफल परीक्षण

देश में निर्मित उन्नत पिनाका मिसाइल का पोखरण

फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। इस आर्टिलरी मिसाइल सिस्टम ने लक्ष्य के अचूक निशाने साध कर दुश्मन के टारगेट को ध्वस्त किया। इसके पहले दो परीक्षण भी किए गए। पिनाका मिसाइल में पहली बार एडवांस नेवीगेशन और कंट्रोल सिस्टम लगाया गया है।

ईरान ने

दो मिसाइलों का सफल परीक्षण किया

अमेरिका के साथ तनातनी के बीच ईरान ने दो नई

मिसाइलों का सफल परीक्षण किया। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर इसकी तस्वीरों सहित खबर दी गई। ईरान के रक्षा मंत्री आमिर हातमी ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल की रेंज 1400 किलोमीटर है, इसे कमांडर शहीद कासिम सुलेमानी का नाम दिया गया है। वहीं दूसरी क्रूज मिसाइल की रेंज 1000 किलोमीटर है, इसका नाम शहीद अबू महदी के नाम पर रखा गया है।

अशोक लवासा

चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दिया

चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने अपने पद से इस्तीफा

दे दिया है। अब लवासा एशियाई विकास बैंक में उपाध्यक्ष पद संभालेंगे। वह एशियाई विकास बैंक में दिवाकर गुप्ता का स्थान लेंगे। गुप्ता का कार्यकाल 31 अगस्त, 2020 को समाप्त हो रहा है। लवासा को जनवरी 2018 में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था।

राजीव कुमार

चुनाव आयुक्त नियुक्त

पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को नया चुनाव

आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे अशोक लवासा की जगह पद भार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि अशोक लवासा द्वारा पद से दिए गए त्यागपत्र के बाद उक्त स्थान खाली हुआ है। राजीव कुमार 1984 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

जेनोमिक्स बायोटेक

रोडडेनबेरी पुरस्कार के लिए चयनित

भारत और यूके स्थित जेनोमिक्स बायोटेक कंपनी का

नाम वैश्विक स्तर पर उन चार परियोजना में शामिल है, जिन्हें 10 लाख अमेरिकी डॉलर के रोडडेनबेरी पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार अमेरिकी फिल्म और टेलीविजन श्रृंखला 'स्टार ट्रेक' के निर्माता जीन रोडडेनबेरी के नाम पर मानवता की भलाई के लिए दिया गया है।

फॉर्मूला काइट चैंपियनशिप

पोलैंड में पहली बार आयोजित

पोलैंड में पहली बार फॉर्मूला काइट इंडिविजुअल

यूरोपियन चैंपियनशिप आयोजित हुई। 2024 पेरिस ओलिंपिक में शामिल होने के बाद इस खेल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। इस चैंपियनशिप में 19 देश के 92 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहले आठ राउंड के बाद फ्रांस के एसेक्स माजिला 6 पाइंट के साथ पहले पायदान पर रहे।

फ्लोटिंग सिनेमा

इज़रायल में बोट में बैठकर सिनेमा देखने का चलन शुरू

इज़रायल के शहर तेल अवीव में फ्लोटिंग सिनेमा का

नया चलन शुरू हुआ है। दुनियाभर में कोरोना के कारण सभी छविगृह बंद रखे गए हैं। ऐसे में यार्कोन पार्क लक में सेल इन फ्लोटिंग सिनेमा शुरू किया गया है, जो दुनियाभर में सुर्खियों में रहा। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ वोट में बैठकर लोगों ने सिनेमा का मजा लिया।

गोवा में

क्राउड फंडिंग कर बचाया 100 साल पुराना बरगद का पेड़

उत्तरी गोवा के अरमबोल बीच के नजदीक पिछले

100 साल से खड़ा बरगद का पेड़ भारी बारिश में जड़ से उखड़ गया था। स्थानीय लोगों ने इसे जड़ सहित वापस रोपने के लिए क्राउड फंडिंग अभियान के जरिए दो लाख रुपये एकत्र किए। जेसीबी मशीन की सहायता से करीब 4 फीट गहरा गड्ढा खोदा और पेड़ को वापस रोप दिया गया।

प्रोफेसर के जिया

चीनी राष्ट्रपति पर आरोप लगाने के चलते निष्कासित

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति शी

जिनपिंग की एक कट्टर आलोचक प्रोफेसर के जिया को न केवल निष्कासित किया, बल्कि दंडित भी किया। इस आलोचक ने शी पर भारत सहित अन्य देशों के साथ संघर्ष भड़काने का आरोप लगाया है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाने के साथ 68 वर्षीय प्रोफेसर को दंड का आदेश भी दिया गया है।

केलीएन कोनवे

ट्रंप की शीर्ष सहयोगी छोड़ेंगी अपना पद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे

प्रभावशाली एवं लम्बे समय तक सेवा देने वाली सलाहकार केलीएन कोनवे ने व्हाइट हाउस छोड़ने की घोषणा की है। कोनवे 2016 में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में ट्रंप की अभियान प्रबंधक थीं। वह उस समय पहली महिला थीं जिन्होंने व्हाइट हाउस में अपनी जगह बनायी और राष्ट्रपति की वरिष्ठ सलाहकार बनीं। कोनवे ने कहा कि वे अपने परिवार को समय देना चाहती हैं।

स्मृति शेष

विश्व के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति फ्रेडी ब्लोम का निधन

दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले विश्व के सबसे

बुजुर्ग व्यक्ति फ्रेडी ब्लोम का 116 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 8 मई, 1904 को जन्में फ्रेडी हँसमुख स्वभाव के थे। उन्हें मज़बूत इच्छाशक्ति वाला व्यक्ति भी माना जाता था। वे पिछले 2 वर्ष से वे किसी भी चिकित्सक के पास नहीं गए थे।

फिल्म निर्देशक निशिकांत कामत का निधन

मुंबई मेरी जान, दृश्यम, मदारी जैसी मशहूर

फिल्मों के निर्देशक निशिकांत कामत का 50 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कामत ने 2005 में मराठी फिल्म 'डोम्बिवली फास्ट' से निर्देशक के तौर पर अपने कैरियर की शुरुआत की थी। उनकी अभी तक की सबसे बड़ी हिट 2015 में आई फिल्म 'दृश्यम' रही।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अपेक्षा ही मनोव्यथा का मूल है – विलियम शेक्सपियर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर

फोन नं. : 0751-2371231, ईमेल : eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 23/टी.सी./डी-1 ग्वा./2020-21 **दिनांक 27.08.2020**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 23 ग्वालियर दिनांक 27.08.2020 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.08.2014/29.08.2017 पर निविदायें लो.नि.वि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती है जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

नोट :- उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज दिनांक 08.09.2020 में भौतिक रूप से कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 ग्वालियर में जमा होंगे।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- संभाग क्र.-1 ग्वालियर के अंतर्गत जेल तिराहा से वहोड़ापुर चौराहा ए.बी. रोड मार्ग लं. 2.00 कि.मी., सागरताल बावड़ी से जलालपुर बाया बड़े पीर की दरगाह मार्ग लं. 1.00 कि.मी. एवं सागरताल चौराहा से जलालपुर चौराहा लं. 2.50 कि.मी. कुल लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य द्वितीय आमंत्रण

टेण्डर आई.डी.	(1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	1. पंजीयन श्रेणी
2020_PWDRB_103857_1	1. 1244.07 लाख 2. 1000000	30000/- + (पोर्टल चार्ज)	18 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि में पंजीकृत ठेकेदार

कुल कार्य संख्या - 01 (एक)

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरंभ तिथि	28.08.2020 प्रातः 10.30
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**07.09.2020 सायं 17.30**
मूल धरोहर राशि मय कागजात जमा करने की तिथि	08.09.2020 सायं 17.30
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि	09.09.2020 प्रातः 11.00

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विलंब एवं अन्य समस्याओं के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1
जी-13425/44297/2020 ग्वालियर (म.प्र.) फोन : 07512371231

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना

सुबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 2435/निविदा/नि.सू.क्र. 16/2020-21 **मुरैना, दिनांक 27.08.2020**

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क कार्यों हेतु दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 29.08.2017 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - 1. डोंडरी मेन रोड से सिकहरा मार्ग लं. 9.00 कि.मी., 2. परीक्षत का पुरा रोड से वृन्दावन की गढ़ी मार्ग लं. 1.70 कि.मी. 3. भदौरिया पुरा नहर की पुलिया से रिठौरा की पुलिया तक लं. 1.90 कि.मी., 4. धरमपुरा से लालपुरा मार्ग लं. 1.60 कि.मी., 5. किशनपुर से लुखरियाई व्हाया रावतकी परदूपुरा मार्ग लं. 9.60 कि.मी., 6. त्रिवेणी वाटिका अम्वाह से लेकर पुठ का नहर तक मार्ग लं. 1.00 कि.मी., 7. साहस का पुरा से भूप का पुरा मार्ग लं. 1.50 कि.मी., 8. राचड़ नगरा रोड से महत का पुरा मार्ग लं. 1.80 कि.मी. कुल 28.10 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आई.डी.क्र.	अनुमा. लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	भौतिक दस्तावेज जमा करने का स्थान
2020_PWDRB_103861	134999000/- (तेरह करोड़ उनन्चास लाख निन्यानवे हजार)	1000000/-	30000/- + Portal Charges	18 माह (वर्षाकाल सहित)	कार्यालय - कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग मुरैना

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - 1. गब्बरसिंह का पुरा से औरूआ का पुरा मार्ग लं. 2.00 कि.मी., 2. पढ़ावली से हंसराज का पुरा मार्ग लं. 4.50 कि.मी., 3. वमूर वराई का मजरा जाडे का पुरा से सुमावली लं. 2.50 कि. मी., 4. शनीधाम से वहरावली मार्ग लं. 3.30 कि.मी., 5. परीक्षा से वमहोरा रोड लं. 1.50 कि.मी., 6. पढ़ावली से मजरा नहर रोड से भूकमपुर रोड लं. 1.00 कि.मी., 7. सीतापुरा कोरीडोर से खेरवाई रोड लं. 1.80 कि.मी., 8. डक का पुरा से पहलवान सिंह का पुरा मार्ग लं. 1.00 कि.मी. कुल 17.60 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)

2020_PWDRB_103862	101547000/- (दस करोड़ पन्द्रह लाख सैंतालीस हजार)	1000000/-	30000/- + Portal Charges	18 माह (वर्षाकाल सहित)	कार्यालय - कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग मुरैना

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - 1. धीरवल का पुरा से गिलापुरा मार्ग लं. 1.56 कि.मी., 2. लहर से पटारा मार्ग लं. 3.20 कि.मी., 3. विरहरूआ मार्ग से भोलाराम का पुरा मार्ग लं. 1.60 कि.मी., 4. रिठौरा का पुरा से वाग का पुरा मार्ग लं. 2.50 कि.मी., 5. चांदपुर से डव का पुरा मार्ग लं. 1.00 कि.मी., 6. रूनीपुर से सिरमौर का पुरा मार्ग लं. 4.80 कि.मी., 7. जग्गापुरा से गोर सेरवानी कल्लु का पुरा मार्ग लं. 1.20 कि.मी., कुल 15.86 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)

2020_PWDRB_103864	84082000/- (आठ करोड़ चालीस लाख बयासी हजार)	840820/-	20000/- + Portal Charges	15 माह (वर्षाकाल सहित)	कार्यालय - कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग मुरैना

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - 1. कटेलापुरा से वरगवां मार्ग लं. 2.50 कि.मी., 2. रामचरण का पुरा से सिकरौड़ी मार्ग लं. 3.40 कि.मी., 3. गोपी रोड से मनफूल का पुरा लं. 2.00 कि.मी., 4. पारथ का पुरा से इटौरा मार्ग लं. 2.80 कि.मी. कुल 10.70 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)

2020_PWDRB_103868	51642000/- (पाँच करोड़ सोलह लाख बयालीस हजार)	516420/-	20000/- + Portal Charges	12 माह (वर्षाकाल सहित)	कार्यालय - कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग मुरैना

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - मसूदपुर से विण्डवा मार्ग लं. 1.00 कि.मी., 2. नेकराम ढावा से संभर का पुरा मार्ग लं. 3.70 कि.मी., 3. सराय से हरीसिंह का पुरा मार्ग लं. 0.50 कि.मी., 4. तालपुरा से सिलारपुरा से विरहरूआ मार्ग लं. 3.05 कि.मी., 5. घुरैया वसई से सीताराम बाबा मंदिर तक मार्ग लं. 1.60 कि.मी., 6. सिलारपुरा से तोमर का पुरा मार्ग लं. 0.60 कि.मी. (तृतीय आमंत्रण)

2020_PWDRB_103873	59292000/- (पाँच करोड़ बयानवे लाख बयानवे हजार)	592920/-	20000/- + Portal Charges	12 माह (वर्षाकाल सहित)	कार्यालय - कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग मुरैना
योग - 05 कार्य	**431562000/- (तेंतालीस करोड़ पन्द्रह लाख बासठ हजार)**				

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग गुना
निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 04/टी.सी./2020-21 दिनांक 27.08.2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना के अंतर्गत निम्नांकित मार्ग निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं अन्य अभिलेख टेण्डर प्रपत्र के साथ संलग्न है। जिन्हें वेवसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। कार्य का विवरण एवं ऑनलाइन टेण्डर क्रय करने, विड सवमिशन, अभिलेख जमा करने का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. निर्माण कार्य राजस्थान बार्डर से कुंभराज व्हाया बड़ागांव विरयाई गणेशपुरा मार्ग लंबाई 13.40 कि.मी.।

जिले का नाम	कार्य का प्रकार	टेण्डर क्रमांक	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल अन्य दस्तावेज)
गुना	सड़क निर्माण कार्य	2020_PWDRB_103904_1	द्वितीय	1007.18	1000000/-	30000/-	15 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र थाटीपुर ग्वालियर

2. पेंची मुरैला मार्ग से बड़ी मुरेली मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. एवं नेशकला से छोटी मुरेली मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी., बागराज एप्रोच मय कल्वर्ट व्हाया खेरखेड़ा देवपुरा, ग्राम तहसील मक्सूदनगढ़ लंबाई 2.80 कि.मी. कुल लंबाई 10.40 कि.मी.।

गुना	सड़क निर्माण कार्य	2020_PWDRB_103905_1	चतुर्थ	658.57	658570/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र थाटीपुर ग्वालियर

उपरोक्त निविदाएं वेवसाइट **mptenders.gov.in** पर दिनांक 28.08.2020 से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं विड सवमिट करने की **अंतिम तिथि 07.09.2020** को समय 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

भौतिक रूप से मूल अभिलेख दिनांक 08.09.2020 को सायंकाल 5.30 (17.30) वजे तक कॉलम (9) में अंकित अधिकारी के कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा। डाक विलम्ब के लिए विभाग का उत्तरदायित्व नहीं होगा। भौतिक रूप से अभिलेख प्रस्तुत न करने पर निविदाकार को निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग गुना
जी-13426/44298/2020 डी.डी.ओ. कोड नं. 1301902002

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 03
गोरखपुर थाने के पीछे, 1558 ऋषि काटेज, रतन कालोनी, जबलपुर (म.प्र.)
पिनकोड- 482003, फोन : 0761-4927003
ई-मेल : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-03 के अंतर्गत जिला- जबलपुर में इन्डोर स्टेडियम रांझी एवं इन्डोर स्टेडियम रानीताल में तथा जिला- मण्डला में इन्डोर स्टेडियम की रूफ शीट बदलने का कार्य एवं अन्य निर्माण, उन्नयन तथा मरम्मत कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक- **05/2020-21** (ऑनलाइन निविदा क्र. **2020_MPPHC_103812, 103813 & 103815**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक **28.08.2020 से 08.09.2020 समय सायं 05.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98298/44307/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, जबलपुर
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) - 482002
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 12/2020-21 निर्माण कार्य पुलिस चौकी आनंद नगर, जिला-जबलपुर (ऑनलाइन निविदा क्र.-2020_MPPHC_103213) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.09.2020 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98273/44302/2020 **परियोजना यंत्री**

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	- 28.08.2020 समय 10.30 वजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक	- 28.08.2020 समय 10.30 वजे
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक	- **07.09.2020 समय 17.30 बजे**
4. ऑनलाइन विड सवमिशन का प्रारंभ दिनांक	- 28.08.2020 समय 10.30 वजे
5. ऑनलाइन विड सवमिशन का अंतिम दिनांक	- 07.09.2020 समय 17.30 वजे
6. फिजिकल डॉक्यूमेंट सवमिशन का अंतिम दिनांक	- 08.09.2020 समय 17.30 वजे
7. विड ओपनिंग दिनांक	- 08.09.2020 समय 17.30 वजे
8. प्री-विड मीटिंग का दिनांक	- 03.09.2020 समय 12.00 वजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी। b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा। c. सक्षम अधिकारी को निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा। e. समस्त जरूरी दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा नियत दिनांक एवं समय तक उक्त कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। f. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-13427/44299/2020 लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना, फोन नं. 07532-226361

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)

E-mail : eephemauganjrewa@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 06/20-21/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./20 मऊगंज, दिनांक 17.08.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर रीवा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज के अन्तर्गत विकासखण्ड हनुमना एवं नईगढ़ी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, विद्युत पावर कनेक्शन, घरेलू नल कनेक्शन एवं मिनी पम्प हाऊस का निर्माण कार्य तथा 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
06/	102115	हनुमना	3	89.58	89580/-	10000/-	06 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
Dt.	102116	हनुमना	3	86.04	86040/-	10000/-		
17.8.20	102117	हनुमना	4	95.08	95080/-	10000/-		
	102118	हनुमना	3	99.73	99730/-	10000/-		
	102119	नईगढ़ी	3	80.77	80770/-	10000/-		
	102120	नईगढ़ी	3	88.59	88590/-	10000/-		
	102121	नईगढ़ी	3	97.87	97870/-	10000/-		
	102122	नईगढ़ी	3	82.99	82990/-	10000/-		

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की तिथि 20.08.2020
2. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 07.09.2020
3. ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि 09.09.2020

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-13236/44275/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, म.प्र.
राज्य शिक्षा केंद्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95, फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMS/2020/3513 भोपाल, दिनांक 18.08.2020

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून प्रवेश परीक्षा दिसम्बर 2020

1. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है। यह कॉलेज 1922 में स्थापित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की तीनों सेनाओं में छात्रों को पूर्ण रूप से तैयार करके राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे में अग्रिम प्रशिक्षण के लिए भेजना है।
2. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए केवल छात्र (बालक) ही आवेदन करने के पात्र हैं। प्रवेश केवल आठवीं कक्षा में ही होता है और किसी कक्षा में प्रवेश नहीं होता है। **जुलाई 2021** के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा देश के चुनिन्दा स्थानों पर **1 दिसम्बर 2020 (मंगलवार)** और **02 दिसम्बर 2020 (बुधवार)** को होगी।
3. **आयु सीमा** - जुलाई 2021 सत्र में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा **01 जुलाई 2021** को $11\frac{1}{2}$ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म **02 जुलाई 2008** से पहले और **01 जनवरी 2010** के बाद नहीं होना चाहिए।
4. **शैक्षिक योग्यता** - राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जुलाई 2021 सत्र में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को प्रवेश के समय अर्थात् 1 जुलाई 2021 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास होना चाहिए।
5. **परीक्षा की रूपरेखा** - परीक्षा की रूपरेखा निम्नवत है -
   (क) **लिखित परीक्षा - अंग्रेजी**, (10.00 - 12.00 बजे तक) और **गणित** (14.00 - 15.30 बजे तक) की परीक्षा 1 दिसम्बर (मंगलवार) 2020 को तथा **सामान्य ज्ञान** (10.00 - 11.00 बजे तक) 2 दिसम्बर (बुधवार) 2020 को होगी।
   (ख) **मौखिक परीक्षा** - मौखिक परीक्षा की तिथि 06 अप्रैल 2021 (मंगलवार) है, जिसमें परीक्षार्थी के बौद्धिक ज्ञान तथा व्यक्तित्व (पर्सनालिटी) परीक्षण होगा। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों की होगी जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। साक्षात्कार के स्थान और समय की सूचना मार्च 2021 के पहले सप्ताह में राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दी जाएगी।
   (ग) **स्वास्थ्य परीक्षण** - मौखिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को चुने हुए सैनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा। जिन उम्मीदवारों का स्वास्थ्य ठीक पाया जाएगा केवल उन्हीं को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर विचार किया जाएगा। उम्मीदवारों का स्वास्थ्य परीक्षण चयन प्रणाली का एक अंग है। इसका अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि उम्मीदवार को अंतिम रूप से चुन लिया गया है। उम्मीदवार को तब तक अंतिम रूप से चयनित नहीं समझना चाहिए तब तक इस संबंध में प्रवेशाधिकार निर्देश जारी नहीं हो जाते हैं और उन्हें भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में दाखिले के लिए चुने जाने की सूचना नहीं मिल जाती है।
   (घ) भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के पत्रांक संख्या A/36105/GS/MT-6/D(GS-II) दिनांक 03 सितम्बर 2014 के अनुसार केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चे लिखित परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा संबंधित कर्मचारी की पोस्टिंग राज्य/मूल अधिवास राज्य में दे सकते हैं। उनके अधिवास राज्य का निर्धारण उनके मूल अधिवास राज्य के अनुसार होगा एवं उनकी उम्मीदवारी भी उनके मूल अधिवास राज्य के अनुरूप होगी। आवेदन पत्र उसी राज्य में जमा करना अनिवार्य है जहाँ से उम्मीदवार परीक्षा देना चाहता है।
   (ङ) साक्षात्कार केवल उन्हीं उम्मीदवारों का होगा जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। इन उम्मीदवारों की सूची सैन्य प्रशिक्षण निदेशालय की स्वीकृति के बाद सभी राज्य सरकारों को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के द्वारा भेजी जाएगी।
   (च) सभी चयनित उम्मीदवारों को प्रवेशाधिकार निर्देश प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर दाखिला लेना अनिवार्य होगा, (ऑल इण्डिया मेरिट सूची के रिजर्व उम्मीदवारों सहित यदि उनका चयन होता है) प्रवेशाधिकार निर्देश आवेदन पत्र में दिये गये ईमेल पर भेजे जायेंगे।
   (ज) परीक्षा परिणाम आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट पर अपडेट किये जाते हैं जिसकी जाँच करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।
6. **परीक्षा केन्द्र** - परीक्षा का केन्द्र म.प्र. राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.वी.टी. कैम्पस वैरसिया रोड, भोपाल पिन-462038 (फोन नं. 0755-2735228) होगा।
7. **शुल्क** - वार्षिक शुल्क सामान्य जाति के उम्मीदवारों के लिए रुपये 1,07,500/- है एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवारों के लिये रुपये 93900/- है, जो कि समय-समय पर बढ़ सकता है। प्रवेश के समय जमानत के रूप में 30,000/- रुपये जमा करने होंगे। यह राशि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस की जाती है।
8. **छात्रवृत्ति** - छात्रों को योग्यता के आधार पर संबंधित राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसकी कुल राशि 10,000/- से 50,000/- रुपये वार्षिक होती है।
9. **आवेदन पत्र** - आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न-पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैन्ट देहरादून से प्राप्त कर सकते हैं -
   (क) **ऑनलाइन भुगतान के द्वारा** आवेदन पत्र आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट **www.rimc.gov.in** से ऑनलाइन भुगतान करके भी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिये सामान्य जाति के उम्मीदवार रु. 600/- एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार रु. 555/- भुगतान प्राप्त होने के बाद आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जायेंगे।

   'या'

   (ख) **डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा** आवेदन पत्र आर.आई.एम.सी. और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न-पत्र के एक सेट के लिये सामान्य जाति के उम्मीदवार रुपये 600/- (छः सौ रुपये मात्र) एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार रु. 555/- (पाँच सौ पचपन रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट कमाण्डेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तेल भवन, देहरादून बैंक कोड नंबर (01576) के नाम से भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजा जायेगा। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूरा पता टंकित/स्वच्छ हस्तलिखित रूप से हिन्दी/अंग्रेजी में, पोस्टल पिनकोड तथा फोन नंबर के साथ लिख कर भेजें। अपठनीय, अपूर्ण पता तथा डाक विलंब/नुकसान का उत्तरदायी राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून का नहीं होगा।

   - केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य होंगे। बाजार में मिलने वाले या फोटोकॉपी किए गए तथा बिना होलोग्राम (मुहर) के आवेदन पत्रों की मान्यता नहीं होगी।
   - आवेदन शुल्क की वापसी किसी भी दशा में नहीं होगी।

10. **अंतिम तिथि** - विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) के साथ उम्मीदवार की दो पासपोर्ट आकार की फोटो, जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, ग्राम पंचासयत से), मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र व प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मूल रूप में फोटो सत्यापित किया हुआ प्रमाण पत्र सहित **दिनांक 30 सितम्बर 2020 तक** अथवा उससे पहले आवेदन पत्र दो प्रतियों में भरकर म.प्र. राज्य के लिए प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल (पूर्व में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय) पी.जी.वी.टी. कैम्पस, वैरसिया रोड, भोपाल पिन-462038 के पास पहुँच जाने चाहिए। राज्य शिक्षा केन्द्र को आवेदन पत्र न भेजें।

आयुक्त
जी-13415/44295/2020 राज्य शिक्षा केन्द्र

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड भिण्ड

फोन नम्बर : 07534-244633, ई-मेल नम्बर : eephedbhi@nic.in

निविदा विज्ञप्ति/2020/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./भिण्ड दिनांक 19.08.2020

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptender.gov.in** पर आमंत्रित की गई है निविदा प्रपत्र दिनांक 05.09.2020 को सायं 05.30 बजे से क्रय तथा दिनांक 05.09.2020 को सायं 05.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लिफाफा 'स' (Envelope-C) Online ही जमा करना होगा। इसे भौतिक रूप से जमा नहीं किया जायेगा। निविदा दिनांक 07.09.2020 को खोली जायेगी। निविदा की संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकेगी।

क्र.	सिस्टम क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2020_PHED_101987	56	भिण्ड जिले के अटेर विकासखण्ड में भरे पटे नलकूपों की कम्प्रेसर द्वारा सफाई कर पुनः हैण्डपम्प सामग्री स्थापित कर हैण्डपम्प चालू करने का कार्य। (50 नग)	429700/-	8594/-	2000/-	3 माह
2.	2020_PHED_101988	57	भिण्ड जिले के भिण्ड विकासखण्ड में भरे पटे नलकूपों की कम्प्रेसर द्वारा सफाई कर पुनः हैण्डपम्प सामग्री स्थापित कर हैण्डपम्प चालू करने का कार्य। (50 नग)	429700/-	8594/-	2000/-	3 माह
3.	2020_PHED_101989	58	भिण्ड जिले के मेहगांव विकासखण्ड में भरे पटे नलकूपों की कम्प्रेसर द्वारा सफाई कर पुनः हैण्डपम्प सामग्री स्थापित कर हैण्डपम्प चालू करने का कार्य। (50 नग)	429700/-	8594/-	2000/-	3 माह
4.	2020_PHED_101990	59	भिण्ड जिले के गोहद विकासखण्ड में भरे पटे नलकूपों की कम्प्रेसर द्वारा सफाई कर पुनः हैण्डपम्प सामग्री स्थापित कर हैण्डपम्प चालू करने का कार्य। (50 नग)	429700/-	8594/-	2000/-	3 माह
5.	2020_PHED_101991	60	भिण्ड जिले के लहार विकासखण्ड में भरे पटे नलकूपों की कम्प्रेसर द्वारा सफाई कर पुनः हैण्डपम्प सामग्री स्थापित कर हैण्डपम्प चालू करने का कार्य। (50 नग)	429700/-	8594/-	2000/-	3 माह
6.	2020_PHED_101992	61	भिण्ड जिले के रौन विकासखण्ड में भरे पटे नलकूपों की कम्प्रेसर द्वारा सफाई कर पुनः हैण्डपम्प सामग्री स्थापित कर हैण्डपम्प चालू करने का कार्य। (50 नग)	429700/-	8594/-	2000/-	3 माह

कार्यपालन यंत्री
जी-13233/44274/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड भिण्ड म.प्र.

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
फोन : +91-755-2578801, 02, ई-मेल : vyapam@nic.in
वेबसाइट : www.peb.mp.gov.in

क्रमांक पीईबी/ज.स./2652/2020 भोपाल, दिनांक : 24.08.2020

परीक्षाओं के स्थगित के संबंध में

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा माह सितम्बर 2020 में निम्नानुसार प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाना था :

(1) पी.पी.टी. - 2020
(2) पी.बी.एफ.टी. - 2020
(3) डी.ए.एच.ई.टी. - 2020
(4) पी.ए.टी. - 2020

कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये पी.ई.बी. द्वारा अभ्यर्थियों के व्यापक हित में उक्त परीक्षाओं को आगामी सूचना तक स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है। परीक्षाओं की आगामी तिथि शीघ्र घोषित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/98275/44304/2020 नियंत्रक

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल
पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)

Website : www.mpphe.gov.in, E-mail : eephedshd@mp.nic.in
Phone No. : 07652-240307, Fax NO. : 07652-240307

निविदा विज्ञप्ति सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से **Website http://mptendrs.gov.in** निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की जाती है। जिसमें ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 04.09.2020 सायं 5.30 बजे तक नियत है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा क्र.	ऑनलाइन निविदा पद्धति क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण संख्या
36.	102871	शहडोल जिले के ग्राम जोधपुर नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	36.12	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
37.	102872	शहडोल जिले के ग्राम सिंदुरी चुनिया नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	36.25	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
38.	102873	शहडोल जिले के ग्राम नरवार नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	29.56	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
39.	102874	शहडोल जिले के ग्राम श्यामडीह खुर्द नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	34.52	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
40.	102875	शहडोल जिले के ग्राम अरझुला नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	27.03	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
41.	102879	शहडोल जिले के ग्राम बंडीखुर्द नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	32.32	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम
42.	102880	शहडोल जिले के ग्राम खौतौली नलजल योजना विकासखण्ड सोहागपुर की रेट्रोफिटिंग का कार्य।	30.25	50000/-	5000/-	03 माह	प्रथम

1. यह संक्षिप्त निविदा है विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी **Website http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. सभी शर्तें विस्तृत निविदा की लागू होगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-13265/44279/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शहडोल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष : 07642-252443, ई-मेल : eephedmal@mp.nic.in, फैक्स : 07642-253622
निविदा क्र. 42 एवं 43/2020-21/नि.शाखा/लो.स्वा.यां./2020 मण्डला, दिनांक 20.08.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 08.09.2020 सायं 17.30 बजे** तथा निविदा खुलने का दिनांक 10.09.2020 सायं 15.00 बजे के पश्चात् है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

Name of Work - Retrofitting of Existing Pipe Water Supply Scheme of FHTC (UNDER JAL JEEVAN MISSION) at Different Villages of Block Bichhiya District Mandla for Construction of R.C.C. Over Head Tank Including Cost of All Material and Labour with 90 Days Trail Run/ Commissioning period of Successful Entire Scheme.

NIT No.	Tender ID No.	Name of Villages	Name of Block	Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
42-2020-21	2020_PHED_102770_1	Kariyagaon	Bichhiya	41.21	50000	5000	9 माह वर्षाकाल सहित
43-2020-21	2020_PHED_102779_1	Kanskheda	Bichhiya	28.02	50000	5000	9 माह वर्षाकाल सहित

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है। निविदा संबंधित आवश्यक दस्तावेज, रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते इस कार्यालय में **दिनांक 08.09.2020 तक** प्रस्तुत किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-13410/44293/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड मण्डला (म.प्र.)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 904 (PMGSY-III, Batch-I Year 2020-21)

No. 11862/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 24.08.2020

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below:

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Ashoknagar	1	150168000.00
2.	Balaghat	4	227704000.00
3.	Burhanpur	1	63299000.00
4.	Chhatarpur	1	82421000.00
5.	Damoh	2	167830000.00
6.	Datia	1	92524000.00
7.	Katni	2	226977000.00
8.	Khargone	1	81261000.00
9.	Shajapur	1	65241000.00
10.	Singrauli	1	74416000.00

1. Availability of Bid Documents and mode of submission : The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidders are required to submit (a) original Demand Draft towards the cost of bid document and (b) original bid security in approved form and(c) original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of Clause 4.4 B (a) (ii) of ITB with GM PIU concerned or **MPRRDA Head Office, Paryavas Bhawan, BHOPAL,** either by registered post or by hand, failing which the bid shall be declared non-responsive.
2. Bid document may be purchase online from **28.08.2020 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **21.09.2020 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/98274/44303/2020 (T & e-G)

BARKATULLAH UNIVERSITY

Hoshangabad Road, Bhopal (M.P.)

Advertisement for Admission in University Teaching Departments for the Session - 2020-21

COURSE OFFERED

M.A. : Arabic, Sanskrit, Linguistics, English, Hindi, Urdu, Persian, **Diploma :** Modern Arabic Language, **Certificate :** Modern Arabic Language, Certificate in Communication Skill
M.Com. : Commerce, **M.A/M.Sc. :** Education, Extension Education & Social work, Human Consciousness & Yogic Science, **P.G. Diploma :** Stress Management, Yoga Therapy, Yogic Science, **LL.M., B.A.LL.B.** (Hons.).
M.Sc. : Bioscience, Biotechnology, Genetics, Biochemistry, Molecular Biology, Environmental Science, Limnology, Microbiology, Zoology, Botany, **M.F. Sc. :** Applied Aquaculture, **Advanced Diploma :** Bio-Safety and Bio-Security, PG Diploma in Animal Resources Management, Certificate Programme in Eco Tourism.
M.Sc. : Applied Geology, Computer Science, Information Technology, Electronics, Physics, Chemistry, Mathematics, **M.Sc.(Tech.) :** Remote Sensing.
M.A. : Psychology, Clinical Psychology, Economics, Geography, Sociology, Social Work, Women Studies **P.G. Diploma :** Guidance & Counseling, **Certificate :** Old Age Care.
M. Pharm. : Pharmaceutics, Pharmacognosy
Skill Development Centre : Diploma in Web and Graphics Design, Diploma in Mobile App Development, PG Diploma In AI & Machine Learning, PG Diploma in Bigdata Analytics, PG Diploma in Business Intelligence, PG Diploma in Business Intelligence.
B.E. : Civil Engineering, Computer Science & Engineering, Electronics and Communication Engineering, Information Technology, Mechanical Engineering, MCA.
M.Tech. : Materials Science, Nano-Technology, Computer Science & Engineering, Digital Communication, Product Design, Information Technology.
B. Pharm., M.B.A., B.P.Ed., B.P.E.S., M.P.Ed.
Distance Education : Post Graduate Diploma in Psychological Counselling (PGDPC), Post Graduate Diploma in Personal Management (PGDPM), Post Graduate Diploma in Marketing Management (PGDMM), Post Graduate Diploma in Finance & Task Management (PGDFTM), Post Graduate Tourism in Hotel Management (PGDTHM), Post Graduate Computer Application (PGDCA)
Note : The student can apply through M.P. Online Portal. The details of admission rules fee and other information of the departments can be seen on university website **www.bubhopal.ac.in.** Application form will be available from **1st September to 20th September, 2020.**

M.P. Madhyam/98295/44305/2020 REGISTRAR

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, बालाघाट (म.प्र.) - 481001
फोन : 07632-247289, E-mail : mpphcbalaghat01@gmail.com

प्रेस-विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, बालाघाट अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 10/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. – 2020_MPPHC_103347_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.09.2020 तक** ऑनलाइन खरीद कर, **दिनांक 09.09.2020 को समय 18:00 बजे तक** ऑनलाइन सबमिट किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98266/44300/2020 परियोजना यंत्री

कार्यालय जिला पंचायत, आगर-मालवा (म.प्र.)

वाहन मासिक किराए पर लेने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

वाहन का नाम	मॉडल वर्ष	अधिकतम मासिक किराया
इनोवा	वर्ष 2019 या 2020 का होना चाहिए (नवीन व उच्चतम मॉडल को प्राथमिकता दी जाएगी)	रुपये 25000/- वाहन चालक सहित

उक्त वाहन मासिक किराए पर लेने के लिए व्यक्ति/कंपनी/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जो कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में **दिनांक 17.09.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक** प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित प्रपत्र (निविदा फार्म एवं निविदा शर्तें) इस कार्यालय से रुपये 200/- नगद/डिमांड ड्राफ्ट जमा कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निविदा प्राप्त होने के दिनांक से एक दिन पहले तक प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदादाता को बयाने की राशि रुपये 10000/- का डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राफ्ट जो कि **'मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत आगर-मालवा'** के पक्ष में किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो। निविदा शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा। दिनांक 17.09.2020 को अपरान्ह 3:30 बजे निविदाकर्ता/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी। यह संक्षिप्त विज्ञप्ति है, विस्तृत विज्ञप्ति व शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

म.प्र. माध्यम/98269/44301/2020 मुख्य कार्यपालन अधिकारी

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चयनित उम्मीदवार का साक्षात्कार

खुद पर भरोसा और दृढ़ संकल्प से अर्जित की सफलता - अभिनव

मन्दसौर और उससे विभाजित होकर नवगठित जिले नीमच और गरोठ ने हाल ही में बहुविध शैक्षिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। पहले दसवीं बोर्ड की परीक्षा में गरोठ के हरिओम पाटीदार ने प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पाया, उसके बाद बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में विज्ञान (गणित) संकाय में मन्दसौर की प्रिया राठौर और रिंकू बाथरा ने सर्वोच्च स्थान पाया तो इसी परीक्षा में वाणिज्य संकाय में नीमच के मुफद्दल अरवीवाला ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसी गरोठ से हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में आई.पी.एस. संवर्ग में चयनित होकर अभिनव चौधरी ने इस अंचल को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर प्रस्तुत हैं उनसे चर्चा के सम्पादित अंश -

प्रश्न- अभिनव, सबसे पहले तो इस सफलता के लिये आपको हार्दिक बधाई। आपको इस सफलता की सूचना कैसे मिली?

उत्तर- बधाई के लिये धन्यवाद, मुझे इस सफलता की सूचना मेरे परिजन, मेरे मित्रों और कोचिंग क्लास से मिली। इसके बाद मैंने संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट से इसको कन्फर्म किया। संघ लोक सेवा आयोग की वर्ष 2019 की चयन परीक्षा में जो 829 सफल प्रत्याशियों की प्रोवीजनल सुची जारी की है। उसमें मेरा नाम 238वें स्थान पर है और मेरा चयन भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) के लिये हुआ है।

प्रश्न- आप इस सफलता का श्रेय किस-किस को देना चाहेंगे?

उत्तर- मैं इस सफलता का सबसे अधिक श्रेय उस कोचिंग संस्था को देना चाहूंगा जिसने मुझे प्रतियोगी परीक्षा के लिये सफलता के गुर सिखाये। इस परीक्षा के लिये यह मेरा सातवां और अंतिम अटेंप्ट (अवसर) था और कोचिंग संस्था ने मुझे कोचिंग के पहले ही दिन यह मूल मंत्र दिया था कि मैं लगतार बार-बार यही संकल्प दोहराऊं कि - 'हाँ, मैं ऐसा कर सकता हूँ' (यस, आई कैन डू इट) और मैंने ऐसा ही किया और मैं इस प्रतियोगी परीक्षा का तिलस्म तोड़ने में सफल रहा। कोचिंग संस्था के बाद मैं परिवार के शैक्षिक माहौल को भी इसका श्रेय देना चाहूंगा। यूं तो मेरे परिवार की पृष्ठभूमि व्यवसाय, समाजसेवा और राजनीति की रही है। मेरे पिता श्री राजेश चौधरी सक्रिय राजनेता हैं और वे नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे हैं। मेरे दादाजी श्री मदनलाल चौधरी भी समाज सेवा से जुड़े रहे और जांगड़ा पोरवाल समाज के पदाधिकारी भी रहे हैं। इस सबके बावजूद मेरे परिवारजन ने हम बच्चों के लिये लिए शिक्षा का माहौल बनाया। मेरी दो बड़ी बहनों में से श्रद्धा चौधरी ने इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर पहले अमेरिका में जॉब की और आजकल पुणे में सेवारत हैं, दूसरी बड़ी बहन नम्रता चौधरी कैंसर विशेषज्ञ हैं और जयपुर में पदस्थ हैं। जबकि मेरी छोटी बहन अदिति चौधरी ने कनाडा से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया है और इन दिनों आई.सी.एस. की तैयारी कर रही हैं। इस शैक्षिक उपलब्धियों से भरे-पूरे परिवार में मुझे भी कुछ हटकर कुछ बेहतर करने की प्रेरणा मिली और मैं यह सफलता पा सका।

प्रश्न- अपनी शैक्षिक यात्रा और कॅरियर के चयन के बारे में बताएं, इस सेवा में आने का मन कैसे बना?

उत्तर- मेरी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा सरस्वती शिक्षा मंदिर गरोठ में ही हुई। उसके बाद मैंने मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, (मैनिट) भोपाल से बी.ई. किया और फिर पुणे में मेसर्स टाटा मोटर्स में जॉब की। मेरा मन कुछ हटकर और बेहतर करने का था। अतः मेरे मित्रों और मेरी बहनों ने मुझे संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने की सलाह दी। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक थी, अतः मैंने अपनी जॉब छोड़कर दिल्ली में यू.पी.एस.सी. की कोचिंग ली और अंततः मैं आई.पी.एस. के लिये चयनित हुआ।

प्रश्न- आपको यह मनचाही सफलता कितने प्रयासों के बाद मिली?

उत्तर- मुझे इस परीक्षा में सफल होने में सात साल लगे। छः बार के प्रयास से मैं अंतिम अवसर में अपेक्षित सफलता पा सका। मैंने लगातार विफलता से सबक सीखे और इसी से हर अगले अवसर में मेरा प्रदर्शन सुधरा, परिवारजन ने भी लगातार मेरा हौसला बढ़ाया और मैंने विफलता को एक चुनौती मानकर खुद को मोटिवेट (प्रेरित) किया और जैसा कि मैंने पहले बताया कि इस बार तो मेरे कोचिंग प्रमुख ने एक ही मूल मंत्र दिया और मैंने लगातार यह दोहराया कि - 'हाँ, मैं ऐसा कर सकता हूँ' (यस, आई कैन डू इट) और मैंने छठवें और आखिरी प्रयास में यह सफलता पायी।

प्रश्न- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर आप क्या सोचते हैं, इसकी तैयारी में कौशल और मेहनत की कितनी जरूरत होती है और क्या इस परीक्षा में सफलता का कोई शॉर्टकट होता है ?

उत्तर- किसी भी सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। प्रतियोगी परीक्षा का तो बिल्कुल ही नहीं। रही बात कौशल और मेहनत की तो यह दोनों ही इस परीक्षा के लिये जरूरी हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की राह में कई कदम पर सावधानियां जरूरी हैं। पहली सावधानी विषय के चयन की है, फिर उपयुक्त कोचिंग से जुड़ने में सावधानी रखनी होगी। इस परीक्षा के लिये आपको अद्यतन बने रहने की सावधानी भी बरतनी होगी जो तभी सम्भव है, जब आप जो कुछ देश और दुनिया में घट रहा है उससे आप सतत् वाकिफ रहें। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिये आपको कड़ी मेहनत के साथ ही अपने ज्ञान को व्यक्त करने का कौशल भी सीखना होगा।

प्रश्न- आपकी अभिरुचियों के बारे में बताएं, उसमें आप कितना समय व्यतीत करते हैं?

उत्तर- मैं एक हेल्थ कॉन्सियस व्यक्ति हूँ और इसलिये प्रतिदिन एक घण्टे का समय बैडमिंटन खेलने में बिताता हूँ। मुझे उत्कृष्ट साहित्य पढ़ना भी अच्छा लगता है। मेरी लायब्रेरी में हिन्दी और अंग्रेज़ी के कई श्रेष्ठ लेखकों की किताबें हैं, जिन्हें पढ़ने से हमें एक नई जीवन दृष्टि मिलती है। आर्थिक विषयों पर विशेषज्ञों के विचार जानना मेरा पसंदीदा शौक है। इन दिनों भी मैं आर्थिक विषयों के एक प्रमुख लेखक और सुप्रसिद्ध आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल की पुस्तक- 'द इंडियन रेनान्सेन्स' पढ़ रहा हूँ, जिसमें पिछले एक हजार साल की भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्लेषण है और वर्ष 1991 के बाद के आर्थिक नीतिगत बदलावों की भी चर्चा है।

प्रश्न- आप हमारे साप्ताहिक अखबार - 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये क्या कुछ कहना पसंद करेंगे?

उत्तर- अवश्य, मैं कहना चाहूंगा कि प्रतियोगी परीक्षा के लिये - 'रोज़गार और निर्माण' जैसे उपयोगी अखबार जरूर पढ़ें। साथ ही अन्य अखबारों को भी नियमित रूप से पढ़ें। आपके ज्ञान और उसकी अभिव्यक्ति के आधार पर ही आप प्रतियोगी परीक्षा की आरम्भिक और मुख्य परीक्षा में सफलता पा सकते हैं, जबकि आपका प्रस्तुतिकरण आपको इस परीक्षा के साक्षात्कार में सहायक हो सकता है और हाँ एक महत्वपूर्ण सलाह कि यदि आप प्रतियोगी परीक्षा में सफलता सुनिश्चित करना चाहते हैं तो कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहें और इसके लिये सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से दूर रहने की कोशिश करें। मैं भी सोशल प्लेटफार्म पर केवल व्हाट्सएप का सीमित उपयोग करता हूँ, इनके अलावा मैं फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और मैसेंजर पर नहीं हूँ।

- डॉ. घनश्याम बटवाल
(साक्षात्कारकर्ता वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

साक्षात्कार के दौरान पूछे गये सवाल

अभिनव ने बताया कि वैसे तो इस प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में बहुविध सवाल किये जाते हैं, मगर उनमें से ज्यादातर सवाल स्थानीय मुद्दों पर ही पूछे जाते हैं। अभिनव से साक्षात्कार में जो सवाल किये गये उनमें से कुछ प्रश्न-उत्तर इस प्रकार हैं-

प्रश्न- आपकी उच्च शिक्षा भोपाल शहर में हुई है, भोपाल को 'झीलों का शहर' कहते हैं फिर भी वहाँ इतना प्रदूषण क्यों है?

उत्तर- असल में भोपाल के ताल-तलैया के आस-पास और इनके कैचमेन्ट एरिया में जो खेती हो रही है, उसमें बड़े पैमाने पर रासायनिक खादों का उपयोग हो रहा है, जो रिसकर ताल-तलैया में पहुँचता है और उससे प्रदूषण बढ़ रहा है।

प्रश्न- आप यदि भोपाल के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट हों (कलेक्टर) तो आप क्या करेंगे?

उत्तर- भोपाल के ताल-तलैया और उसके कैचमेन्ट एरिया में जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। रासायनिक खादों के स्थान पर जैविक खाद को बढ़ावा दिया जायेगा। इससे इस समस्या का समाधान हो सकेगा। साथ ही इस क्षेत्र में ऐसे पेड़-पौधे रोपे जायेंगे जो प्रदूषण को सोख लें।

प्रश्न- विचार तो अच्छा है, लेकिन जैविक खेती को बढ़ावा कैसे देंगे?

उत्तर- इसके लिये भोपाल के आस-पास ताल-तलैया के कैचमेन्ट एरिया में विभिन्न फसलों के अनुरूप खेतों का चयन कर, जैविक खेती के प्रदर्शन प्लाट बनाये जायेंगे, क्षेत्रों के किसानों को प्रदर्शन प्लाटों का मुआयना (विजिट) करवाया जायेगा। जैविक उत्पादों को अधिकतम मूल्य मिले इसके लिये विपणन की सुदृढ़ कड़ी बनाकर ऐसी विपणन व्यवस्था बनायेंगे जिससे अधिक से अधिक किसान जैविक खेती से जुड़ें, कालांतर में इससे पर्यावरण प्रदूषण स्वतः समाप्त हो जायेगा।

प्रश्न- भोपाल, विश्व की भीषणतम् औद्योगिक दुर्घटना भोपाल गैस त्रासदी का शिकार रहा है। इस त्रासदी से प्रभावितों को राहत और इससे बचाव के क्या कोई उपाय हो सकते थे? इस बारे में आपके क्या विचार हैं?

उत्तर- इस भीषणतम् गैस त्रासदी के पीड़ितों को राहत का जहाँ तक प्रश्न है उन्हें तत्काल राहत नहीं मिल सकी। इस सम्बन्ध में सरकार को ऐसे आपदा पीड़ितों को तत्काल राहत के लिये एक पृथक आपदा सहायता कोष बनाना चाहिये। दूसरी बात, बस्ती के बीच इतने खतरनाक रसायन के उपयोग वाले कारखाने को लगाने की अनुमति नहीं दी जाना चाहिये। तीसरी बात कारखाने का सेफ्टी ऑडिट किसी ऐसी कम्पनी द्वारा नहीं होना चाहिए जिसका पारिश्रमिक उसी कारखाने द्वारा किया जा रहा हो, जिसका वो सेफ्टी ऑडिट कर रही हो। सेफ्टी ऑडिट के लिये एक स्वतंत्र एजेन्सी का होना बहुत जरूरी है। भोपाल गैस त्रासदी जिस कारखाने के कारण हुई ऐसी खतरनाक औद्योगिक इकाइयों के लिये तो पृथक से कड़े सेफ्टी ऑडिट के प्रवधान होने चाहिये।

प्रश्न- आप मन्दसौर जिले के रहने वाले हैं। वह जिला किन फसल के लिये प्रसिद्ध है?

उत्तर- निश्चित रूप से अफीम की फसल के लिये। जिले में अफीम की फसल नारकोटिक विभाग की गाइडलाइन के अनुसार बोई जाती है और सकल उत्पादित अफीम सरकार खरीद लेती है और उससे औषधी बनती है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सोयाबीन फसल में ....

प्रदेश में जब भी ऐसी संकट की घड़ी आई है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों की मदद के लिए हर संभव सहायता की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संकट की इस घड़ी में किसानों को संबल एवं सहारा देगी।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत पाड़यादेह के ग्राम खिरनीखेड़ा में किसानों के खेतों में जाकर सोयाबीन फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया। श्री चौहान ने किसान श्री विक्रम पिता बाबूलाल जायसवाल और बलराम पिता रमेश के खेत में जाकर सोयाबीन की फसल को देखा। किसानों ने बताया कि सोयाबीन की फसल दो दिन पूर्व हुई लगातार बारिश से खराब हो गई है। किसानों की फसल देखकर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सरकार है। किसान चिंता न करें।

घरेलू बिजली उपभोक्ताओं ....

इस श्रेणी में माह सितम्बर में जारी होने वाले देयकों में केवल मासिक खपत का देयक जारी होगा अर्थात उसमें कोई भी पिछली बकाया राशि एवं एरियर्स सम्मिलित नहीं होंगे। माह अक्टूबर 2020 के देयकों में मासिक खपत देयक के साथ यदि किसी उपभोक्ता द्वारा माह सितम्बर का देयक नहीं भरा गया है तो उसकी बकाया राशि मय सरचार्ज के शामिल होगी। स्थगित बकाया राशि (31 अगस्त की स्थिति में) के बारे में पृथक से निर्देश जारी किये जायेंगे। इन निर्देशों का कड़ाई से समय पर पालन सुनिश्चित करने और बिलिंग सॉफ्टवेयर में 31 अगस्त तक अनिवार्यतः आवश्यक परिवर्तन करने के निर्देश दिये गए हैं।

पर्यटन और हस्तशिल्प.....

प्रदेश को मिलीं सड़कों की सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और श्री गडकरी का प्रदेश की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि वे ऐसे जननेताओं का अभिनंदन करना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने प्रदेश में उनके मंत्रालय से जुड़े किसी भी कार्य के लिए स्वीकृति देने में इंकार नहीं किया, बल्कि बिना देर किए मंजूरियां दी हैं। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में जलीय परिवहन के संबंध में विचार किया जा रहा है। ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर जलाशयों के पर्यटन संबंधी उपयोग के साथ ही एमएसएमई सेक्टर में नवीन गतिविधियों का रोडमैप बनाया गया है। प्रदेश के औद्योगिक विकास को इससे बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 329 किलोमीटर के आठ मार्गों में से दो मंजूर हो गए हैं। ये मार्ग नसरुल्लागंज-रेहटी-बुदनी 42 किलोमीटर और सागरटोला-कबीर चबूतरा 44 किलोमीटर हैं। शेष 6 मार्गों के लिए भूमि उपलब्ध है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम-उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी से जीरापुरा-पिछोर, भोजापुरा-ढोलखेड़ी, कुरवाई-मुंगावली-चंदेरी, जीरापुर-सुसनेर, पवई-चंदिया, बमीठा-खजुराहो के लिए मंजूरी का आग्रह किया। उन्होंने श्री गडकरी को सड़क सुरक्षा के प्रयासों के लिए भी धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा कि इन प्रयासों से अनेक कीमती जानें बच पा रही हैं। केंद्र सरकार के इस तरह के नवाचार प्रशंसनीय हैं। श्री चौहान ने कहा कि रामवन गमन पथ के लिए भी केंद्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा है। वर्तमान में इस मार्ग के एक हिस्से मैहर-सतना-चित्रकूट की 121 किलोमीटर की स्वीकृति मिली है। इसी तरह जिलों में ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर्स प्रारंभ करने, इंदौर जबलपुर में बीओटी मॉडल पर लॉजिस्टिक हब की शुरुआत के लिए पूर्ण सहयोग की आशा है।

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी

सरकारी नौकरियों के लिये एक देश-एक परीक्षा की दिशा में उठाया गया कदम

उम्मीदवारों को लाभ ज्यादा, आर्थिक बोझ कम

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बजट 2020-21 को पेश करते हुये, इस साल के बजट में शिक्षा और रोज़गार के लिए कई घोषणाएं की थीं। उन्होंने कहा था कि नॉन गैजेटेड पोस्ट के लिए कॉमन टेस्ट करवाया जाएगा और कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अराजपत्रित (नॉन गैजेटेड) पदों पर भर्ती के लिए राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (NRA : National Recruitment Agency) की स्थापना की जाएगी और इससे सरकारी भर्ती प्रक्रिया में सुधार किया जाएगा। इसी घोषणा पर अमल करते हुये हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) के गठन को मंजूरी प्रदान की गई है। इस कदम से न सिर्फ भर्ती, चयन और नौकरी में प्लेसमेंट आसान होगा, बल्कि समग्र रूप से भर्ती प्रक्रिया में सुधार आएगा।

बार-बार होने वाले खर्च से सरकार और उम्मीदवारों को मिलेगा छुटकारा

आज अगर वर्तमान स्थिति पर गौर करें तो सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग भर्ती परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। इन परीक्षाओं में औसतन 2.5 करोड़ से 3 करोड़ उम्मीदवार शामिल होते हैं। इसमें उम्मीदवार के पैसे और समय दोनों का नुकसान होता है, क्योंकि अलग-अलग भर्ती एजेंसियां अलग-अलग परीक्षाओं का अलग-अलग शुल्क लेती हैं। इसके साथ ही इन परीक्षाओं में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को लंबी दूरियां भी तय करनी पड़ती हैं। ये अलग-अलग भर्ती परीक्षाएं उम्मीदवारों के साथ-साथ संबंधित भर्ती एजेंसियों पर भी बोझ होती हैं, जिसमें बार-बार होने वाला खर्च, कानून-व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी मुद्दे और परीक्षा केन्द्रों संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी द्वारा शुरू होने वाली सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) से उम्मीदवारों को इन समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। एकल पात्रता परीक्षा, भर्ती चक्र को महत्वपूर्ण रूप से कम करेगी। कुछ विभागों ने सीईटी में प्राप्त अंकों के आधार पर शारीरिक परीक्षा एवं चिकित्सीय परीक्षण के साथ भर्ती करने तथा भर्ती के लिए किसी भी द्वितीय चरण की परीक्षाओं को समाप्त करने का संकेत दिया है। यह कदम व्यापक तौर पर भर्ती प्रक्रिया को कम करेगा तथा इससे युवाओं के एक बड़े वर्ग को लाभ पहुंचेगा।

आधुनिक प्रौद्योगिकी का पालन करेगी राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) एक बहु-एजेंसी निकाय की तरह होगी, जिसके द्वारा समूह ख और ग (गैर-तकनीकी) पदों के लिए उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और शॉर्ट लिस्टिंग की जायेगी। इस प्रक्रिया के लिये सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) को शुरू किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की शासी निकाय में रेलवे मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सरकार द्वारा प्रदान की गई जानकारी में कहा गया है कि एनआरए एक विशेषज्ञ निकाय के रूप में केन्द्र सरकार की भर्तियों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं का पालन करेगी।

सामान्य योग्यता परीक्षा के अंक 3 वर्षों के लिए होंगे वैध, अवसरों की संख्या पर नहीं होगी कोई सीमा

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक या स्कोर, परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के लिए वैध होंगे। वैध उपलब्ध अंकों में से उच्चतम स्कोर को उम्मीदवार का वर्तमान अंक माना जाएगा। सामान्य योग्यता परीक्षा ऊपरी आयु सीमा के अध्यधीन होगी, उम्मीदवारों द्वारा इस परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए अवसरों की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। इस परीक्षा में सरकार की मौजूदा नीति के अनुसार अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) तथा अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु-सीमा में छूट दी जाएगी।

पाठ्यक्रम सामान्य होने के साथ-साथ मानक भी होगा

एनआरए द्वारा गैर-तकनीकी पदों के लिए स्नातक, उच्च माध्यमिक (12वीं पास) और मैट्रिक (10वीं पास) वाले उम्मीदवारों के लिए सीईटी का संचालन किया जाएगा, जिसके लिए वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा भर्ती की जाती है। सीईटी के अंक स्तर पर की गई स्क्रीनिंग के आधार पर, भर्ती के लिए अंतिम चयन पृथक विशेषीकृत टियर (II, III इत्यादि) परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा जिसे संबंधित भर्ती एजेंसी द्वारा संचालित किया जाएगा। इन परीक्षाओं का पाठ्यक्रम सामान्य होने के साथ-साथ मानक भी होगा। यह उन उम्मीदवारों के बोझ को कम करेगा, जो वर्तमान में प्रत्येक परीक्षा के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम के अनुसार अलग-अलग पाठ्यक्रमों की तैयारियां करते हैं। सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) अनेक भाषाओं में उपलब्ध होगी। यह देश के विभिन्न हिस्सों से उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने और चयनित होने के समान अवसर प्रदान करने में सुविधाजनक होगी।

सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) में प्राप्त अंकों का उपयोग प्रारंभिक तौर पर तीन प्रमुख भर्ती एजेंसियों द्वारा किया जाएगा, लेकिन यह अपेक्षित है कि कुछ समय अन्तराल पर केन्द्र सरकार की अन्य भर्ती एजेंसियां भी इसे अपना लेंगी। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की अन्य एजेंसियों को यह छूट होगी कि यदि वे चाहें तो इसे अपना सकती हैं। इस प्रकार, आने वाले समय में सीईटी के प्राप्तांक को केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र की अन्य भर्ती एजेंसियों के साथ साझा किया जा सकता है। इससे ऐसे संगठनों को भर्ती पर लगने वाली लागत और समय की बचत करने में सहायता होगी।

अभ्यर्थियों को पसंद के परीक्षा केंद्र और समय-सारणी चुनने की सुविधा

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी द्वारा प्रदान की गई सुविधा के अंर्तगत उम्मीदवारों के पास एक ही पोर्टल पर पंजीकृत होने तथा परीक्षा केन्द्रों के लिए अपनी पसंद व्यक्त करने की सुविधा होगी। जहां उपलब्धता के आधार पर उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र आवंटित किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया का अंतिम उद्देश्य उस व्यवस्था तक पहुंचना है, जहां उम्मीदवार अपनी पसंद के परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की समय-सारणी तय कर सकते हैं।

आसान पहुंच के लिये हर जिले में स्थापित होंगे परीक्षा केन्द्र

रोज़गार के अवसरों को लोगों तक पहुंचाना एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे युवाओं की जिंदगी और आसान हो जाएगी। राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी के अंतर्गत 117 आकांक्षी जिलों में परीक्षा संरचना बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे भविष्य में उम्मीदवारों को अपने निवास स्थान के निकट परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। देश के प्रत्येक जिले में परीक्षा केन्द्र होने से दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले उम्मीदवारों तक पहुंच में काफी आसानी हो जाएगी। लागत, प्रयास और सुरक्षा के संबंध में इसके लाभ काफी व्यापक होंगे। इससे ग्रामीण उम्मीदवारों तक न केवल आसानी से पहुंच हो पाएगी बल्कि दूर-दराज के क्षेत्र में रहने वाले उम्मीदवार भी परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस प्रकार भविष्य में केन्द्र सरकार की नौकरियों में सुदूरवर्ती उम्मीदवारों के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा।

महिला और ग्रामीण उम्मीदवारों को होगा लाभ

महिलाओं खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली महिला उम्मीदवारों को अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने के लिए कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें दूर मिलने वाले परीक्षा स्थानों के लिये परिवहन और ठहरने की व्यवस्था करनी होती है। कभी-कभी उन्हें इन दूरस्थ स्थानों पर स्थित परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने के लिए परिवार जन, रिश्तेदार या उपयुक्त व्यक्ति की सहायता लेनी पड़ती है। लेकिन एनआरए के अंतर्गत प्रत्येक जिले में परीक्षा केन्द्र होने से महिला उम्मीदवारों को अधिक लाभ होगा।

अभी तक बहु-एजेंसियों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न परीक्षाओं में उम्मीदवारों को हिस्सा लेना होता है, जिसमें परीक्षा शुल्क के अलावा उम्मीदवारों को यात्रा, आवास और अन्य व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, लेकिन सीईटी जैसी एकल परीक्षा होने से उम्मीदवारों पर वित्तीय बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा। आज भी वित्तीय और अन्य कठिनाइयों को देखते हुए ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले उम्मीदवारों को यह सोच-विचार करना पड़ता है कि वह किस परीक्षा का हिस्सा बने किसका नहीं। लेकिन एनआरए के अंतर्गत एक परीक्षा में शामिल होने से उम्मीदवारों को कई पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा।

राज्य और संघ शासित प्रदेश सीईटी का उठा सकते हैं लाभ

राज्य और केंद्र शासित प्रदेश नौकरी के चयन के लिए राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) द्वारा आयोजित की जाने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) का लाभ उठा सकते हैं। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा कहा गया है कि सीईटी स्कोर को राज्य और संघ शासित प्रदेशों की भर्ती एजेंसियों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम यानि सार्वजनिक उपक्रम और बाद में निजी क्षेत्र के साथ भी साझा किया जा सकता है। इससे राज्य और संघ शासित प्रदेशों की सरकारों सहित भर्ती एजेंसियों को भर्ती पर होने वाले खर्च और समय की बचत करने में मदद मिलेगी, जबकि एक ही समय में नौकरी के इच्छुक युवा उम्मीदवारों के लिए यह कदम सुविधाजनक और किफायती होंगे। मंत्रालय द्वारा साझा की गई जानकारी में यह बात सामने आयी है कि ज्यादातर प्रदेशों के मुख्यमंत्री इस सुधार को अपनाने के लिए काफी उत्सुक हैं और इसके पक्ष में हैं।

बजट

सरकार ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) के लिए 1517.57 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। सरकार द्वारा प्रदान की गई राशि को तीन वर्षों की अवधि में व्यय किया जाएगा। यह राशि एनआरए की स्थापना के अलावा, 117 आकांक्षी जिलों में परीक्षा अवसंरचना को स्थापित करने के लिए भी खर्च होगी।

प्रारंभिक तौर पर सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) में प्राप्त अंकों का उपयोग तीन प्रमुख भर्ती एजेंसियों कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा किया जाएगा।

उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग

स्नातक, 12वीं और 10वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन होगी सामान्य योग्यता परीक्षा। एसएससी, आरआरबी और आईबीपीएस के लिए पहले स्तर पर उम्मीदवारों की जांच (स्क्रीनिंग) करने के लिए आयोजित की जाएगी सामान्य योग्यता परीक्षा।

प्रदेश के युवाओं को एनआरए द्वारा आयोजित परीक्षाओं के आधार पर ही दी जाएगी नौकरी, इस तरह का निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश सरकार ने देश में सबसे पहले ऐतिहासिक पहल करते हुये अभूतपूर्व निर्णय लिया कि प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर ही नौकरी दी जाएगी। ऐसा निर्णय लेने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। इस निर्णय से प्रदेश की शासकीय नौकरियों के लिए युवाओं को अलग से कोई परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी। एनआरए की मेरिट के आधार पर निर्धारित श्रेणियों में प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्तमान में देशभर में सरकारी नौकरियों के लिए 20 से अधिक भर्ती एजेंसियां हैं।
- संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी-UPSC) द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा की परीक्षाएं पूर्व की तरह ही आयोजित होंगी। उच्च पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाएं यूपीएससी द्वारा ही आयोजित की जाएंगी।
- एनआरए के अंतर्गत प्रति वर्ष दो परीक्षाएं होंगी और अभ्यर्थियों के अंक तीन साल के लिए वैध रहेंगे।
- सामान्य पात्रता परीक्षा केवल हिंदी और अंग्रेजी भाषा में आयोजित नहीं की जाएंगी, बल्कि इसे 12 भारतीय भाषाओं में कराया जाएगा, जबकि धीरे-धीरे 8वीं अनुसूची की अन्य भाषाओं को भी इसमें शामिल कर लिया जाएगा।
- वर्तमान में सरकारी परीक्षा में 2.5 करोड़ से 3 करोड़ अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं, लेकिन सामान्य पात्रता परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थियों को एक बार ही हिस्सा लेना होगा।
- अभ्यर्थी आसानी से परीक्षा दे सकें इसलिये कुल 1,000 केन्द्र खोले जाएंगे, हर जिले में एक केन्द्र होगा।
- अगले साल से अस्तित्व में आ जाएगी राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी, दिल्ली में होगा इसका मुख्यालय।
- ग्रामीण युवाओं के लिए मॉक टेस्ट आयोजित किया जाएगा।
- एनआरए द्वारा 24x7 हेल्पलाइन और शिकायत निवारण पोर्टल भी किया जाएगा शुरू।
- सामान्य पात्रता परीक्षा में भर्ती के नियमों जैसे निवास स्थान आदि के साथ कोई सह संबंध या असंगतता नहीं होगी, जिसका कुछ राज्यों या संघ शासित प्रदेशों द्वारा पालन किया जा रहा है।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों को मौजूदा सरकार की नीति के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

- रश्मि रंजन
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. अमित पंघाल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) कुश्ती
(ब) मुक्केबाजी
(स) शतरंज
(द) गोल्फ

2. हाल ही में प्राग ओपन का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) सिमोना हालेप
(ब) एश्ले बार्टी
(स) वियांका आंद्रेस्क्यू
(द) कोको गॉफ

3. वर्ष 2018 में एफआईएच विश्वकप में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे?
(अ) संदीप सिंह
(ब) मनप्रीत सिंह
(स) पी.आर. श्रीजेश
(द) वीरेन्द्र लाकड़ा

4. इनमें से किस देश के नाम एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) भारत
(ब) श्रीलंका
(स) इंग्लैंड
(द) दक्षिण अफ्रीका

5. भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में कितनी बार स्वर्ण पदक जीता है ?
(अ) तीन
(ब) दो
(स) चार
(द) इनमें से कोई नहीं

6. वर्ष 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने मुक्केबाजी में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) पांच
(ब) चार
(स) तीन
(द) सात

7. विश्व की युवा महिला वेटलिफ्टर रेवेका कोहा का संबंध किस देश से है?
(अ) सर्बिया
(ब) यूक्रेन
(स) हंगरी
(द) लातविया

8. इनमें से किस शहर ने पहले ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की है?
(अ) पेरिस
(ब) लॉस एंजेलिस
(स) एथेंस
(द) बर्लिन

9. दिग्गज फुटबॉलर डेविड बेकहम किस देश की राष्ट्रीय टीम के कप्तान रह चुके हैं?
(अ) इटली
(ब) इंग्लैंड
(स) जर्मनी
(द) पुर्तगाल

10. वर्ष 2019 में रोम मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के चैम्पियन बने थे?
(अ) राफेल नडाल
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) स्टेन वावरिंका
(द) नोवाक जोकोविच

11. विकास गौड़ा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?
(अ) लंबी कूद
(ब) चक्का फेंक
(स) भाला फेंक
(द) पोल वॉल्ट

12. महेन्द्र सिंह धोनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर का आखिरी मैच किस देश के खिलाफ खेला था?
(अ) पाकिस्तान
(ब) इंग्लैंड
(स) बांग्लादेश
(द) न्यूजीलैंड

13. फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप के एक सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?
(अ) जस्ट फोंटेन
(ब) वेन रूनी
(स) थॉमस मुलर
(द) डिडिएर ड्रोग्बा

14. इनमें से कौन सा एशियाई देश कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं लेता है?
(अ) श्रीलंका
(ब) ईरान
(स) सिंगापुर
(द) मलेशिया

15. एस्ट्रो टर्फ का इस्तेमाल किस खेल में किया जाता है?
(अ) क्रिकेट
(ब) कुश्ती
(स) हॉकी
(द) इनमें से कोई नहीं

16. राही सरनोबत किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती है?
(अ) निशानेबाजी
(ब) बैडमिंटन
(स) कबड्डी
(द) इनमें से कोई नहीं

17. अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने रियो ओलिंपिक में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) एक (ब) तीन
(स) दो (द) चार

18. टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड किस बल्लेबाज के नाम है?
(अ) ब्रैंडन मैक्कुलम
(ब) ए.बी. डिविलियर्स
(स) मिस्बाह उल हक
(द) वीरेन्द्र सहवाग

19. रॉकी मार्सियानो किस खेल के महान खिलाड़ी रह चुके हैं?
(अ) गोल्फ
(ब) मुक्केबाजी
(स) टेनिस
(द) फुटबॉल

20. पूर्व भारतीय खिलाड़ी रूमेली धर का संबंध किस खेल से है?
(अ) हॉकी
(ब) बैडमिंटन
(स) क्रिकेट
(द) फुटबॉल

21. वर्ष 2002 में एशियाई खेल कहां आयोजित किए गए थे?
(अ) नागोया
(ब) बुसान
(स) तेहरान
(द) बैंकॉक

22. वर्ष 1999 के वनडे क्रिकेट वर्ल्डकप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे?
(अ) मोहम्मद अजहरूद्दीन
(ब) सौरव गांगुली
(स) अनिल कुंबले
(द) राहुल द्रविड़

23. वर्ष 2010 के फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप में स्पेन ने किस देश को हराकर खिताब जीता था?
(अ) अर्जेंटीना
(ब) फ्रांस
(स) क्रोएशिया
(द) नीदरलैंड्स

24. गाबा क्रिकेट स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के किस शहर में स्थित है?
(अ) सिडनी
(ब) ब्रिस्बेन
(स) मेलबर्न
(द) कैनबरा

25. वर्ष 2018 में उबेर कप प्रतियोगिता किस देश ने जीती है?
(अ) भारत
(ब) जापान
(स) चीन
(द) डेनमार्क

उत्तर

1. (ब) 2. (अ) 3. (ब) 4. (स)
5. (अ) 6. (स) 7. (द) 8. (स)
9. (ब) 10. (अ) 11. (ब) 12. (द)
13. (अ) 14. (ब) 15. (स) 16. (अ)
17. (द) 18. (स) 19. (ब) 20. (स)
21. (ब) 22. (अ) 23. (द) 24. (ब)
25. (ब)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

प्रदेश में 362 आयुष वेलनेस सेंटर और 45 आयुष ग्राम की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में प्रदेश में 362 आयुष वेलनेस सेंटर और 45 नवीन आयुष ग्राम की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर कावरे ने 'स्वास्थ्य से समृद्धता की ओर' के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीकृति जारी की है। इस संबंध में राज्यमंत्री श्री कांवरे ने जुलाई अंत में हुई बैठक में निर्देश दिये थे।

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की स्थापना आयुष सिद्धांतों के आधार पर की जायेगी। इसके द्वारा ग्रामीणजनों की स्वयं की देखभाल के साथ योग, आहार, परामर्श एवं 12 चिन्हित स्वास्थ्य सेवाओं सहित उच्च गुणवत्तायुक्त पंचकर्म, रोग प्रतिरोधक, स्वास्थ्य संवर्धक तथा रोगोपचार की सेवाएं दी जायेंगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीणजनों को रोग अधिभार को कम करना भी है।

मध्यप्रदेश में 31 मार्च, 2020-21 तक प्रदेश में 362 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर शुरू किया जाना है। आयुष मंत्रालय द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर विकसित किये जायेंगे। यह योजना राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत क्रियान्वित होगी।

सेंटर में प्रदाय की जाने वाली सेवाओं में औषधालय क्षेत्र के सभी ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य पत्रक में उनके स्वास्थ्य स्तर का आकलन विभिन्न मापदण्डों के अनुसार किया जायेगा। उपलब्ध स्थानों पर औषधि उद्यान विकसित किये जायेंगे। इसमें 16 औषधीय वनस्पतियों के परिचय और उनकी चिकित्सीय उपयोगिता सहित जानकारी पट्टिका दर्शाई जायेगी। सामान्य रोगों के उपचार के लिये निर्धारित 12 हेल्थ केयर सर्विस को आयुष पद्धति द्वारा परामर्श, उपचार एवं औषधि वितरण किया जायेगा।

आयुष ग्राम

आयुष विभाग द्वारा प्रदेश के ग्रामीणजन के स्वास्थ्य संरक्षण के लिये आयुष ग्राम योजना शुरू की गई है। प्रदेश में आयुष ग्राम की स्थापना के लिये नवीन 45 ग्रामों का प्रारंभिक स्तर पर चयन किया गया है। संभागीय तथा जिला आयुष अधिकारी आयुष चिकित्सा अधिकारी के साथ समन्वय कर योजना का क्रियान्वयन करेंगे। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य का संरक्षण एवं रोगों से रक्षा करना है। ग्रामीण क्षेत्र में रोग अधिभार को कम कर ग्रामीणजन को प्राथमिक स्तर पर ही स्वास्थ्य लाभ देकर स्वस्थ एवं समृद्ध ग्राम की परिकल्पना साकार करना योजना का उद्देश्य है।

इसमें आयुष चिकित्सकों के दल द्वारा स्वास्थ्य स्तर का रिकॉर्ड घर-घर जाकर आयुष स्वास्थ्य पत्रक में सर्वेक्षण कर सॉफ्टवेयर में फीड किया जायेगा। इसके बाद डाटा विश्लेषण के आधार पर उस आयुष ग्राम की आगामी स्वास्थ्य योजना बनाकर आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में गांव में विभाग द्वारा कार्य किया जायेगा। तत्पश्चात यदि गांव में विशेष रोग से ग्रसित रोगी मिलते हैं, तो उनको स्वस्थ किया जायेगा। कार्य-योजना में राष्ट्रीय एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन, जागरूकता शिविर का आयोजन, वृद्धों की देखभाल सहित वृद्धावस्थाजन्य रोगों का निदान और चिकित्सा, आवश्यकता होने पर महाविद्यालय तथा जिला चिकित्सालय में चिकित्सा करवाना शामिल है। इसमें प्रशिक्षण और औषधीय पादप संबंधी कार्यों को भी शामिल किया गया है।

कृषि अधोसंरचना कोष से बदलेगी कृषि और किसानों की दशा

भोपाल, मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कृषि अधोसंरचना कोष का अधिकाधिक लाभ किसानों को दिलवाने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने की यह अद्भुत योजना है। मध्यप्रदेश सरकार इसके क्रियान्वयन में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसे जमीन पर उतारने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने ठोस प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कृषि किसान कल्याण, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ कृषि अधोसंरचना कोष के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित एक बैठक में कहीं। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आत्मनिर्भर भारत अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में अधोसंरचना कोष के संबंध में राज्यों से चर्चा की और प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किसानों की समृद्धि के लिए तैयार किए गए प्रकल्प को सफल बनाने का आह्वान किया।

मध्यप्रदेश के प्रयासों का वीडियो कॉन्फ्रेंस में उल्लेख हुआ। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर वेबिनार के माध्यम से कृषि अधोसंरचना कोष के प्रावधानों का लाभ लेने के लिए की गई अग्रिम पहल को अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय बताया।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय की इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के दोनों राज्यमंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला और श्री कैलाश चौधरी के साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत और हिमाचल प्रदेश, गुजरात एवं अन्य प्रांतों के कृषि एवं सहकारिता मंत्री उपस्थित थे।

श्री चौहान ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मध्यप्रदेश में सुनियोजित प्रयास होंगे। इस दिशा में कृषि, सहकारिता और उद्यानिकी विभाग की गतिविधियां प्रारंभ हो गई हैं। कृषि विभाग की तरफ से राज्य स्तरीय निगरानी समिति और जिलास्तरीय निगरानी समितियों के गठन, कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ) को आंदोलन के रूप में विस्तारित करने का लक्ष्य है। हर विकासखंड से योजना के अंतर्गत कम से कम दो प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सहकारिता विभाग की तरफ से भारत सरकार के उपक्रम नाबार्ड, एनसीवीसी के अधिकारियों को शामिल करते हुए सहकारिता विभाग, अपेक्स बैंक और मार्कफेड के अधिकारियों की दो कमेटियों का गठन किया गया है। निर्धारित मापदंडों के मुताबिक 263 जिलास्तरीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) और 54 विपणन समितियों को चिन्हित कर लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश में उन्नत सीडग्रेडिंग प्लांट, वेक्यूम व्हीट पैकिंग यूनिट, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज की श्रृंखला विकसित होगी। मध्यप्रदेश में एक जिला एक पहचान के अंतर्गत विभिन्न जिलों में सब्जियों और फलों के उत्पादन की अधिकता का लाभ लेते हुए प्रोसेसिंग यूनिट विकसित होंगी। वर्तमान में उत्पादन अधिक हो जाने से उत्पाद की कीमत कम हो जाने की स्थिति में किसान लाभान्वित नहीं हो पाता। उद्यानिकी विभाग की ओर से पैकहाउस, कोल्डरूम, इंटेग्रेटेड हाउस, इंटेग्रेटेड कोल्ड चेन सप्लाई, मोबाइल प्रोसेसिंग यूनिट, सॉर्टिंग एण्ड ग्रेडिंग के प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। इस संबंध में हाल ही में आत्मनिर्भर वेबिनार में रोडमैप बनाने के लिए हुए विचार-विमर्श में ठोस सुझाव मिले हैं। इन्हें क्रियान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस मत के वे पक्षधर हैं कि सिर्फ सब्सिडी आदि से किसान कल्याण संभव नहीं है, बल्कि दीर्घ अवधि की प्लानिंग तैयार कर बिचौलियों से उत्पादकों को बचाते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलवाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कृषि उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में स्टार्टअप को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर भारत के पैकेज के अंतर्गत बेहतर परिणाम लाने के लिए संकल्पबद्ध है।

कृषि क्षेत्र में आएगी क्रांति

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कृषि अधोसंरचना कोष में एक लाख करोड़ की राशि के प्रावधान और क्रियान्वयन के बिंदुओं पर राज्यों से हो रही यह बातचीत इस कार्य को गति प्रदान करेगी। कृषि क्षेत्र में वृहद स्तर पर निवेश से निश्चित ही क्रांति आएगी। आमूल-चूल परिवर्तन के यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत में बड़ा योगदान देंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के पैकेज को 8 जुलाई को मंजूरी मिली थी, एक माह बाद ही 9 अगस्त को कार्यवाही पूरी की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस दिन साढ़े आठ करोड़ किसान परिवारों को पीएम किसान सामान्य निधि के 17 हजार करोड़ रुपये प्रदान कर लाभान्वित किया। इसके साथ ही योजना के अनुमोदन के 30 दिन बाद 2 हजार 282 कृषक सोसायटियों को 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि की मंजूरी दी गई।

यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. 'उपदेश रसायन रास' के रचयिता हैं?
A) जिनदत्त सूरि
B) स्वयंभू
C) जोइन्दु
D) कुशल लाभ।

2. बैसवाड़ी का संबंध किस बोली से है?
A) अवधी B) मैथली
C) भोजपुरी D) छत्तीसगढ़ी।

3. 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' की स्थापना कब हुई?
A) 1909 ई. B) 1910 ई.
C) 1912 ई. D) 1915 ई.।

4. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना किसने की थी?
A) डॉ. अम्बेडकर
B) डॉ. राधाकृष्णन
C) राजगोपालाचारी
D) महात्मा गांधी।

5. नागरी प्रचारिणी सभा, काशी की स्थापना कब हुई?
A) 1880 ई. B) 1893 ई.
C) 1895 ई. D) 1889 ई.।

6. कामायनी में किस दर्शन की अभिव्यक्ति हुई है?
A) बौद्ध दर्शन
B) अद्वैतवाद
C) विशिष्टाद्वैतवाद
D) शैव दर्शन।

7. मुंशी प्रेमचन्द के उपन्यासों का सही कालक्रम है?
A) सेवासदन, गोदान, गबन, रंगभूमि
B) सेवासदन, गोदान, रंगभूमि, गबन
C) गबन, सेवासदन, रंगभूमि, गोदान
D) सेवासदन, रंगभूमि, गबन, गोदान।

8. ध्वनि सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं?
A) आचार्य आनंदवर्धन
B) दण्डी
C) कुन्तक
D) आचार्य भरतमुनि।

9. 'शिवशम्भू के चिट्ठे' के रचयिता कौन हैं?
A) बालमुकुन्द गुप्त
B) बालकृष्ण भट्ट
C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
D) रामधारी सिंह दिनकर।

10. निम्नलिखित पात्रिकाओं को उनके प्रकाशन वर्षानुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करें?
A) मतवाला, हंस, देश, मर्यादा
B) मर्यादा, हंस, देश, मतवाला
C) हंस, मतवाला, देश, मर्यादा
D) मर्यादा, देश, मतवाला, हंस।

11. केशव की रचनाओं का सही कालक्रम है?
A) कवि प्रिया, रतन बावनी, रामचन्द्रिका, रसिक प्रिया
B) रसिक प्रिया, रामचन्द्रिका, कविप्रिया, रतन बावनी
C) रतन बावनी, रसिक प्रिया, कविप्रिया, रामचन्द्रिका
D) रामचन्द्रिका, रसिक प्रिया, कविप्रिया, रतन बावनी।

12. भक्त कवियों का सही कालक्रम है?
A) कबीर, जायसी, दादू, सुन्दरदास
B) जायसी, कबीर, दादू, सुन्दरदास
C) दादू, कबीर, जायसी, सुन्दरदास
D) सुन्दरदास, दादू, कबीर, जायसी।

13. आचार्य चतुरसेन शास्त्री के उपन्यासों का सही क्रम है?
A) आत्मदाह-नीलमणि-गोली-अपराजिता
B) आत्मदाह-नीलमणि-अपराजिता-गोली
C) गोली-आत्मदाह-नीलमणि-अपराजिता
D) अपराजिता-गोली-आत्मदाह-नीलमणि।

14. महिला कहानीकार मृदुला गर्ग की कहानियों का सही कालक्रम है?
A) शहर के नाम-संगति विसंगति-मेरे देश की मिट्टी-समागम
B) मेरे देश की मिट्टी-संगति विसंगति-शहर के नाम-समागम
C) संगति विसंगति-मेरे देश की मिट्टी-समागम-शहर के नाम
D) शहर के नाम-समागम-मेरे देश की मिट्टी-संगति विसंगति।

15. रीति को अविरल परम्परा किससे मानी जाती है?
A) पद्माकर B) घनानन्द
C) चिन्तामणि D) देव।

16. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' परिभाषा है?
A) वामन B) भामह
C) दण्डी D) कुन्तक।

17. 'अष्टछाप' की स्थापना किस वर्ष हुई?
A) 1865 ई. B) 1565 ई.
C) 1562 ई. D) 1563 ई.।

18. सुमित्रा नन्दन पंत ने महात्मा गांधी पर कौन-सी रचना लिखी है?
A) मुक्तियज्ञ B) जगदालोक
C) जननायक D) गांधी मानस।

19. 'बौद्धगान' दोहा का सम्पादन किया गया?
A) 1917 ई. B) 1914 ई.
C) 1919 ई. D) 1814 ई. में।

20. 'श्राव का चार' में दोहों की संख्या है?
A) 240 B) 250
C) 255 D) 270।

21. सिद्धों और नाथों की संख्या क्रमशः मानी जाती है?
A) 84 तथा 10
B) 84 तथा 9
C) 88 तथा 9
D) 88 तथा 10

22. हिन्दी के प्रथम कवि के रूप में माने जाते हैं?
A) सरहपा
B) हरिऔध
C) जयशंकर प्रसाद
D) चन्द।

23. गुरुनानक किस शाखा के कवि थे?
A) प्रेमाश्रयी शाखा
B) ज्ञानाश्रयी शाखा
C) राम भक्ति शाखा
D) कृष्ण भक्ति शाखा

24. 'हल्दी घाटी का युद्ध' नामक महाकाव्य के रचयिता हैं?
A) ठाकुर गोपाल शरण सिंह
B) श्याम नारायण पाण्डेय
C) सुभद्रा कुमारी चौहान
D) माखनलाल चतुर्वेदी।

25. 'नई कविता' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष है?
A) 1967 ई. B) 1953 ई.
C) 1954 ई. D) 1956 ई.।

26. असंगत अनुक्रम बताइए -

रचयिता -	रचना
1) देव राजा -	रोड़े और पत्थर
2) मनोहर श्याम जोशी -	अज्ञातवास
3) लक्ष्मी नारायण लाल -	धरती की आंखें
4) भैरव प्रसाद गुप्त -	चौरी-चौरा

कूट -
A) 1, 2 और 4
B) 2, 3 और 4
C) 4 और 3
D) 2 और 4।

27. आलोचना पत्रिका के सम्पादक रहे हैं?
A) प्रताप सिंह बिष्ट
B) डॉ. नामवर सिंह
C) गंगा प्रसाद विमल
D) काशी नाथ सिंह।

28. कौन-सा कवि तीसरे तार सप्तक में नहीं है।
A) भवानी प्रसाद मिश्र
B) केदारनाथ
C) विजय देव नारायण शाही
D) कीर्ति चौधरी।

29. बरवै रामायण के रचयिता हैं?
A) रहीम B) नन्ददास
C) तुलसीदास D) सुरदास।

30. लक्ष्मीपुरा नामक रिपोर्ताज के लेखक हैं?
A) रांगेय राघव
B) शिवदत्त सिंह चौहान
C) शमशेर बहादुर सिंह
D) धर्मवीर भारती।

31. इनमें से कौन-सी रचना अवधी की नहीं है?
A) रामचरित्र मानस
B) पद्मावत
C) विनय पत्रिका
D) मधुमालती।

32. 'अद्वैतवाद' सिद्धांत के प्रर्वतक कौन हैं?
A) शंकराचार्य
B) रामानुजाचार्य
C) रामानंद
D) विष्णु स्वामी।

33. हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
A) मदन मोहन मालवीय
B) महात्मा गांधी
C) रामविलास शर्मा
D) धनपत राय।

34. निम्न में से कौन शैव थे जो बाद में जैन हो गये?
A) स्वयंभू B) धनपाल
C) पुष्पदंत D) रामसिंह।

35. गेय पदों की परम्परा हिन्दी में किससे शुरू होती है?
A) हिन्दी के जैन कवियों से
B) अपभ्रंश कवियों से
C) नाथों से
D) सिद्धों से।

36. कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है?
A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
D) राहुल सांकृत्यायन।

37. 'मानुष प्रेम भए बैकुंठी' किस रचना की पंक्ति है?
A) मधुमालती B) मृगावती
C) पद्मावत D) चन्दायन।

38. 'जहांगीर जस चन्द्रिका' के रचनाकार कौन हैं?
A) देव B) मतिराम
C) केशव D) चिन्तामणि।

39. 'हंस जवाहिर' नामक प्रेमाख्यान किसने लिखा है?
A) शेख नवी
B) नूर मोहम्मद
C) उस्मान
D) कासिम शाह।

40. हरिदासी सम्प्रदाय के प्रर्वतक हैं?
A) बल्लभाचार्य
B) चैतन्य महाप्रभु
C) स्वामी हरिदास
D) निम्बकाचार्य।

41. 'रामचरित मानस' की रचना कितने समय में हुई?
A) 2 वर्ष 7 माह 5 दिन
B) 2 वर्ष 7 माह 26 दिन
C) 2 वर्ष 8 माह 20 दिन
D) इनमें से कोई नहीं।

42. निम्नलिखित कवियों में से कौन-सा कवि रीति सिद्ध है?
A) मतिराम B) पद्माकर
C) बिहारी D) घनानंद।

43. 'साखी' किसका संकलन है?
A) शमशेर बहादुर सिंह
B) कीर्ति चौधरी
C) हरिनारायण व्यास
D) विजय देव नारायण शाही।

44. 'काव्य मिथ्या जगत की अनुकृति है' कथन किसका है?
A) अरस्तू B) प्लेटो
C) सुकरात D) लोन्जाइनस।

45. 'काव्य में उदात्त तत्व' किसका सिद्धांत है?
A) लोन्जाइनस B) प्लेटो
C) अरस्तू D) क्रोंचे।

46. 'नई समीक्षा' के प्रवर्तक कौन हैं?
A) रिचर्ड्स B) टी.एस. इलियट
C) क्रोचे D) कॉलरिज।

47. 'जिसे तुम समझे हो अभिशाप, जगत की ज्वालाओं का मूल ईश का वह रहस्य वरदान कभी मत जाओ इसको भूल' उपरोक्त पद किस काव्य से है?
A) आंसू B) लहर
C) कामायनी D) अंधेरे में।

48. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लक्षण ग्रंथकार है?
A) देव
B) घनानंद
C) बिहारी
D) इनमें से कोई नही।

49. 'महात्मा बुद्ध के बाद सबसे बड़े लोकनायक तुलसी थे' यह कथन किसका है?
A) सर जार्ज ग्रियर्सन
B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
D) गोपाल राम गहमरी।

50. 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है' यह कथन किसका है?
A) डॉ. नागेन्द्र
B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
C) नन्द दुलारे वाजपेयी
D) डॉ. रामकुमार वर्मा।

51. इनमें से पंत की कौन-सी रचना अरविंद दर्शन से प्रभावित है?
A) ग्राम्या B) स्वर्ण धूलि
C) पल्लव D) समाधिता।

उत्तरमाला

1. A,	2. A,	3. B	4. D,
5. B,	6. D,	7. D,	8. A,
9. A,	10. D,	11. B,	12. A,
13. C,	14. D,	15. C,	16. B,
17. B,	18. A,	19. A,	20. B,
21. B,	22. A,	23. B,	24. B,
25. C,	26. D,	27. B,	28. A,
29. C,	30. B,	31. C,	32. A,
33. A,	34. C,	35. D,	36. B,
37. C,	38. C,	39. D,	40. C,
41. B,	42. C,	43. D,	44. B,
45. A,	46. B,	47. C,	48. A,
49. A,	50. A,	51. C,	

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने वालों का हो कोरोना टेस्ट

भोपाल, न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने वाले बंदियों को कोरोना संबंधी टेस्ट कराने के उपरांत ही जेलों में दाखिल कराये जाने के संबंध में न्यायालयीन आदेश हुआ है। उक्त आदेश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान एवं जेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने संयुक्त रूप से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन एवं समस्त जेल अधीक्षकों को पत्र लिखकर उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

वर्तमान में कोरोना संक्रमण के फैलाव तथा जेलों में आने वाले बंदियों की संख्या में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में अस्थायी 14 जेल आरंभ की गई हैं। इन अस्थाई जेलों में नई आमद के बंदियों को प्रविष्ट कराया जा रहा है। शेष जेलों में नई आमद सीधे मुख्य जेलों में प्रविष्ट हो रही हैं। वर्तमान में प्रदेश में अस्थायी एवं मूल जेल और मूल जेल की व्यवस्था है। इन जेलों में कोरोना संक्रमण को देखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। अस्थाई एवं मूल जेल में जिला मुख्यालय में सभी बंदियों को आरटीपीसीआर या एंटीजन टेस्ट के बाद ही पुलिस द्वारा अस्थायी जेल में प्रविष्ट किया जायेगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि बंदी की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उन्हें उपचार के लिये पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिये कोविड-19 सेंटर भेजा जायेगा। जिन बंदियों की रिपोर्ट निगेटिव आती है, तो उन्हें मूल जेल की क्वारेंटाइन बैरेक में 14 दिन के लिये रखा जायेगा। क्वारेंटाइन बैरेक में रखे गये बंदियों में से किसी में भी कोविड-19 के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उनका पुनः आरटीपीसीआर कराया जायेगा।

सेवानिवृत्त शासकीय कर्मियों के पेंशन प्रकरण और स्वत्वों के निराकरण के निर्देश

भोपाल, भोपाल संभाग के अंतर्गत शासकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण और स्वत्वों के निराकरण के लिये 26 अगस्त से 11 सितम्बर की अवधि में विशेष अभियान चलाया जायेगा।

संभागायुक्त भोपाल श्री कवीन्द्र कियावत ने संभाग के जिला कलेक्टर्स को अर्धशासकीय पत्र भेजकर उनके जिले के कार्यालयों में सेवानिवृत्त हुए सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण एवं उनके स्वत्वों के निराकरण सुनिश्चित कराने के लिये कहा है।

संभागायुक्त ने कोपालय अधिकारियों को भी हिदायत दी है कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय/विभाग में पिछले 5 वर्ष में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों की सूची बनाकर चिन्हित कर उनके पेंशन प्रकरण, अवकाश नकदी करण, जीपीएफ, डीपीएफ, जीआईएस एवं एफबीएफ आदि प्रकरणों के भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करें। श्री कियावत ने निर्देश दिए कि इस अभियान के बाद यदि किसी शासकीय सेवक के पेंशन प्रकरण निराकृत नहीं किए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी

संभागायुक्त श्री कियावत ने कहा है कि भोपाल संभाग के जिन जिलों के पेंशन, देय स्वत्व भुगतान का शत्-प्रतिशत निराकरण होगा।

खेलचर्चा

पैरालिंपिक-2021 में भारत करेगा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली, भारतीय पैरालिंपिक समिति के महासचिव गुरशरण सिंह ने कहा कि वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले पैरालिंपिक खेलों में भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। उन्होंने टूर्नामेंट में 5 स्वर्ण सहित 15 पदक जीतने की उम्मीद जताई है। गुरशरण सिंह ने कहा कि अगर हमारे 50 एथलीट पैरालिंपिक खेल-2021 के लिए क्वालिफाई करते हैं, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत ने वर्ष 2016 के रियो पैरालिंपिक खेलों में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 4 पदक जीते थे।

सिमोना हालेप ने जीता प्राग ओपन टूर्नामेंट

प्राग, रोमानिया की दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व नंबर एक महिला खिलाड़ी सिमोना हालेप ने प्राग ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में हालेप ने बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराया। यह हालेप के टेनिस कॅरियर का 21वां डब्ल्यूटीए खिताब है। इससे पहले हालेप ने अपना आखिरी खिताब इस वर्ष फरवरी में दुबई ओपन के रूप में जीता था। इस जीत के साथ ही हालेप का लगातार नौ मैच में जीत का क्रम बन गया है। प्राग ओपन में जीत दर्ज करने के बाद हालेप ने यूएस ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। हालेप ने यह निर्णय कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये लिया है।

सेविला ने छठवीं बार जीता यूरोपा लीग खिताब

कोलोन, स्पेन के फुटबॉल क्लब सेविला ने इटली के फुटबॉल क्लब इंटर मिलान को हराकर यूरोपा लीग का खिताब अपने नाम किया है। सेविला ने छठवीं बार यह खिताब जीता है। इससे पहले वर्ष 2006, 2007, 2014, 2015 और 2016 में भी सेविला यूरोपा लीग चैम्पियन बन चुका है। टूर्नामेंट के फाइनल में सेविला ने इंटर मिलान को 3-2 से हराया। सेविला के लिए ल्यूक डि योंन्ग ने दो गोल किए। वहीं इंटर मिलान के लिए रोमेलु लुकाकु तथा डिएगो गोडिन ने 1-1 गोल किए। मैच के 74वें मिनट में इंटर मिलान के लुकाकु अपने ही गोलपोस्ट में आत्मघाती गोल कर बैठे जो कि निर्णायक साबित हुआ।

जापानी बैडमिंटन खिलाड़ी अयाका ने लिया संन्यास

टोक्यो, जापान की दिग्गज बैडमिंटन

खिलाड़ी अयाका ताकाहाशी ने संन्यास लेने की घोषणा की है। अयाका ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टोक्यो ओलिंपिक एक वर्ष के लिए स्थगित होने के बाद वह अपनी प्रेरणा बरकरार नहीं रख पाएंगी इसलिए संन्यास का फैसला किया है। अयाका बैडमिंटन में युगल वर्ग की अनुभवी खिलाड़ी हैं। वर्ष 2016 के रियो ओलिंपिक में अयाका ने मिसाकी मतसुतोमो के साथ महिला युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। अयाका ने जापान के लिए वर्ष 2018 में उबेर कप जीता है।

एंडरसन 600 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने

साउथेम्प्टन, इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे विश्व के पहले तेज गेंदबाज हैं। एंडरसन ने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान पाकिस्तान के कप्तान अजहर अली को आउट कर हासिल की।

मैच रहा ड्रा, इंग्लैंड ने जीती सीरीज

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच ड्रा रहा। इसके साथ ही इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज पर 1-0 से कब्जा जमाया। सीरीज का पहला मैच इंग्लैंड ने 3 विकेट से जीता, वहीं दूसरा मैच वर्षा बाधित रहने के कारण ड्रा रहा था।

तीसरे मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 8 विकेट 583 रन पर घोषित की। इंग्लैंड के लिए जैक क्राउले और जोस बटलर ने शानदार शतक लगाया। क्राउले ने 267 रन की पारी खेली, वहीं बटलर ने 152 रन बनाए। इन दोनों के अलावा क्रिस वोक्स ने भी उपयोगी पारी खेली। क्राउली ने अपने पहले ही शतक को दोहरे शतक में बदला है। इंग्लैंड के विशाल स्कोर के सामने पाकिस्तान की टीम शुरू से दबाव में रही। पाकिस्तान ने पहली पारी में 273 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए अजहर अली ने नाबाद 141 रन की पारी खेली। अली के अलावा मोहम्मद रिजवान (53) ने भी उपयोगी पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को फॉलोऑन से नहीं बचा पाए।

पहली पारी में 310 रन से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम ने शुरुआत से ही मैच ड्रा कराने के लिए खेला। दूसरी पारी में पाकिस्तानी टीम पूरी तरह डिफेंसिव खेलती नजर आई। हालांकि इस दौरान पाकिस्तान को बारिश का सहारा भी मिला। पाकिस्तानी टीम ने दूसरी पारी में 83.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 187 रन बनाए और मैच ड्रा करने में सफल रही। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम (63), आबिद अली (42) और अजहर अल (31) ने टिकाऊ पारी खेली।

- **टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं एंडरसन।**
- **टेस्ट क्रिकेट में एंडरसन से पहले मुथैया मुरलीधरन (800), शेनवॉर्न (708) और अनिल कुंबले (619) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।**
- **एंडरसन ने यह उपलब्धि अपने 156वें टेस्ट मैच के दौरान हासिल की।**
- **एंडरसन 29 बार एक पारी में 5 विकेट या इससे ज्यादा तथा 3 बार एक मैच में 10 या इससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं।**

ट्वेंटी-20 में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने ब्रावो

त्रिनिदाद, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर

ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट में नई उपलब्धि हासिल की है। ब्रावो ट्वेंटी-20 क्रिकेट में 500 विकेट हासिल करने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बन गए हैं। ब्रावो ने यह उपलब्धि कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में सेंट लुसिया जॉक्स के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। इस मैच में ब्रावो ने रोस्टन चेज को बोल्ड कर 500 विकेट पूरे किये। ब्रावो ने सीपीएल में 100 विकेट भी पूरे किए। उल्लेखनीय है कि ब्रावो वेस्टइंडीज की टीम का प्रमुख हिस्सा रहे हैं। ब्रावो ने वेस्टइंडीज के लिए 40 टेस्ट, 164 वनडे और 71 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं।

रेयान हैरिस बने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच

दुबई, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रेयान हैरिस को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स थे, लेकिन होप्स ने निजी कारणों की वजह से टीम के साथ यूएई की यात्रा करने में असमर्थता जताई थी। हैरिस डेक्कन चार्जर और किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेल चुके हैं। हैरिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैचों में 113 विकेट लिए हैं। हैरिस ने 21 वनडे मैचों में 44 विकेट भी हासिल किए हैं।

अब्बास, कैलिस और लिसा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तीन खिलाड़ियों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। इनमें पाकिस्तान के जहीर अब्बास, दक्षिण अफ्रीका के जैक कैलिस और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर लिसा स्टालेकर शामिल हैं।

बेहतरीन ऑलराउंडर हैं कैलिस

जैक कैलिस विश्व क्रिकेट के महान ऑलराउंडर्स में शुमार हैं। कैलिस ने 19 साल के अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर में 166 टेस्ट, 328 वनडे और 25 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। कैलिस ने टेस्ट में 13 हजार 289 रन और 292 विकेट लिए हैं, जबकि वनडे क्रिकेट में उनके नाम 11 हजार 579 रन और 273 विकेट हैं।

एशिया के ब्रैडमैन हैं अब्बास

पाकिस्तान के जहीर अब्बास को एशिया का ब्रैडमैन भी कहा जाता है। अब्बास का फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड लाजवाब रहा है। उन्होंने 459 फर्स्ट क्लास मैचों में 108 शतक और 158 अर्धशतक के साथ 34 हजार 843 रन बनाए हैं। वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 100 शतक बनाने वाले एकमात्र एशियाई बल्लेबाज हैं। अब्बास ने 78 टेस्ट मैचों में 5 हजार 62 रन तथा 62 वनडे मैचों में 2 हजार 572 रन भी बनाए हैं।

महिला क्रिकेट की प्रेरणास्रोत हैं लिसा

ऑस्ट्रेलियाई टीम से खेलने वाली लिसा भारतीय मूल की हैं। लिसा बेहतरीन ऑलराउंडर रह चुकी हैं। वर्ष 2005 और 2013 में वनडे विश्वकप तथा वर्ष 2010 और 2012 में ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रही हैं। लिसा वनडे क्रिकेट में 1000 रन के साथ 100 विकेट लेने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। लिसा ने 125 वनडे, 54 ट्वेंटी-20 तथा 8 टेस्ट मैच खेले हैं।

मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को मिले दो राष्ट्रीय पुरस्कार

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के दो खिलाड़ियों को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर उनकी सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। मध्यप्रदेश के शाजापुर के मलखम्ब प्रशिक्षक श्री योगेश मालवीय को द्रोणाचार्य अवॉर्ड तथा ग्वालियर के दिव्यांग पैरा तैराक श्री सतेन्द्र सिंह लोहिया को तेनजिंग नॉरगे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मलखम्ब एवं तैराकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर दोनों खिलाड़ियों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। हमें आप पर गर्व है।

मलखम्ब को मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य खेल का दर्जा प्रदान किया गया है। मलखम्ब खेल प्रशिक्षक के रूप में श्री योगेश मालवीय ने अपना अद्वितीय योगदान दिया है। उन्हें वर्ष 2012 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा विश्वामित्र अवॉर्ड से तथा वर्ष 2018 में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा मलखम्ब के शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जा चुका है।

श्री सतेन्द्र सिंह लोहिया दिव्यांग पैरा तैराक के रूप में केटलीना चैनल को 11

घंटे 34 मिनिट की अल्पवधि में पार कर पहले एशियाई तैराक बने तथा उन्होंने इंग्लिश चैनल को 12 घंटे 24 मिनिट में पार कर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया। उन्होंने चार अंतर्राष्ट्रीय तथा सात राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशीप में कुल 28 पदक अर्जित किए हैं।

मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के प्रशिक्षक जसपाल राणा को मिलेगा द्रोणाचार्य अवॉर्ड

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के हाई परफॉरमेंस पिस्टल शूटिंग प्रशिक्षक श्री जसपाल राणा को इस वर्ष प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया है। खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने श्री राणा को बधाई देते हुए कहा है कि श्री राणा ने खिलाड़ी के रूप में मात्र 18 वर्ष की उम्र में अर्जुन अवॉर्ड प्राप्त किया था और अब प्रशिक्षक के रूप में देश के प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी नवाजे जायेंगे। उन्होंने कहा कि श्री राणा द्वारा दिये गये बेहतरीन प्रशिक्षण का नतीजा है कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी चिकी यादव ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई किया है।

यूएफा चैम्पियंस लीग

बायर्न म्यूनिख छठवीं बार बना चैम्पियन

लिस्बन, जर्मनी के लोकप्रिय फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने यूएफा चैम्पियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बायर्न म्यूनिख ने फ्रांसीसी क्लब पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराया। बायर्न म्यूनिख की जीत के हीरो किंग्सले कोमैन बने। बार्यन म्युनिख ने छठवीं बार इस खिताब पर कब्जा जमाया है।

नेमार जूनियर, किलियन एमबाप्पे और एंजेल डिमारिया जैसे महंगे सितारा खिलाड़ियों से सजी पेरिस सेंट जर्मेन को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। लेकिन ये तीनों खिलाड़ी बायर्न म्यूनिख के खिलाफ कोई जादू नहीं दिखा पाए।

मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने संभलकर खेला और रक्षात्मक रणनीति पर जोर दिया। पेरिस सेंट जर्मेन टीम के

स्ट्राइकरों ने शुरुआत में गोल करने का प्रयास किया, लेकिन बायर्न म्यूनिख के डिफेंडरों ने उन्हें नाकाम कर दिया। मैच का पहला हाफ बिना किसी गोल के समाप्त हो गया। मैच के दूसरे हाफ में बायर्न म्यूनिख ने भी गोल पोस्ट पर ताबड़तोड़ हमले कर पेरिस सेंट जर्मेन पर दबाव बनाया। बायर्न म्यूनिख को 59वें मिनट में सफलता हाथ लगी। बायर्न म्यूनिख के जोशुआ किमिच ने पेरिस सेंट जर्मेन की रक्षा पंक्ति को भेदकर बॉल पेरिस सेंट जर्मेन की डी में ले गए। उन्होंने किंग्सले कोमैन को पास दिया। कोमैन ने बिना कोई गलती किए शानदार हैडर से गेंद गोलपोस्ट में पहुंचा दी। यह गोल मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कई प्रयास किए। लेकिन कोई भी सफल नहीं रहा।

- **बायर्न म्यूनिख ने छठवीं बार जीती है चैम्पियंस लीग।**
- **इससे पहले बायर्न म्यूनिख वर्ष 1974, 1975, 1976, 2001 और 2013 में भी बन चुका है चैम्पियन।**
- **लीग में बायर्न म्यूनिख के रॉबर्ट लेवानडोवस्की ने सर्वाधिक 15 गोल किए।**
- **बायर्न म्यूनिख ने इस वर्ष बुंदेसलीगा और जर्मन कप टूर्नामेंट भी जीता है।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

एनसीसी प्रशिक्षण के लिए मोबाइल एप किया गया लॉन्च

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने डायरेक्टोरेट जनरल नेशनल कैडेट कॉर्प्स (डीजीएनसीसी) मोबाइल प्रशिक्षण एप लॉन्च किया। यह एप एनसीसी कैडेटों के देशव्यापी ऑनलाइन प्रशिक्षण के संचालन में सहायता करेगा। इस एप का उद्देश्य एनसीसी कैडेटों को एक प्लेटफार्म पर समस्त प्रशिक्षण सामग्री जैसे सिलेबस, संक्षेपिका, प्रशिक्षण वीडियो एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न आदि उपलब्ध कराना है। इस एप को एक प्रश्न विकल्प शामिल करने के द्वारा परस्पर संवादमूलक बनाया गया है। इस विकल्प का उपयोग करने के द्वारा कोई भी कैडेट प्रशिक्षण सिलेबस के बारे में प्रश्न पूछ सकता है और उसका उत्तर योग्य इंस्ट्रक्टरों के एक पैनल द्वारा दिया जाएगा।

रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार

हिन्द महासागर क्षेत्र में शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में बढ़ेगी भारत की भूमिका : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार को संबोधित किया। रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना, नई तकनीक विकसित करना और रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र को महत्वपूर्ण भूमिका देना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए निरंतर और लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं, जैसे- लाइसेंस प्रक्रिया में सुधार, सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना, निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाना आदि।

- **उत्तरप्रदेश और तमिलनाडु में दो रक्षा गलियारों के बारे में प्रधानमंत्री ने बात की। इसके लिए आने वाले 5 वर्षों में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश का रखा गया है लक्ष्य।**
- **सामूहिक प्रयासों से आत्मनिर्भर बनने के संकल्प को जारी रखने और आत्मनिर्भर भारत बनने में मिलेगी मदद।**
- **सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर काम कर रही है सरकार।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मविश्वास की भावना आवश्यक है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति से तीनों सेनाओं में बेहतर तालमेल और समन्वय स्थापित हुआ है। साथ ही इससे रक्षा खरीद को बढ़ाने में भी मदद मिली है। आधुनिक उपकरणों में आत्मनिर्भरता के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि डीआरडीओ के अलावा सरकार भी निजी क्षेत्र में और शैक्षणिक संस्थानों में अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि घरेलू खरीद के लिए पूंजीगत बजट का एक हिस्सा निर्धारित करने, 101 वस्तुओं को घरेलू खरीद के लिए निर्धारित करने जैसे कदमों से घरेलू खरीद को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू रक्षा उद्योगों में तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा हमारा लक्ष्य एक समर्थ भारत का निर्माण करना है ताकि वैश्विक अर्थव्यवस्था को अधिक लचीला एवं अधिक स्थिर बनाया जा सके और दुनिया में शांति स्थापित हो सके। भारत अपने तमाम मित्र देशों के लिए रक्षा उपकरणों का एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बनने की क्षमता रखता है। यह भारत की सामरिक साझेदारी को मजबूत करेगा और हिन्द महासागर क्षेत्र में 'शुद्ध सुरक्षा प्रदाता' के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करेगा।

स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण

जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने दिया इस्तीफा

जापान में सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री का पद संभालने वाले प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पद छोड़ने का ऐलान करते हुये कहा कि मेरे कार्यकाल का अभी एक साल का समय बाकी है और कई चुनौतियों को पूरा करना बाकी है, लेकिन मैं नहीं चाहता कि मेरी सेहत की वजह से सरकार के कामकाज पर असर पड़े। इसलिए, मैंने प्रधानमंत्री पद छोड़ने का फैसला किया है। 65 वर्षीय आबे लंबे समय से पेट से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस पर कहा है कि 'मेरे प्यारे दोस्त आपके स्वास्थ्य के बारे में सुनकर दुःख हुआ। हाल के वर्षों में आपके नेतृत्व में भारत-जापान की साझेदारी पहले से कहीं ज्यादा गहरी और मजबूत हुई है। मैं आपके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

- **इससे पहले वर्ष 2007 में भी स्वास्थ्य कारणों से दिया था इस्तीफा।**
- **2012 में सत्ता में फिर वापसी करने के बाद लगातार 2803 दिनों तक प्रधानमंत्री रहे हैं आबे।**
- **आबे लंबे समय से आंत संबंधी अल्सेरेटिव कोलाइटिस नामक समस्या से ग्रसित हैं।**
- **सितंबर, 2021 में खत्म होने वाला था आबे का कार्यकाल।**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

निक्की हेली बनीं स्टार प्रचारक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से निक्की हेली को स्टार प्रचार बनाया है। रिपब्लिकन नेशनल कंवेन्शन में हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा देश का राष्ट्रपति बनाने की अपील की। कंवेन्शन में हेली स्टार स्पीकर थीं। माना जा रहा है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय मूल की कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है, जिसके जवाब में निक्की हेली को स्टार प्रचारक बनाया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में वहां रह रहे भारतीयों को रिझाने की दोनों तरफ से कोशिशें जारी हैं।

बेलारूस के चलते नाटो और रूस में बढ़ा तनाव

बेलारूस में जनता के विद्रोह के बाद रूस ने खुले तौर पर राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेन्को को अपना समर्थन दिया है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका ने अपने 6 B-52 बमवर्षक विमान ब्रिटेन भेजे हैं, ताकि नाटो सहयोगियों को हिम्मत मिल सके।

- **यूएस एयरफोर्स के यूरोप और अफ्रीका के कमांडर जेफ हैरिसन ने कहा कि बी-52 फेयरफोर्ड लौट आये हैं और जल्द ही इलाके में संचालन करेंगे।**

गौरतलब है कि बेलारूस में जनता के विद्रोह के बीच नाटो और रूस के बीच तनाव बढ़ गया है, क्योंकि नाटो सदस्य देश नहीं चाहते कि रूस लुकाशेन्को को अपना समर्थन दे। तकरीबन 26 साल से सत्ता पर काबिज बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेन्को ने आरोप लगाया है कि नाटो उनकी सरकार गिराने की साजिश रच रहा है। नाटो और रूस में बढ़ते तनाव को देखते हुये ही अमेरिका ने 6 बी-52 विमान तैनात किये हैं।

रूस में होने वाले बहुपक्षीय युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा भारत

भारत अगले महीने रूस में होने वाले बहुपक्षीय युद्धाभ्यास में अपनी तीनों सेनाओं की एक टुकड़ी भेजेगा। यह कोरोना महामारी के बाद भारत की किसी विशाल सैन्याभ्यास में पहली भागीदारी होगी।

15 से 26 सितंबर तक दक्षिण रूस के अस्त्राखन इलाके में होने वाले सैन्याभ्यास में भाग लेने वाले भारतीय दल में सेना के करीब 150 जवान, भारतीय वायुसेना के 45 कर्मी और कई नौ सैनिक अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस युद्धाभ्यास में भारत-रूस सहित कई देश हिस्सा लेंगे।

बारह वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिये मास्क पहनना जरूरी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिये बारह वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को वयस्कों की तरह ही मास्क पहनना जरूरी है।

- **छह से ग्यारह साल की उम्र के बच्चे खतरे के आधार पर मास्क पहन सकते हैं।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ ही संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि जिन क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण का फैलाव ज्यादा हो और जहां एक मीटर की दूरी बनाये रखना संभव नहीं है, वहां 12 साल से बड़े बच्चों को मास्क पहनना जरूरी है। हालांकि दोनों संगठनों ने माना है कि पांच साल और उससे कम उम्र के बच्चों के लिये उनकी सेहत और हित को देखते हुये मास्क पहनना आवश्यक नहीं है।

मोबाइल एप 'माय आईएएफ' का शुभारम्भ

भारतीय वायु सेना में शामिल होने के इच्छुक लोगों के लिए कॅरियर संबंधी जानकारी प्रदान करेगा एप

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने डिजिटल इंडिया पहल के एक हिस्से के रूप में वायु सेना मुख्यालय 'वायु भवन' में मोबाइल एप 'माय आईएएफ' का शुभारम्भ किया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डीएसी) के सहयोग से विकसित किया गया यह मोबाइल एप भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में शामिल होने के इच्छुक लोगों को कॅरियर संबंधी जानकारी और विवरण प्रदान करेगा।

एप का उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप आईएएफ में अधिकारियों और एयरमैन दोनों के लिए चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, वेतन और भत्तों आदि के विवरण के साथ उपयोगकर्ताओं के लिए एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। यह एप एंड्रॉइड फोन के लिए गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध है। यह आईएएफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और गेम से जुड़ा है। यह भारतीय वायु सेना के इतिहास और इसकी वीरता की कहानियों की झलक भी प्रदान करेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2021 के लिए नामांकन आमंत्रित

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों, व्यक्तियों और संस्थाओं से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2021 के लिए नामांकन आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की स्थापना देश के मेधावी बच्चों, व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए की गई थी। ये पुरस्कार दो श्रेणियों के अंतर्गत दिए जाते हैं- बाल शक्ति पुरस्कार और बाल कल्याण पुरस्कार। इन पुरस्कारों को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस से पहले के सप्ताह में राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में प्रदान किया जाता है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भी पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाता है। बाल शक्ति पुरस्कार के विजेता, नई दिल्ली के राजपथ पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में भी हिस्सा लेते हैं।

इसके विस्तृत दिशा-निर्देशों को पुरस्कारों के लिए विशेष पोर्टल या वेबसाइट www.nca-wcd.nic.in पर देखा जा सकता है। आवेदकों द्वारा जमा किए गए केवल ऑनलाइन आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि बाल शक्ति पुरस्कार का उद्देश्य नवाचार, शैक्षणिक, खेल, कला और संस्कृति, समाज सेवा और बहादुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य करने वाले बच्चों को मान्यता प्रदान करना है, वहीं बाल कल्याण पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने के लिए दिये जाते हैं, जिन्होंने बच्चों की सेवा करने के लिए बाल विकास, बाल संरक्षण और बाल कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

- **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15.09.2020 कर दिया गया है।**

डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिए 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिए जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिए उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिए कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कॅरियर की राहें

कोविड-19 के दौर में देश में फार्मेसी सेक्टर में कॅरियर के मौके छलांगें लगाकर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोरोना संकट के समय भारत का फार्मा उद्योग पूरी दुनिया के लिए एक संपत्ति की तरह दिखाई दिया है। लॉकडाउन के दो महीनों अप्रैल और मई 2020 में भारत ने अमेरिका, रूस, जर्मनी, इंग्लैंड और ब्राजील सहित दुनिया के 120 से अधिक देशों को हाइड्रोक्सी-क्लोरोक्वीन जैसी कई दवाइयों का निर्यात करके फार्मेसी के क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बनाई है।

भारत के फार्मेसी सेक्टर में बढ़ता विदेशी निवेश

कोविड-19 की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अफरा-तफरी है। चीन में

निवेश करने वाली कंपनियां इसके विकल्प की तलाश में हैं। ऐसे में सरकार देश में फार्मा सेक्टर की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससे विदेशी निवेश बढ़ सके।

उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण चीन में कार्यरत कई वैश्विक दवाई मेन्युफैक्चरिंग कंपनियाँ अपना काम चीन से बाहर स्थानांतरित कर रही हैं। ऐसे में सरकार के द्वारा वैश्विक फार्मा मेन्युफैक्चरिंग और निर्यातक कम्पनियों को भारत की ओर आकर्षित करने के लिए घोषित नई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम जैसी कई योजनाओं के कारण कई फार्मा कंपनियों ने भारत की ओर भी कदम बढ़ाए हैं। साथ ही केंद्र सरकार ने राज्यों के साथ साझेदारी में 3 मेगा बल्क ड्रग पार्क हेतु 3 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इन सबके कारण फार्मा सेक्टर में युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ गए हैं।

भारत में 40 बिलियन डॉलर से अधिक का है फार्मा उद्योग

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारतीय दवा उद्योग मात्रा के आधार पर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाज़ार है। एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में भारतीय फार्मा उद्योग का कारोबार करीब 40 बिलियन डॉलर से अधिक का है। विकासशील देशों के लिए दवाओं की लागत कम करने में भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत विश्व को सबसे अधिक जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराने वाला देश है।

फार्मा में कॅरियर के विभिन्न आयाम

गौरतलब है कि फार्मेसी दवाइयों से संबंधित ऐसा क्षेत्र है, जिसमें नई-नई दवाइयों के आविष्कार से लेकर उनकी गुणवत्ता, रखरखाव और मात्रा से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। यदि हम फार्मेसी में कॅरियर के विभिन्न क्षेत्रों की ओर देखें तो पाते हैं कि ये ड्रग मेन्युफैक्चरिंग, ड्रग रिसर्च, ड्रग मार्केटिंग, फार्माकोविजिलेंस, हॉस्पिटल फार्मेसी और रिसोर्स मैनेजमेंट आदि हैं। औषधि निर्माण का कार्य अत्यंत प्राचीनकाल से चला आ रहा है। यह कार्य प्रशिक्षित और कुशल व्यक्तियों द्वारा ही किया जा सकता है। इस कार्य की मांग हमेशा से बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि आधुनिक दवा उद्योग जिसका बड़ा हिस्सा एलोपैथिक दवाओं का है लगभग 100 वर्ष पुराना है। इस दवा उद्योग के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। भारत सरकार ने 1948 में निर्मित फार्मेसी कानून के तहत भारतीय फार्मेसी काउंसिल का गठन किया है, जो एक वैधानिक संस्था है। यह काउंसिल फार्मासिस्टों के प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम स्तर तय करती है जो पूरे देश में एक समान रूप से लागू होता है। फार्मेसी, स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें औषधि या दवा के आविष्कार, उत्पादन, विकास एवं वितरण संबंधी कार्यों की देखभाल की जाती है। इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति चिकित्सकों द्वारा सुझाई गई दवाएं लोगों को देते हैं। दवा, मरहम-पट्टी या स्वास्थ्य संबंधी सामग्रियों को बेचने का कार्य भी इन्हीं के जिम्मे होता है। अस्पतालों के अन्दर भी फार्मेसी वालों की भूमिका महत्वपूर्ण है। नुस्खे के आधार पर खास रोगों के लिए खास दवा तैयार करना, प्रत्येक रोगी को दी जा रही दवा-प्रणाली की निगरानी करना, दवा की उपलब्धता बनाए रखना, मेडिकल एवं फार्मेसी के इंटर्न, नर्स तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को दवा-संबंधी जानकारी देना इत्यादि कुछ विशिष्ट कार्य ऐसे हैं जो फार्मेसी क्षेत्र से जुड़ा व्यक्ति ही कर सकता है।

फार्मासिस्ट के रूप में कॅरियर

अब औषधीय कंपनियों को ऐसे विशेषज्ञ व्यावसायिकों की आवश्यकता है

जो वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों। एक कुशल फार्मासिस्ट को दवा बनाते समय यह जानकारी रखनी पड़ती है कि अमुक औषधि के निर्माण में क्या-क्या और कितनी-कितनी मात्रा मिलानी चाहिए। अस्पतालों में फार्मासिस्ट का काम डॉक्टर के निर्देशानुसार दवाएं तैयार कर मरीजों को देने का भी होता है। उसे मरीजों को यह भी समझाना होता है कि कौनसी दवा उपयोग करते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरती जानी चाहिए, दवा कब और कैसे ली जाए इत्यादि। दवा तथा दवा बनाने वाली सामग्रियों को किस प्रकार सुरक्षित रखा जा सकता है, यह भी एक फार्मासिस्ट का ही कार्य क्षेत्र होता है। यह भी उल्लेखनीय है दवाई की दुकान शुरू करने और उसे चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु फार्मेसी की डिग्री जरूरी है।

फार्मेसी मार्केटिंग में कॅरियर

वस्तुतः औषधीय विपणन कार्य उपभोक्ता वस्तुओं के विपणन से सर्वथा भिन्न प्रकृति का होता है। औषधीय क्षेत्र में विपणन का कार्य चिकित्सकों तथा केमिस्टों

के माध्यम से किया जाता है। अतः यह काम काफी चुनौतिपूर्ण है और इसमें विशेष कौशल तथा प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, क्योंकि एक तरफ उन्हें उच्च प्रशिक्षित चिकित्सकों से तथा दूसरी ओर दवा व्यापारियों से निरंतर संपर्क करना होता है। यह एक सतत व्यावसायिक क्षेत्र है तथा इस क्षेत्र में सदैव रोज़गार के अवसर उपलब्ध रहते हैं।

फार्मा इंस्पेक्टर के रूप में कॅरियर

दवाओं का न केवल प्रभावी होना अपेक्षित होता है बल्कि, यह सुरक्षित और गुणवत्ता आश्वासन से परिपूर्ण भी होनी चाहिए। सुरक्षा, गुणवत्ता तथा प्रभावोत्पादकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दवाइयों के निर्माण से बिक्री तक का संपूर्ण औषधीय परिदृश्य केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों के द्वारा लाइसेंसिंग और निरीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से विनियमित किया जाता है। आप औषधि निरीक्षक के रूप में सामान्यतः राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से कॅरियर बना सकते हैं।

फार्मा केमिस्ट के रूप में कॅरियर

विनिर्माण केमिस्ट के सक्रिय निर्देशन तथा व्यक्तिगत पर्यवेक्षण में दवाइयों का निर्माण किया जाता है। औषधियों के विनिर्माण कार्य की देखरेख से जुड़ा यह रोज़गार बहुत ही रोचक और जिम्मेदारीपूर्ण है। विनिर्माण केमिस्ट के लिए वर्क्स मैनेजर या फैक्टरी प्रबंधक जैसे सर्वोच्च पद पर पदोन्नति की संभावनाएं होती हैं।

क्वॉलिटी कंट्रोलर के रूप में कॅरियर

राष्ट्रीय या अन्य स्वीकृत औषध संग्रह में विनिर्दिष्ट मानदंडों के अनुरूप औषधीय

उत्पादों की गुणवत्ता हेतु उत्पादों के नमूनों की जांच का कार्य किया जाता है। औषधियों के विश्लेषण तथा अत्याधुनिक उपकरणों के संचालन में अभिरुचि रखने वालों के लिए इस क्षेत्र में अच्छे अवसर हैं।

गवर्मेंट फार्मेसी एनालिस्ट

विनिर्माण इकाइयों अथवा खुदरा औषधि भंडार से लिए गए नमूनों की सरकारी औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं में जांच की जाती है। स्नातक फार्मासिस्ट इन सरकारी प्रयोगशालाओं में सरकारी विश्लेषक के रूप में कार्य करते हैं। इन फार्मासिस्टों को सरकारी विश्लेषक या मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में दवाओं के परीक्षण से संबंधित प्रशिक्षण लेना आवश्यक होता है।

फार्माकोविजिलेंस में कॅरियर

दुनिया के तमाम देशों में नकली दवाओं तथा कम गुणवत्ता वाली दवाओं का

कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि नकली दवाओं तथा कम गुणवत्ता वाली दवाओं का खतरा सबसे ज्यादा विकासशील देशों में है जहां दवाओं के कारोबार पर नियम-कानून का पहरा बहुत मामूली है या है ही नहीं। नकली दवाओं तथा कम गुणवत्ता वाली दवाओं को बाजार में आने से रोकने तथा दवाओं के नियमन से जुड़ा फार्माकोविजिलेंस इस समय एक उभरता हुआ कॅरियर क्षेत्र बन गया है। उल्लेखनीय है कि फार्माकोविजिलेंस के अंतर्गत दवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाता है। नकली दवाओं की पहचान करना, मरीजों पर पड़ रहे दवाओं के असर को पहचानना, उसको मापना, उसकी पुष्टि करना, दवाओं की उपलब्धता, उसका विपणन, प्रयोग, दवाओं का नियमन आदि फार्माकोविजिलेंस के अंतर्गत आते हैं।

आज के समय में नकली दवाओं के साथ ही दवाइयों की क्वॉलिटी भी एक बहुत बड़ा इश्यू है। लोगों में अवेयरनेस की कमी और सुस्त सिस्टम होने के कारण बीमारी होने पर हमें कभी कभार ऐसी दवाइयां लेनी पड़ती हैं जो इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर खरी नहीं उतरती हैं। इन कमियों को दूर करने के लिए सरकार के साथ- साथ दवा कंपनियां भी कई रेग्युलेटर्स का इस्तेमाल करती हैं। जो दवा के इफेक्ट्स को ऑब्जर्व करने में एक्सपर्ट होते हैं और उसके बेसिस पर कंपनियों को फीडबैक देते हैं। ऐसे एक्सपर्ट्स को हम फार्माकोविजिलेंटर्स के नाम से भी जानते हैं।

इस क्षेत्र में कॅरियर के लिए जरूरी स्किल्स

निसंदेह फार्मेसी सेक्टर में कॅरियर के अच्छे मौके हैं और ये मौके कोविड-19 के बाद और तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दिए हैं। जो स्टूडेंट्स फार्मेसी के विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए विशेष स्किल्स जरूरी हैं। वे लाइफ साइंस व फार्मेसी के प्रति गहरी रुचि रखते हों। फार्मेसी से जुड़े रिसर्च के क्षेत्र में काम करने के लिए उनकी अच्छी शैक्षणिक पृष्ठभूमि के साथ विश्लेषण क्षमता बेहतर होना जरूरी है, फार्मेसी मार्केटिंग क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर होनी जरूरी है।

जरूरी शैक्षणिक योग्यताएं

निश्चित रूप से फार्मेसी की अच्छी डिग्री और फार्मा सेक्टर में दक्षता के बाद

देश ही नहीं, दुनियाभर में कॅरियर बनाया जा सकता है। फार्मेसी में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट के द्वारा 10वीं के बाद बायोलॉजी, फिजिक्स, केमेस्ट्री ग्रुप या मैथ्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री ग्रुप लिया जाना चाहिए। इसके बाद दो वर्ष का फार्मेसी में डिप्लोमा (डी फार्मा) या फिर चार वर्ष का बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी फार्मा) किया जा सकता है। इसके बाद दो वर्ष का मास्टर इन फार्मेसी (एम फार्मा) किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न फार्मेसी से सम्बद्ध शैक्षणिक संस्थाओं में फार्मेसी में डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन के कोर्स उपलब्ध हैं। उपयुक्तता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थान का चयन करके फार्मेसी के क्षेत्र में कॅरियर की राहों पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।